फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 19 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -54, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन 16

नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

आज बिरज में होरी रे...

बरसाना में सोमवार को लठमार होली का लाखों लोगों ने आनंद लिया। नंदगांव के हुरियार बरसाने की गोपियों के साथ होली खेलने पहुंचे तो उनका स्वागत ठंडाई, भांग आदि से किया गया। हुरियारों ने गोपियों पर रंग-गुलाल डाले और ठिठोली शुरू की तो गोपियों ने लाठियों से प्रतिकार किया। हंसी-ठिठोली के बीच घंटों चली इस होली में रसिया गायन पर दूर-दूर से आए लोग थिरक उठे।

पीएसी के दो पूर्व आरक्षियों को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- विशेष अदालत ने दोषियों पर 50 50 हजार का जुर्माना भी लगाया
- 15 मार्च को दोषी करार देने के बाद कोर्ट ने सुरक्षित रखा था निर्णय

रामपुर तिराहा कांड

मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने करीब 30 वर्ष पहले उत्तराखंड को अलग राज्य बनाये जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में सोमवार को पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने दोनों को सामूहिक दुष्कर्म समेत भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया था। रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी, जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने 15 मार्च को ही आरोपियों को दोषी करार दिया था और सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा था। सिंह के अनुसार इस मामले में सीबीआई ने 15 गवाहों को पेश किया है, जिनमें एक 75 वर्षीय पीड़ित महिला, एक पूर्व गृह सचिव दीप्ति विलास भी शामिल हैं। फैसला देते हुए अपर जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह ने लिखा कि महिला आंदोलनकारी के साथ बर्बरता और अमानवीय व्यवहार किया गया है। यह अपराध पूरी मानवता को शर्मसार कर देने वाला है।

दो अक्टूबर 1994 को हुई थी घटना

दो अक्टूबर 1994 को अलग उत्तराखंड राज्य की मांग के समर्थन में आंदोलनकारी बसों से ऋषिकेश से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान आंदोलनकारी रात को जब मुजफ्फरनगर जिले के रामपुर तिराहा पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जब आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने गोलीबारी की। उस दौरान उत्तराखंड के सात कार्यकर्ताओं की मौत हो गयी तथा महिला कार्यकर्ताओं के साथ बलात्कार किया गया। इस मामले में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों पर गंभीर धाराओं के साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था।

एक नजर

प्रभा वर्मा को 2023 का सरस्वती सम्मान

नई दिल्ली। प्रख्यात साहित्यकार प्रभा वर्मा को उनकी मलयाली काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' के लिए 2023 का प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान प्रदान किया जाएगा। सम्मान प्रदान करने वाली संस्था केके. बिड़ला फाउंडेशन ने सोमवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके. सीकरी की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन परिषद ने 'रौद्र सात्विकम्' का चयन किया। यह सम्मान प्रतिवर्ष किसी भारतीय नागरिक की ऐसी उत्कृष्ट साहित्यिक कृति को दिया जाता है, जो भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित किसी भी भारतीय भाषा में सम्मान वर्ष से ठीक पहले की 10 वर्ष की अवधि में प्रकाशित हुई हो। सम्मान के तहत 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाता है।

ईमेल खाता ब्लॉक करने पर गूगल को नोटिस भेजा

अहमदाबाद। गूगल ड्राइव पर बचपन की एक निर्वस्त्र तस्वीर अपलोड करना एक व्यक्ति को इतना भारी पड़ा कि वह एक साल से अपने ईमेल खाते को खोल नहीं सका है और उसे आखिरकार गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से बाल शोषण के लिए याचिकाकर्ता के ईमेल खाते को ब्लॉक करने को लेकर गूगल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को एक नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता ने गूगल ड्राइव पर अपनी एक तस्वीर अपलोड की थी जिसमें उसकी दादी उसे नहलाते हुए दिख रही हैं। यह तस्वीर तब की है जब वह दो साल का था। न्यायमूर्ति वैभवी डी नानावती की अदालत ने 15 मार्च को गूगल, केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर उनसे 26 मार्च तक जवाब देने को कहा है।

अंतरराज्यीय एटीएम डकैत मुस्ताक गिरफ्तार

अलवर। राजस्थान सहित अनेक राज्यों में एटीएम लूट और डकैती आदि के करीब आधा दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी मुस्ताक उर्फ कन्नड़ मेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वांछित आरोपियों की धर पकड़ अभियान के अंतर्गत मुस्ताक उर्फ कन्नड़ (26) को उसके गांव करोली जागीर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाना चंदवाजी जिला जयपुर ग्रामीण के 21 लाख रुपये कि एटीएम डकैती के प्रकरण में वांछित है।

तेलंगाना की राज्यपाल ने दिया इस्तीफा

हैदराबाद/पुडुचेरी। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजभवन ने सोमवार को यह जानकारी दी। सौंदरराजन पुडुचेरी के उपराज्यपाल का पद भी संभाल रही थीं। उन्होंने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेज दिया है।

उप्र समेत 6 राज्यों के गृह सचिव और बंगाल के डीजीपी हटाए गए

आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग ने की पहली बड़ी कार्रवाई

- विवेक सहाय बनाए गए पश्चिम बंगाल के नए पुलिस महानिदेशक

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: आचार संहिता लागू होने के बाद सोमवार को निर्वाचन आयोग ने 8 राज्यों पर कड़ी कार्रवाई की है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर आयोग ने सोमवार को एक बैठक बुलाई थी जिसके तत्काल बाद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, हिमाचल, झारखंड एवं बिहार के गृह सचिवों को हटा दिया गया। पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र एवं मिजोरम के एक-एक आईएएस अधिकारी को भी हटाया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को विवेक सहाय को राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है।

1989 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार उस समय चर्चा में आए थे जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके समर्थन में धरना दिया था। सहाय के विरुद्ध प्राप्त शिकायत में आयोग ने पाया है कि वह आईजी के पद पर रहते हुए डीजीपी के पद की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। उत्तर प्रदेश में 1995 बैच के आईएएस अधिकारी संजय प्रसाद के पास इस समय प्रमुख सचिव गृह के अलावा प्रमुख सचिव सूचना एवं कुछ अन्य जिम्मेदारियां भी थीं। उत्तराखंड में शैलेश बगौली के पास भी गृह सचिव के अलावा अन्य विभाग भी थे। गुजरात में पंकज जोशी मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव हैं। उनके पास गृह सचिव की भी जिम्मेदारी थी। उनकी जगह एके राकेश को गृह सचिव बनाया गया है। बिहार में एस.सिद्धार्थ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधान सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव भी हैं। उन्हें भी गृह सचिव पद से हटा दिया गया है। झारखंड में अरवा राजकमल के पास गृह सचिव के अलावा मुख्यमंत्री के सचिव व तीन अतिरिक्त पदों की जिम्मेदारी थी। हिमाचल में अभिषेक जैन मुख्यमंत्री के भी सचिव थे। महाराष्ट्र में इकबाल सिंह चहल को मुंबई नगर निगम के आयुक्त पद से हटा दिया गया है।

आम जनता भी कर सकती है शिकायत : राजीव कुमार

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि यदि देश भर में कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन होता है तो आम जनता भी उसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर सकती है। शिकायत मिलने के डेढ़ घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। कुमार के मुताबिक निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए आयोग ने आम जनता को भी हिस्सेदार बनाया है और एक ऐप विकसित किया गया है। जिसकी जानकारी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से ली जा सकती है। शिकायतों के निपटारे के लिए निर्वाचन आयोग एवं राज्यों में कंट्रोल रूम खोला गया है।

प्रमुख सचिव गृह के बाद निशाने पर कई शीर्ष अधिकारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री के सबसे करीबी शीर्ष अधिकारी प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद पर चुनाव आयोग की कार्रवाई से शासन समेत जिले तक के शीर्ष अधिकारी सतर्क हो गए हैं। प्रदेश के कई शीर्ष अधिकारियों की भूमिका पर विपक्ष ने चुनाव आयोग से शिकायत कर रखी है। सूत्रों के मुताबिक प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को हटाए जाने के बाद अफरशाही में हलचल मची हुई है। उनकी जगह कौन लेगा, इसके लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव से तीन नाम मांगे हैं। साथ ही यहां के पुलिस महानिदेशक को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। जिलों में तैनात कुछ अधिकारियों को लेकर भी शिकायतों पर जांच हो रही है। जल्द ही आयोग की टीम प्रदेश में दौरा करके मतदान से पहले निर्णय ले सकती है। प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि प्रमुख सचिव गृह को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग से उनके कार्यालय को कोई पत्र या सूचना नहीं आई है।

डूंगरपुर मामले में आजम खां को 7 साल की सजा, 8 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां को सात साल की सजा सुनाई है। इनके अलावा तीन अन्य दोषियों को पांच-पांच की साल सजा हुई है। अदालत ने तीनों पर साढ़े तीन लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां को दोषी करार दिया था। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के बीच आजम खां को सजा होने से समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

गंज थाना क्षेत्र में डूंगरपुर बस्ती को तीन फरवरी 2016 में खाली कराए जाने के आरोप में 2019 में 12 मामले दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों ने दर्ज कराए थे। इनमें से 25 जुलाई 2019 को एहतेशाम ने भी एक मामला दर्ज कराया था जिसमें 25,000 रुपये लूटने और मकान पर बुलडोजर चलवाने का आरोप लगाया था। आजम खां को आपराधिक षड़यंत्र रचने का आरोपी बनाया था। अन्य के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, धमकाने व डकैती के गंभीर आरोप लगाए थे। कुल सात लोग आरोपी थे। इस मामले में सपा के प्रदेश सचिव ओमेंद्र सिंह चौहान, जिबरान नासिर, फरमान नासिर साक्ष्यों के अभाव में बरी हो गए थे। सजा के फैसले के दौरान आजम खां सीतापुर जेल से वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये सुनवाई में शामिल हुए। अजहर खां, बरकत अली, आलेहसन खां की भी वीसी के जरिये कोर्ट में पेशी हुई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि आजम खां को सात साल की सजा, रिटायर्ड सीओ आलेसहन, बरकत अली और पूर्व पालिका चेयरमैन को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है।

- रिटायर्ड सीओ, ठेकेदार और पूर्व पालिकाध्यक्ष को पांच-पांच साल की सजा

इन धाराओं में हुई सजा

आजम खां को धारा 452 में सात साल की सजा, पांच लाख का जुर्माना, धारा 427 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना, 504 में दो साल की सजा एक लाख का जुर्माना, धारा 506 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना लगा है। आले हसन, बरकत अली और अजहर खां सहित प्रत्येक को धारा 452 में पांच साल की सजा, दो लाख का जुर्माना, धारा 427 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 504 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 506 एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना लगा है।

11 गवाहों ने दर्ज कराए बयान

डूंगरपुर के मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाहों ने बयान दर्ज कराए गए थे। जबकि इन 11 गवाहों में से सात गवाह सरकारी कर्मचारी थे। बाकी एक वादी और अन्य गवाह थे। मामले में आजम खां के खिलाफ 12 मार्च 2021 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी, जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट 6 अक्टूबर 2021 को दी गई थी।

सत्येंद्र जैन की बेल अर्जी खारिज तिहाड़ जेल लौटे

नई दिल्ली, एजेंसी

- 26 मई 2023 से मेडिकल आधार पर चल रहे थे जमानत पर

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन धनशोधन मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियमित जमानत याचिका खारिज किये जाने के कुछ ही घंटे बाद तिहाड़ जेल लौट आए। एक जेल अधिकारी ने कहा कि जैन शाम को तिहाड़ जेल पहुंचे। उन्हें जेल में रखने की औपचारिक प्रक्रिया जारी है। जैन जेल में आत्मसमर्पण करने के लिए शाम करीब छह बजे उत्तर पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार स्थित अपने आवास से निकले। शीर्ष अदालत ने जैन के वकील के उस मौखिक अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जनवरी को जैन की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने 26 मई, 2023 को जैन को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी और इसे कई बार बढ़ाया गया।

एसबीआई 21 तक दे चुनावी बॉण्ड से संबंधित जानकारियां : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने लगाई फटकार, मामले में चुनिंदा रवैया नहीं अपनाने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीसरी बार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को फटकार लगाते हुए उसे चुनिंदा रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा जिसमें विशिष्ट बॉण्ड संख्याएं भी शामिल हैं जिससे खरीददार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दल के बीच राजनीतिक संबंध का खुलासा होगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एसबीआई को बॉण्ड की सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करना होगा। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग एसबीआई से जानकारियां मिलने के बाद अपनी वेबसाइट पर तुरंत इन्हें अपलोड करे। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

ईडी के समक्ष पूछताछ को पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- जल बोर्ड मामले में दिए गए समन को बताया गैरकानूनी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने समन को गैरकानूनी बताया और केंद्र की भाजपा सरकार पर केजरीवाल को निशाना बनाने और उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने आरोप लगाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि समन अवैध है। भाजपा ईडी का इस्तेमाल करके लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ईडी के समन पर बार-बार पेश नहीं होकर अपना सम्मान गंवा दिया है और आरोप लगाया है कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में घोटाला हुआ है।

आपसी विवाद में सिपाही ने शिक्षक को सरकारी बंदूक से मारी गोली, मौत

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- बोर्ड की कापियां लेकर वाराणसी से गई थी शिक्षा विभाग की टीम
- मामला दर्ज कर मुजफ्फरनगर पुलिस कर रही मामले की जांच

वाराणसी से बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर मुजफ्फरनगर एसडी इंटर कॉलेज आए एक शिक्षक की पुलिस के एक मुख्य आरक्षी ने आपसी विवाद के बाद गोली मारकर हत्या कर दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने सोमवार को यहां बताया कि वाराणसी के शिक्षा विभाग की एक टीम पुलिस की सुरक्षा में मुजफ्फरनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित एसडी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आई थी। शिक्षा विभाग की टीम में शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार और दो चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शामिल थे।

कॉलेज का द्वार बंद होने के कारण टीम के सदस्य वाहन में ही बैठे हुए थे। उन्होंने बताया कि रविवार रात को कॉलेज के बाहर वाहन में सोते समय शिक्षक धर्मेंद्र और मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई तथा इसी दौरान चंद्र प्रकाश ने अपनी सरकारी बंदूक से धर्मेंद्र को गोली मार दी।

प्रजापत ने बताया कि गंभीर रूप से घायल शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिक्षक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने अटैच कीं पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की 12 संपत्तियां

- 31 करोड़ रुपए है अटैच संपत्तियों की कीमत

लखनऊ। मनी लांड्रिंग के आरोपों में घिरे पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 12 संपत्तियों को अटैच कर दिया जिसकी कुल कीमत पौने 31 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इनमें व्यावसायिक भूमि, रिहायशी मकान और खेत भी शामिल हैं। ईडी द्वारा एक्स पर शेयर की गई जानकारी में बताया गया कि लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा में गंगोत्री इंटरप्राइजेज के प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किया है। ईडी ने विनय शंकर तिवारी, उनकी पत्नी रीता तिवारी और अजीत पांडेय की संपत्तियों को मनी लांड्रिंग के आरोप में अटैच किया है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर दी जानकारी

लोस में 95 और विस में 40 लाख खर्च की सीमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख व विधानसभा के प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें यह जानकारी दी। इसके साथ ही, निर्वाचन आयोग के अन्य निर्देशों से भी अवगत कराया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्याशियों का 10 हजार से अधिक के सभी प्राप्ति व भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाना है। प्रत्येक प्रत्याशियों को अपने निर्वाचन व्यय का समुचित लेखा-जोखा रखना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा अधिसूचना जारी होने के सात दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग को स्टार प्रचारकों की सूची उपलब्ध कराई जानी है। स्टार प्रचारक के निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित रैली या बैठक करने पर चुनावी खर्च संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा। प्रत्याशी रिटर्निंग आफिसर से अनुमति प्राप्त कर वाहनों को चुनाव प्रचार में उपयोग कर सकेंगे। शपथ पत्र में प्रत्याशी को अपने सोशल मीडिया अकाउंट, ई-मेल आईडी आदि सूचनाओं की जानकारी देनी होगी। चुनाव प्रचार के लिए रैली, जुलूस व सार्वजनिक बैठकों के लिए संबंधित रिटर्निंग आफिसर से अनुमति लेनी होगी। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चुनाव परिणाम की घोषणा के 90 दिनों के भीतर अपने दल का निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित प्रारूप में भारत निर्वाचन आयोग के पास व अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना होगा।

आयोग के निर्देश

- 10 हजार से अधिक लेन-देन बैंक के माध्यम से
- निर्वाचन व्यय का समुचित रिकॉर्ड रखना होगा
- अधिसूचना के 7 दिनों में दें स्टार प्रचारकों की सूची
- प्रचार वाहन के लिए लें रिटर्निंग अफसर की मंजूरी
- सोशल मीडिया अकाउंट, मेल आईडी की दें सूचना

एक नजर

होली पर डॉक्टरों के अवकाश पर रोक

अमृत विचार, लखनऊ : होली त्योहार में चिकित्सकीय सेवाएं दुरुस्त रखने के लिए चिकित्सा संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में चिकित्सकों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। साथ ही इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे सक्रिय व पांच से 10 बेड अलग से आरक्षित रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं।स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देश जारी करते हुए सोमवार को कहा कि अस्पतालों की इमरजेंसी में चिकित्सकों की अतिरिक्त टीमें लगाई जाएं। किसी भी स्थिति में इलाज के लिए पहुंचे मरीज को निराश न होना पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि कि होली पर केमिकल वाले रंगों की वजह से आंख, त्वचा संबंधी समस्या ज्यादा आती है। इसलिए इन औषधियों की विशेष व्यवस्था की जाए।

स्टाफ नर्स का पदनाम बदला जाए

अमृत विचार, लखनऊ : चिकित्सा संस्थानों एवं मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत स्टाफ नर्स का पद नाम बदलने की मांग उठी है। विभिन्न संस्थान व स्वाशासी मेडिकल कॉलेज प्रशासन को ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन ने पत्र लिख कर स्टाफ नर्स का नाम बदलकर नर्सिंग ऑफिसर करने की मांग की है। ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने बताया की केंद्र सरकार ने 2016 में ही स्टाफ नर्स का नाम बदल नर्सिंग ऑफिसर कर दिया था। लेकिन अभी भी एसजीपीजीआई, आरएमएल, केजीएमयू, सैफई समेत 14 स्वाशासी मेडिकल कॉलेजो ने नाम नहीं बदला है। अगर जल्द ही नाम नही बदला गया था तो फेडरेशन इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री से गुहार लगायेगा।

जन प्रगति पार्टी ने तीन प्रत्याशी घोषित किए

अमृत विचार, लखनऊ : जन प्रगति पार्टी ने मोहनलालगंज से श्रीकांत, अमेठी से सुनील कुमार तिवारी और बाराबंकी से संगीता को लोक सभा प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने कहा कि पूरा विश्वास है कि हमारे प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में अच्छा परिणाम हासिल करेंगे।

साथी की हत्या से शिक्षकों में आक्रोश

लखनऊ सहित कई जनपदों में ठप हुआ यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य

जुबिली इंटर कॉलेज के बाहर विरोध-प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य छोड़ कर बाहर जातीं शिक्षकिाएं।

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: मुजफ्फरनगर में सिपाही द्वारा शिक्षक की गोली मारकर की गई हत्या के बाद सोमवार माध्यमिक शिक्षकों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। नाराज शिक्षकों ने यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने से इनकार दिया और केंद्र से बाहर निकलकर धरना प्रदर्शन किया। राजधानी के राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में राजकीय शिक्षक संघ की ओर से मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार का ऐलान हुआ इसी को देखते हुए शहर के पांचों के केंद्रों पर मूल्यांकन रोक दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने पहले समझाने का प्रयास किया लेकिन शिक्षक नहीं माने और प्रदर्शन जारी रखा। राजकीय जुबिली कॉलेज सहित राजकीय निशातगंज, राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर, राजकीय बालिका विद्यालय गोमती नगर और हुसैनाबाद इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य किया जा रहा था लेकिन सोमवार को विरोध के चलते कॉपी नहीं चेक हो पाई।

निदेशक ने सहायता के लिए शासन को भेजा पत्र : यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार के बीच शिक्षक के मौत के मामले में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से निदेशक डॉ. महेन्द्र देव सहित सभी अधिकारियों ने दुख जताया और घटना की निंदा भी की। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा मृतक शिक्षक के परिवार को तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शासन को पत्र भी भेजा गया है।

जिलों में भी दिखा बहिष्कार का असर: सोमवार को राजधानी के अलावा जिलों में भी मूल्यांकन के बहिष्कार का असर देखने को मिला। शिक्षकों ने अलग-अलग जिलों में जिलाधिकारियों को पत्र भेज कर शिक्षक के परिजनों को आर्थिक सहायत दिए जाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री शिक्षक नेता राजेन्द्र तिवारी ने घटना को स्तब्ध कारी बताया। कहा कि मृतक शिक्षक के परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता दी जाए।

शासन ने दिए 25 लाख: माध्यमिक शिक्षा विभाग की सिफारिश पर मृतक शिक्षक के परिजन को शासन द्वारा 25 लाख की सहायता राशि दी गई है।

प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्रा। अमृत विचार

अच्छे व्यवहार वाले पुलिस कर्मियों की हो तैनाती

लखनऊ : शिक्षक की मौत के बाद माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा. आरपी मिश्र प्रेस वार्ता कर अच्छे व्यवहार वाले पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग की। उन्होंने कहा कि मृतक परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का भुगतान किया जाय तथा उनके परिजन को राजकीय सेवा में लेते हुए मृतक के सेवाकाल तक पूर्ण वेतन का भुगतान एवं अन्य देय सुविधाएं भी दी जाये। डॉ. मिश्रा ने बताया कि रात में मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश द्वारा नशे की हालत में तम्बाकू मांगे जाने का विरोध करने पर धर्मेन्द्र कुमार को सरकारी कारबाइन से गोली मार कर हत्या कर दी गयी। ये निंदनीय है।

- शासन से मृतक आश्रित को नौकरी व 1 करोड़ की सहायता राशि देने की मांग

13 जनपदों में 34 मूल्यांकन केंद्रों पर नहीं चेक हुईं कॉपियां

वहीं सचिव परिषद दिव्यकांत शुक्ला ने बताय कि प्रयागराज, शहाजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर, सीतापुर, लखीमपुर, कानपुर, हरदोई, रायबरेली, बनारस सहित कुल 13 जनपदों में मूल्यांकन कार्य प्रभावित हुआ है। सचिव ने कहा शिक्षक की इस तरह से हत्या हो जाना चौका देने वाली घटना है। लेकिन मूल्यांकन कार्य तो पूरा ही करना है ऐसे में सभी शिक्षकों से अपील की गई है कि कार्य न प्रभावित करें।

लोक सभा चुनाव से पहले अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा यूपी एसएसएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपी एसएसएफ) को राज्य सरकार अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से 23 करोड़ से ज्यादा की धनराशि को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

इस राशि से 31 मार्च तक की समयसीमा सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, सब मशीन गन, असॉल्ट राइफल समेत अन्य हथियार एवं साजो सामान की खरीद के लिए तय की गई है। स्वीकृत बजट से अगर कोई धनराशि बचती है तो उससे कोई अन्य उपकरण, सेवाएं क्रय नहीं की जा सकेंगी।

- हथियार और आवश्यक साजो सामान की खरीदारी के लिए 23 करोड़ रुपये स्वीकृत

पांच बटालियन सुरक्षा में तैनात

यूपीएसएसएफ का गठन सितंबर 2020 में प्रदेश के कोर्ट, प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए किया गया था। जून 2021 में यूपीएसएसएफ की पांच बटालियन गठित की गई थीं, जिनमें लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा व सहारनपुर की बटालियन शामिल हैं। यूपीएसएसएफ की प्रथम बटालियन लखनऊ में मेट्रो की सुरक्षा में भी तैनात है।

465 ऑटोमैटिक पिस्टल समेत अन्य हथियारों की होगी खरीद: जिन हथियारों और साजो सामान की खरीदारी की जानी है उनमें 465 ऑटोमैटिक पिस्टल, 1113 सब मशीन गन, 330 असॉल्ट राइफल, 500 बी आर जैकेट, 500 बी आर हेलमेट, 1714 पाली कार्बोनेट शील्ड और 2025 पाली कार्बोनेट लाठी शामिल हैं। निर्देशित किया गया है कि सभी हथियारों और साजो सामान गुणवत्तापूर्ण और उपयोगी होना चाहिए, जिससे की जवानों को कोई दिक्कत न हो।

सूचना आयुक्तों के कार्यों का हुआ आवंटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: नवनियुक्त सूचना आयुक्त के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है। सूचना आयुक्त गिरिजेश कुमार चौधरी को लखनऊ मंडल व सुधीर कुमार सिंह को बरेली मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य सूचना आयुक्त राजकुमार विश्वकर्मा ने इसको लेकर आदेश जारी किया है।

आदेश के अनुसार सुधीर कुमार सिंह को बरेली मंडल के साथ चित्रकूट मंडल के भी जिम्मेदारी दी गई। इसी तरह अन्य सूचना आयुक्तों में डा. दिलीप कुमार अग्निहोत्री को कानपुर और बस्ती मंडल का प्रभार सौंपा गया है। पद्म नारायण द्विवेदी को वाराणसी और सहारनपुर मंडल, स्वतंत्र प्रकाश को फैजाबाद और देवीपाटन मंडल व मोहम्मद नदीम को प्रयागराज और मिर्जापुर मंडल की जिम्मेदारी दी गई है।

- गिरिजेश कुमार चौधरी को लखनऊ मंडल व सुधीर कुमार सिंह को बरेली की जिम्मेदारी

सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह को गोरखपुर और झांसी मंडल, शकुंतला गौतम को मुरादाबाद और आजमगढ़ मंडल, राकेश कुमार को मेरठ मंडल व वीरेन्द्र प्रताप सिंह को आगरा और अलीगढ़ मंडल का प्रभार सौंपा गया है। मालूम हो कि पिछले दोनों इन सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है। राज्य सूचना आयोग मे लोगों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू हो गई है।

चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंथन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने लेकर पुलिस मुख्यालय में मंथन शुरू हो गया है। यूपी में चुनावों के दौरान कितनी फोर्स लगाई जाएगी। केंद्रीय फोर्स कितनी होगी, राज्य पुलिस कितनी होगी होगी, इसका लेखा-जोखा तैयार होना शुरू हो गया है। मंथन के बाद आयोग को मांगपत्र भेजा जाएगा। बताया जा रहा है कि इसी हफ्ते आयोग को सूचित कर दिया जाएगा कि यूपी में कितनी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की जरूरत है।

गौरतलब हो कि यूपी की पांच लोकसभा सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया कल से शुरू हो जाएगी। इसमें मुरादाबाद, रामपुर, सहारनपुर, कैराना, नगीना लोकसभा सीट शामिल है। बाकी सीटों के लिए नामांकन और मतदान की तिथियां भी निर्धारित हो चुकी है। ऐसी स्थित में चरणवद्ध तरीके से सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होनी है। अधिकारियों के मुताबिक कितनी फोर्स की मांग की गई है यह इसी हफ्ते स्पष्ट हो जाएगा। बैठकों में कई अन्य निर्णय भी लिए जाने हैं।

गर्मी आते ही शुरू हुआ बिजली संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में बिजली संकट का सिलसिला शुरू हो गया है। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न इलाकों में लोगों को बिजली की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। बिजली अभियंता आगामी गर्मी को लेकर मरम्मत कार्य के लिए बिजली बंद होने का तर्क दे रहे हैं। उनके अनुसार प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध है। गर्मी बढ़ने पर लोगों को निरंतर बिजली आपूर्ति हो सकेगी।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कुछ समय पहले प्रदेश में लोगों को समुचित बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने भी वितरण निगमों को समय पर मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बिजली आपूर्ति से जुड़े अधिकारियों को मरम्मत कार्य के दौरान कम से कम क्षेत्र व कम समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद रखने के निर्देश दिए गए थे।

- लाइनों की मरम्मत के नाम पर हो रही घंटों बिजली कटौती
- प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध: पावर कॉरपोरेशन

पर गर्मी शुरू होते ही राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न इलाकों में मरम्मत कार्य के नाम पर घंटों के लिए आपूर्ति बंद हो रही है। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कारपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में करीब 18000 मेगावाट बिजली की मांग हो रही है। मांग के अनुरूप प्रदेश में बिजली पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग 18187 मेगावाट व न्यूनतम मांग 12842 मेगावाट दर्ज हुई। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति से जुड़े अधिकारियों को बिजली मरम्मत कार्य के दौरान कम समय तक बिजली आपूर्ति बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

एक सप्ताह बाद भी मुरादाबाद के लिए नहीं शुरू हुई उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उड़ान योजना के तहत पांच जिलों के विमान सेवा शुरू होने की घोषणा तो हो गई मगर अभी तक मुरादाबाद के लिए फ्लाई बिग की एक भी उड़ान संचालित नहीं हो सकी है।

बता दें कि फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से दो मार्च से श्रावस्ती, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और चित्रकूट के लिए विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया था। मगर दो मार्च से उड़ानों का संचालन नहीं हो सका। दस मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टर्मिनल 3 का शुभारंभ हुआ। 11 मार्च से फ्लाइबिग एयरलाइंस ने विमान सेवाओं का संचालन शुरू किया। चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए सेवाएं शुरू की। इन चार जिलों में भी नियमित संचालन नहीं हो रहा है। जबकि मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान सेवा शुरू नहीं हो सकी है। मंगलवार को चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान उड़ान भरेंगे।

- सिर्फ चार जिलों के लिए उड़ान शुरू हुई, वो भी नियमित नहीं

दबिश के लिए बिहार और हरियाणा पहुंची एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सिपाही भर्ती पेपर लीक कांड के आरोपियों की तलाश के लिए एसटीएफ की एक टीम बिहार तो दूसरी हरियाणा पहुंच गई है। यहां तक की कई अधिकारी चंडीगढ़ में भी डेरा डाले हुए हैं। उधर, एसटीएफ की गिरफ्त में आए चारों आरोपियों को जल्द ही रिमांड पर लेने की तैयारी है, ताकि बाकी कड़ियों का खुलासा हो सके। जबकि दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल रवि पहल की तलाश के लिए एसटीएफ ने दिल्ली पुलिस से मदद मांगी है। सूत्रों के मुताबिक रवि पहल इस कांड का एक अन्य मास्टर माइंड है।

पेपर लीक प्रकरण

- चारों आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी
- हेड कांस्टेबल की तलाश के लिए दिल्ली पुलिस से मांगी मदद

खुलासे के लिए पहल का गिरफ्त में आना जरूरी है।

रविवार की देर रात एसटीएफ मध्य प्रदेश में छापेमारी कर रही थी, लेकिन वहां पर एसटीएफ को कुछ खास हाथ नहीं लगा। इस दौरान एक मजबूत लीड मिलने पर एसटीएफ सोमवार की सुबह बिहार रवाना हो गई। हालांकि, एक अन्य टीम हरियाणा और चंडीगढ़ में पहुंची हुई है। उधर, एसटीएफ की गिरफ्त में आए अभिषेक शुक्ला, डॉ. शुभम मंडल, शिवम गिरि सहित एक अन्य आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेने जा रही है। पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ करेगी। प्रकरण के मास्टर माइंड राजीव नयन को लेकर प्रयागराज से भी खुलासा हुआ है। प्रयागराज के जार्ज टाउन में राजीव नयन का कंसल्टेंसी कार्यालय संचालित था, जहां से एमबीबीएस, इंजीनियरिंग आदि में दाखिले के लिए रैकेट संचालित था। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक इस हफ्ते कई गिरफ्तारियां हो सकती हैं। सरकार का नजरें टेढ़ी हैं। गिरफ्तारी को लेकर शासन से भी लगातार अपडेट लिया जा रहा है।

बक्शी का तालाब आईटीआई की जल्द बदलेगी सूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जर्जर हो चुकी बक्शी के तालाब आईटीआई की सूरत जल्द बदलेगी। आईटीआई में चार नए शेड बनाए जाएंगे। शेड बनने के बाद छात्रों को धूप और बरसात से राहत मिलेगी।

बता दें कि बक्शी का तालाब आईटीआई में 368 छात्र अध्यनरत हैं। आईटीआई भवन काफी जर्जर हो गया है। साथ ही मशीनें में भी काफी पुरानी हो गई हैं। चार नए शेड बनने के बाद छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। शेड बनने का काम शुरू भी हो गया है। दूसरी ओर बक्शी का तालाब और गोरखपुर आईटीआई के साढ़े चार लाख रुपये की पुस्तकें भी खरीदी गई हैं। गोरखपुर आईटीआई में 90 छात्र हैं। मोहान रोड स्थित गोविंद वल्लभ पंत पालीटेक्निक के लिए दो लाख रुपये की पुस्तकें भेजी गई हैं।

- बीकेटी और गोरखपुर आईटीआई में साढ़े चार लाख रुपये की खरीदी गईं पुस्तकें

पालीटेक्निक में 120 छात्र अध्यनरत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों आईटीआई में जल्द ही नई मशीनें भी लगवाई जाएंगी। मशीनें लगवाने के लिए तीन कंपनियों से बात चल रही है।

मैनपुरी में चुनाव प्रभावित करने की कोशिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी ने कहा कि राज्य सरकार मैनपुरी में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। सपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा से मुलाकात कर उन्हें भारत निर्वाचन आयोग को संबोधित ज्ञापन सौंपा और अधिकारियों को हटाए जाने की मांग की।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर कहां कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी से जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल ललित भाटी व एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने इन अधिकारियों पर भाजपा एजेन्ट के रूप में काम करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में भाजपा नेताओं के इशारे पर मैनपुरी में अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार प्रथम की नियुक्ति पर भी आपत्ति की की गई है। कहा गया है कि मैनपुरी में हमेशा एक ही अपर पुलिस अधीक्षक की तैनाती रही है पर इस बार लोकसभा चुनाव प्रभावित करने की नीयत से अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति की गई है।

- सपा प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत

इलेक्टोरल बॉण्ड के नाम पर वसूली की गई: अखिलेश

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल किया है कि, भाजपा ने देश की जनता को धोखा क्यों दिया? साथ ही अखिलेश का आरोप है कि इलेक्टोरल बॉण्ड के नाम पर देश भर में वसूली की गई है। तमाम कम्पनियों को डरा धमकाकर इलेक्टोरल बॉण्ड खरीदवाया। चुनावी चंदे के नाम पर हजारों करोड़ रुपये वसूलना अनैतिक है। सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार के नए तरीके से खुद मालामाल होती रही।

भाजपा में शामिल हुई लालगंज की बसपा सांसद संगीता आजाद

बसपा सांसद संगीता व अधिवक्ता सीमा कुशवाहा को पुष्प गुच्छ भेंट करते भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आजमगढ़ जिले की लालगंज (सुरक्षित) लोकसभा सीट से बसपा सांसद संगीता आजाद समेत उनके पति पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन और दिल्ली की निर्भया कांड से चर्चा में आईं सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा कुशवाहा को दिल्ली में सोमवार को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। हालांकि पहली सूची में ही लालगंज से भाजपा ने नीलम सोनकर को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जबकि सपा ने पांचवीं बार दरोगा प्रसाद सरोज को प्रत्याशी बनाया है।

पिछले लोकसभा चुनाव में लालगंज सुरक्षित क्षेत्र से सपा-बसपा गठबंधन में संगीता आजाद बसपा प्रत्याशी थी। उन्होंने भाजपा की प्रत्याशी नीलम सोनकर को 1,61,597 मतों से हराया दूसरी बार सांसद बनने से रोक दिया था। संगीता को कुल 5,18,820 मत मिले जबकि भाजपा की नीलम सोनकर को 3,57,223 मत मिले। तीसरे स्थान पर सुभासपा के दिलीप कुमार 17,927 मत पाकर रहे। चौथे स्थान पर कांग्रेस के पंकज मोहन सोनकर को 17,700 मत मिला था।

- पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन और निर्भया कांड की चर्चित अधिवक्ता सीमा कुशवाहा भी हुईं शामिल
- राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे मौजूद

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में बसपा सांसद संगीता आजाद समेत उनके पति पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन और सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा कुशवाहा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसी के साथ चर्चा तेज हो गई है कि क्या भाजपा की दूसरी सूची में वह नीलम सोनकर की जगह भाजपा प्रत्याशी बन सकती हैं।

हालांकि बीते विधानसभा चुनाव में हारने के बाद से ही पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन बसपा से बागी हो गए थे। संघ की बैठकों में सांसद पत्नी संगीता आजाद के साथ शामिल होते रहे। पिछले छह महीने से दोनों के भाजपा में आने की अटकलें लगाई जा रही थीं। आजाद अरिमर्दन के पिता गांधी आजाद बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। उन्होंने कांशीराम के साथ मिलकर बसपा की स्थापना की थी।

कानून-व्यवस्था ध्वस्त, मुख्यमंत्री दें इस्तीफा : अजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा की प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए।

मुजफ्फरनगर में नशे में धुत सिपाही के शिक्षक की अपनी सरकारी कार्बाइन से हत्या प्रकरण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का डर पूरी तरह से खत्म हो चुका है। अपराधी तो अपराधी अब तो रक्षक ही हत्यारे बन चुके हैं। राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पूरी तरह से विफल हो चुकी है। चारों तरफ सिर्फ अव्यवस्था, अराजकता और अपराध का बोलबाला है। इस प्रदेश में शायद ही कोई दिन गुजरता है जब कोई बड़ी घटना न घटती हो।

लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। अमृत विचार

कई दलों के नेता कांग्रेस में शामिल

कई दलों के नेता सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। साथ ही, कई दलों ने कांग्रेस को समर्थन की घोषणा की। भारतीय लोकतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, भारतीय समाज दल युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एसपी पांडेय व आजाद समाज एकता पार्टी आंबेडकर आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महबूब अली अंसारी ने इंडिया गठबंधन को विजय बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पत्र सौंपकर अपना समर्थन दिया। इसी दौरान लखनऊ से अमित भारद्वाज व सरभजीत सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

बसपा पूंजीपतियों के धनबल से दूर है : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: चुनावी बॉण्ड से उठ रहे सवालों से बसपा प्रमुख मायावती ने खुद को जोड़ा है। सोमवार को एक्स पर उन्होंने कहा कि 'जहां सहारा, वहां इशारा', से बचने के लिए ही बसपा बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के धनबल से दूर है।

मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बाण्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताज़ा फैसला महत्वपूर्ण है। संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्रलोभन से बसपा दूर है। प्रदेश में चार बार सरकार में रहते हुए गरीबी व पिछड़ेपन को दूर करने के लिए ऐतिहासिक पहल किए, जबकि दूसरी पार्टियां अधिकतर स्वार्थ में ही लगी हैं। देश में हो रहे आमचुनाव में इन बातों का खास महत्व है। तभी बहुजन हितैषी सरकार देश में बनकर लोगों को जानलेवा महंगाई, बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन के लाचार जीवन से मुक्ति मिल पाएगी, वरना गरीबों की गरीबी व अमीरों की अमीरी लगातार बढ़ती जाएगी।

- चुनावी बॉण्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला महत्वपूर्ण

आठवां रोजा

शिया
सहरी : 4:29 बजे
इफ्तार : 6 :27 बजे

सुन्नी
सहरी : 4 :53 बजे
इफ्तार : 6 :16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

एम फैक्टर ने बढ़ाई सियासी दलों की धड़कन

कांग्रेस और सपा दोनों ही पार्टियों को मुस्लिम वोटबैंक से साझा उम्मीदें, भाजपा को लाभार्थीजन फैक्टर पर विश्वास

लोकसभा चुनाव

- समाजवादियों के गढ़ में भाजपा लगा चुकी है सेंध
- सभी दलों की नजरें मुस्लिम मतदाताओं पर टिकीं

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : वैसे तो बाराबंकी जिला हमेशा से समाजवादियों का गढ़ रहा है। लेकिन बीते कुछ सालों में सपा के इस गढ़ में विरोधी दलों ने सेंधमारी कर अपनी गहरी पैठ बना ली है। लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही यहां अपने-अपने समीकरण साधने में जुटे दलों की नजर शांत बैठे एम फैक्टर यानी मुस्लिम मतदाताओं पर जा टिकी है। हालांकि भाजपा ने पहली सूची में निवर्तमान सांसद उपेंद्र रावत का नाम घोषित किया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो वायरल हो गया। उन्होंने इसे फर्जी बताते हुए निर्दोष साबित होने तक चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। इंडिया गठबंधन और बसपा ने भी अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

बाराबंकी सदर, जैदपुर, रामनगर, हैदरगढ़ और कुर्सी विधानसभा सीटों को अपने में समेटे करीब 19 लाख मतदाताओं वाली यह सुरक्षित लोकसभा सीट जातीय समीकरण के मामले में भी अहम है, क्योंकि ज्यादातर मौकों पर जीत-हार का दारोमदार 20 से 25 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं पर निर्भर रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में यह सीट इंडिया गठबंधन की सहयोगी कांग्रेस के खाते में जाने से यहां चुनाव की जंग और दिलचस्प हो गई है, क्योंकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों की साझा उम्मीदें इसी मुस्लिम वोटबैंक से ज्यादा हैं। हालांकि, पिछले चुनावों से लाभार्थीजन बड़ा फैक्टर बनकर उभरा है। ऐसे में भाजपा अपनी सरकार की योजनाओं के सहारे इस बार मुस्लिम वोटबैंक में सेंधमारी कर करिश्मे की उम्मीद लगाए है। उसका मानना है कि योगी और मोदी सरकार की ज्यादातर योजनाओं का लाभ मुस्लिम समाज को सबसे ज्यादा मिला है। ऐसे में यह वोटबैंक अपना दिल बड़ा करके उनके साथ जरूर आएगा।

भाजपा के लिए लाभार्थीजन फैक्टर अहम



राजनीतिक विश्लेषक अजय गुरुजी कहते हैं कि इस दफा लाभार्थीजन फैक्टर भाजपा के लिए काफी अहम साबित होने वाला है। जिले का करीब 50 फीसदी मुस्लिम मतदाता सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने के कारण भाजपा के पक्ष में आ सकता है। ऐसे में अगर यह वोटबैंक बंट गया तो भाजपा को फायदा होगा ही होगा। हालांकि अभी मुसलमान मतदाता खामोश है और वह यह जाहिर नहीं होने दे रहा कि उनका रुझान किस तरफ है। बीजेपी की यही कोशिश है कि मुस्लिम मतों में ज्यादा से ज्यादा बंटवारा हो जाए ताकि वह जीत जाए।

संभावित उम्मीदवारों के अपने-अपने दावे

बाराबंकी की सियासत को करीब से जानने वाले विनय सिंह का कहना है कि यहां पर मुस्लिमों के साथ कुर्मी, पासी और यादव बिरादरी के मतदाताओं की भी खासी तादाद है। इन्हें लेकर संभावित उम्मीदवारों के अपने-अपने दावे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया को अपने व्यवहार और पिता पूर्व राज्यसभा सांसद पीएल पुनिया के काम का फायदा मिल सकता है। लेकिन गठबंधन के सपा कार्यकर्ताओं की अभी तक की एकजुटता में कमी उनके लिए बड़ी चुनौती है।

गढ़ सपा का, फिर कांग्रेस को मौका क्यों

नाम न छापने की शर्त पर जिले की नगर पंचायत के एक चेयरमैन का तो यहां तक कहना है कि जब बाराबंकी सपा का गढ़ है तो सीट कांग्रेस के खाते में गई क्यों। हम लोग तनुज पुनिया को जीत दिलाकर अपना ही किला क्यों कमजोर करें। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के फैसले पर ही सवाल खड़ा कर दिया। उनका कहना है कि जिले में सपा के कमजोर होने का कारण कहीं न कहीं आलाकमान के गलत फैसले ही हैं। अगर इस बार सपा के किसी प्रत्याशी को मौका मिलता तो बाराबंकी लोकसभा सीट जरूर हमारे खाते में आती।

विभिन्न पार्टियों के जिलाध्यक्षों के अपने-अपने दावे

मुस्लिम समाज भी आज भाजपा के साथ खड़ा है

सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मुस्लिम समुदाय को भी मिला है। मोदी और योगी के नाम पर भाजपा को समाज के सभी वर्गों का वोट मिलेगा। मुस्लिम समाज भी आज भाजपा के साथ ही खड़ा है।

–**अरविंद मौर्या**, जिलाध्यक्ष, भाजपा

गठबंधन प्रत्याशी को सांसद बनाएगा मुस्लिम समाज

मुस्लिम समुदाय ने हमेशा से ही कांग्रेस पार्टी का साथ दिया है। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन होने के चलते पूरा भरोसा है कि मुस्लिम समाज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को बाराबंकी से सांसद बनाने में पूरा साथ देगा।

–**मो. मोहसिन**, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

पीडीए व गठबंधन के साथ है और रहेगा मुस्लिम समुदाय

भाजपा ने अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिमों को ठगा है। सीएए में सभी धर्म के लोगों को शामिल किया है। जबकि मुस्लिमों को इससे वंचित रखा गया है। मुस्लिम पीडीए और इंडिया गठबंधन के साथ था, है और रहेगा।

–**हाफिज अयाज**, जिलाध्यक्ष, सपा

एक नजर

20 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : चुनाव के मद्देनजर जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को सुबह पुलिस ने देवपुरा मजरे शहरी इस्लामपुर सुबेहा निवासी जितेन्द्र को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

शत-प्रतिशत मतदान करे किन्नर समाज: डीएम

जागरूकता गोष्ठी

- डीएम ने की मतदाताओं को जागरूक करने की अपील
- कलेक्ट्रट के लोकसभागार में आयोजित किया गया कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

किन्नर को सम्मानित करते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

अमृत विचार : जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में लोक सभागार कलेक्ट्रेट में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) द्वारा किन्नर समाज की मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें सम्मानित भी किया गया।

गोष्ठी में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से किन्नर समाज के लोग शामिल हुए। किन्नर समाज के लोगों से जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार तथा सीडीओ अ. सुदन ने अपील की कि किन्नर समुदाय लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करे तथा जिले के सभी गली मुहल्ले और ग्रामीण क्षेत्रों में टोली बनाकर महिला मतदाताओं से सम्पर्क कर मतदान के महापर्व में भागीदारी के लिए जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

गोष्ठी को उप जिलाधिकारी, एएसपी उत्तरी, डीआईओएस, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा उपस्थित अन्य अधिकारियों ने सम्बोधित किया। किन्नर समुदाय के जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए निर्वाचन प्रारूप-6 भराया गया। गोष्ठी के अन्त में जिलाधिकारी ने किन्नर समुदाय तथा अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई व उपस्थित किन्नर समुदाय को फूलों के पौधे देकर सम्मानित किया गया।

चुनाव के दौरान कितनी बेची शराब, देना होगा हिसाब

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

अमृत विचार : किसी भी चुनाव में वोट हासिल करने के लिए नोटों के साथ शराब बांटने की भी शिकायतें खूब होती हैं, ऐसे में निर्वाचन आयोग चुनाव के दौरान बिक्री पर पूरी निगरानी रखेगा। इसके लिए शराब की दुकानों से हुई बिक्री को पिछले साल व अन्य वर्षों में अप्रैल व मई माह में हुई बिक्री के अनुपात में देखा जाएगा। इस तरह शराब की दुकानों को बिक्री का पूरा हिसाब देना होगा। अनुपात में अगर पिछले सालों से ज्यादा शराब ब्रिकी होना मिला तो जांच कराई जाएगी।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई है। शराब की दुकानों पर जिले के अफसरों की निगाह है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि शराब की सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगा दिया गया है। चुनाव आयोग दो साल का तुलनात्मक डाटा मांगता है। इसमें 45 फीसदी से ज्यादा शराब बिक्री होने पर उसका संतोषजनक जवाब देना होगा। ऐसे में सभी शराब दुकानदारों को इसके लिए पहले ही सचेत कर दिया गया है। शराब की बिक्री मानकों के अधीन ही करनी होगी।

देशी शराब की 238 व भांग की 47 दुकानें

जिले में सबसे अधिक देशी शराब की 238 दुकानें हैं। बियर की 98, मॉडल शॉप की 8, भांग की 47 दुकानें और विदेशी शराब की 97 दुकानें संचालित हो रहीं हैं। आबकारी विभाग द्वारा सभी लाइसेंसधारकों को नियमों के अधीन ही बिक्री के लिए निर्देशित किया गया है।

दो स्थानों से रवाना की जाएंगी पोलिंग पार्टियां

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : पांचवें चरण में जिले में होने वाले चुनाव में पोलिंग पार्टियों को दो स्थानों से रवाना किया जाएगा। इसे लेकर जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने पूर्व में ही दोनों स्थानों का निरीक्षण किया था। इस बार चुनाव में आरक्षित सहित 13 हजार 600 कर्मचारियों को लगाया गया है। 20 मई को जिले में 2615 बूथों पर मतदान होना है। मतदान के लिए इतने ही पोलिंग पार्टियां बनाई गईं हैं। विधानसभावार बनी पोलिंग पार्टियां अब दो स्थानों से रवाना होंगी। शहर के जीआईसी मैदान से कुर्सी और हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र और नवीन मंडी स्थल से रामनगर, जैदपुर और बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को बूथों पर भेजा जाएगा। इन दोनों स्थानों पर एआरटीओ द्वारा अधिग्रहीत किए गए वाहनों को उपलब्ध कराया जाएगा। इन वाहनों से पार्टियां अपने-अपने बूथों पर 19 मई को पहुंचेंगी। मतदान के बाद सीलबंद ईवीएम नवीन मंडी स्थल पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला ने बताया कि अधिग्रहीत वाहनों को विधानसभावार तैयार कर लिया गया है। इनमें छोटे-बड़े वाहन शामिल हैं।

विधानसभावार वाहनों की संख्या

विस क्षेत्र	बस	मिनी बस	कुल अधिग्रहीत भारी वाहन
कुर्सी	93	6	99
रामनगर	82	6	88
बाराबंकी	88	5	93
जैदपुर (सु.)	90	6	96
हैदरगढ़ (सु.)	78	6	84
कुल	431	29	460

ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बच्ची की मौत

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

अमृत विचार : सोमवार को ट्रैक्टर ट्राली से दबकर एक चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला थाना लोनी कटरा अंतर्गत ग्राम जौरास का बताया जा रहा है। अरहान (4) पुत्र कासिम खेत की ओर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में एक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। थाना अध्यक्ष लोनी कटरा अंकित त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही ट्रैक्टर ट्राली की पहचान की जा रही है। वहीं ग्राम वासियों का आरोप है कि पुलिस को ट्रैक्टर ट्राली के बारे में जानकारी है, लेकिन फिर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

ई-रिक्शा पलटने से दो घायल : बाराबंकी। सोमवार को मवई की ओर से आ रहा एक ई-रिक्शा कल्याणी नदी के पास असंतुलित होकर पलट गया। दुर्घटना में रिक्शा चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला मुख्यालय रेफर कर दिया है। सफदरगंज के ग्राम दादरा निवासी मुजीब (40) दरियाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरा नगर गांव में अपने मामा मुनव्वर के यहां रहकर ई-रिक्शा चलाता है। सोमवार की सुबह वह अपने ई रिक्शा से मवई चौराहे से एक व्यक्ति को बिठाकर वापस भिटरिया आ रहा था। तभी उसका ई-रिक्शा कल्याणी नदी के निकट पुराने राजमार्ग पर असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में रिक्शा चालक के साथ ही उस पर बैठी सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक घायल

दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : दरियाबाद थाना क्षेत्र के मथुरानगर कोटे की दुकान पर राशन लेने के लिये पैदल जा रहे 30 वर्षीय युवक को ट्रैक्टर ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख़्मी हो गया। उसे तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरानगर पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम मिरकापुर निवासी दिलीप कुमार (30) पुत्र रामसेवक सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे कोटे की दुकान परर राशन लेने के लिए जा रहा था। अचानक उसे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दिलीप उसी स्थान पर घायल अवस्था में बेहोश होकर गिर गया। स्थानीय लोगों ने घायल को उठाकर सीएचसी मथुरानगर पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दिलीप को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने उसके परिजनों को हादसे की सूचना दी।

ताला तोड़कर दुकान में चोरी

निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : घुंघटेर थाना क्षेत्र के बाबागंज में स्थित एक दुकान का रविवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर कपड़े व कॉस्मेटिक के सामान पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बाबागंज चौराहे पर मस्जिद मार्केट में मुश्ताक की कपड़ों की दुकान है। मुश्ताक रोजाना की तरह शाम को दुकान बंद करके घर चले गए लेकिन सोमवार की सुबह जब दुकान खोलने के लिए आए तो देखा कि शटर का ताला टूटा पड़ा है। दुकान के अंदर पहुंचे तो सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा देखा। चोर दुकान के अंदर रखे साड़ी, पैंट टी-शर्ट समेत हजारों रुपए का सामान लेकर रफू चक्कर हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। जल्द ही चोरी का खुलासा होगा।

भाकियू का बेमियादी धरना शुरू

आक्रोश

- चकमार्ग को खाली कराये जाने की मांग

बनीकोडर, बाराबंकी

धरना देते भाकियू धर्मेंद्र गुट के पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र गुट के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा तहसील प्रशासन की कार्यशैली के विरोध में सोमवार से बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। जिलाध्यक्ष माया राम यादव ने बताया कि चकमार्ग को खाली कराए जाने के लिए बीती 13 मार्च को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें 17 मार्च तक चकमार्ग को खाली न कराए जाने पर 18 मार्च से धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी लेकिन तहसील प्रशासन द्वारा न नवीन परती की जमीन खाली कराई गई, न ही अवैध कब्जेदार के विरुद्ध कोई कार्यवाही ही की गई। उन्होंने बताया कि इसके कारण सोमवार से चकमार्ग के समीप ग्राम दिलोना में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया गया है। धरना देने वालों में प्रमुख रूप से पंकज, मंसाराम, इसराइल, इस्लाम, दयाराम, ननकऊ, निर्मल, इबरार, रामसमुझ, शांति, रीता देवी, नूरबानो व किसान यूनियन के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मिलीभगत | पिछले चार वर्ष में बिजली विभाग को लगायी तगड़ी चपत, ऊर्जा मंत्री से की गयी मामले की शिकायत

संविदाकर्मियों ने बड़े बकायेदारों का घटाया बिल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

हेराफेरी

- बिजली बिल कम करने के एवज में वसूली का आरोप
- राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा से भी की गयी शिकायत

अमृत विचार : 10 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक के बड़े बकायेदारों के बिजली बिल को कम दिखाकर संविदाकर्मियों ने पिछले चार सालों में विभाग को करोड़ों का चूना लगाया है। यहां तक कि एक उपभोक्ता के घर जाकर उसका बिल कम करने के एवज में उससे 15 हजार रुपये ऐंठ लिए जाने पर पीड़िता ने मामले की शिकायत ऑनलाइन ऊर्जा मंत्री से की है। इसके बाद बड़ा मामला उजागर हुआ है।

मामला विद्युत वितरण खंड फतेहपुर का है। आरोप है कि यहां पर तैनात रहे पूर्व अधिशाषी अभियंता राधेश्याम भास्कर, एसडीओ सर्वेश पाल के साथ संविदा ऑपरेटर नीतेश विश्वकर्मा व अभिषेक विश्वकर्मा व कई अन्य कर्मचारियों ने पिछले चार साल में 10 हजार से एक लाख रुपये तक बड़े बकायदारों के बिल कम करने के लिए उनसे वसूली कर सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया। बताते हैं कि यह संविदा ऑपरेटर पिछले आठ साल से यहां कार्यरत है। एक उपभोक्ता द्वारा राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा से की गई शिकायत में यह भी कहा गया है कि इन्हीं संविदा कर्मियों के माध्यम से अधिशाषी अभियंता उपखंड अधिकारी जब बिल घटाते हैं तो रुपये इन्हीं के जरिए लेनदेन होता है। उपभोक्ता ने आरोप लगाया कि अवर अभियंता संदीप यादव और टीजी टू अवधेश चौरसिया द्वारा वर्तमान में 50 हजार से अधिक के बकायदारों से रुपये लेकर बकाया संयोजन गायब करवा देते हैं। शिकायती पत्र मिलने पर राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने एमडी को इस मामले की जांच के निर्देश दिये हैं। बताते हैं कि अवधेश चौरसिया भी पिछले आठ सालों से यहां तैनात हैं।

> मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर कोई जांच आती है तो उसकी सत्यता देखी जाएगी। मामला सही मिलने पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।
>
> –**शंभूनाथ**, उप खंड अधिकारी, फतेहपुर

इन बकायदारों के घटाए गए बिजली बिल

नालापार दक्षिणी निवासी जेबा जमाल, शशिबाला सिंह काजीपुर, जिलाउद्दीन नालापार, शादाबा ब्रह्मनीटोला, सत्येंद्र वर्मा ब्लॉक चौराहा, अकील, राजा गुप्ता, एके गुप्ता, अवधेश मिश्रा, हसन, राजिया बेगम, अजीत कुमार, शंकरनाथ मिश्रा, विनोद कुमार, इरफान, वहाज, यासीन, रामसनेही आदि शामिल हैं। इसके अलावा बकायेदार संयोजनों को घटाकर जिन्हें नया बिल बनाकर दिया गया है इनमें जगजीवन जोशी, मुजीब, युनूस, कमलेश चंद्र, रामआधार, सोनी देवी, धुरमुन जोशी व अंबिका प्रसाद शामिल हैं।

किसान की पुत्री के नाम करायी एफडी

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : सड़क दुर्घटना में किसान की मौत के बाद मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत पांच लाख रुपए मां और उसकी पत्नी के संयुक्त खाते में आई थी। दोनों अपना बताकर निकलना चाह रहे थे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने दोनों की सहमति से किसान की पुत्री के नाम पांच लाख की एफडी करा दी है।

फतेहपुर के गौरा करौंदी निवासी अजय कुमार की 3 जुलाई 2021 को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत सरकार द्वारा पांच लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। रुपये मां बड़की और उसकी पत्नी सावित्री के ज्वाइंट खाते में आए थे। रुपए किसको मिलने चाहिए यह दोनों में सामंजस्य नहीं बन पा रहा था। दोनों एसडीएम के सामने पेश हुए। सास-बहू की सहमति बनी और किसान की छह वर्षीय पुत्री के नाम एसडीएम ने पांच लाख बैंक में एफडी करा दिये।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

एक नजर

मधुमक्खियों के हमले से युवक बेहोश

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : मधुमक्खी के हमले में बेहोश युवक को ग्रामवासियों ने सीएचसी में भर्ती कराया। साइकिल से फेरी कर गृहस्थी का सामान बेचने वाला पूरे घीसा में पहुंचा ही था कि मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। पूर्व उप प्रधान राजलाल वर्मा व पंचायत सदस्य ननकू वर्मा ने मधुमक्खियों को भगाने के लिए जुगत करने के बाद एंबुलेंस को फोन करने के अलावा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय वर्मा को सूचित किया। एंबुलेंस बेहोश युवक को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया। चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज वर्मा ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले में घायल मुबारक अली की हालत खतरे से बाहर है।

दो जुआरी धरे गये

बाराबंकी, अमृत विचार : सुबेहा पुलिस ने सोमवार को ग्राम पूरे नाजिर मजरे थलवारा निवासी मुकेश कुमार व पूरे लदई मजरे थलवारा निवासी चन्द्रनाथ को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से ताश की गड्डी व 1450 रुपये बरामद किये गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मनचला गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं पर छीटाकशी करने के आरोप में फतेहपुर एंटी रोमियो पुलिस टीम ने मोहद्दीपुर मजरे टांडा निजाम अली निवासी रामसनेही को गिरफ्तार किया है।

मांगों का सौंपा ज्ञापन

परसपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान क्रांति यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजन बाबू मिश्र की अगुवाई में सोमवार को विकासखंड परसपुर में संगठन की मासिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। खंड विकास अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि ब्लाक अंतर्गत खराब पड़े सरकारी नलों का ग्राम पंचायत वार सर्वे कराया जाए।

ट्रक के आगे फेंककर युवती की हत्या में आजीवन कारावास

दुष्कर्म के आरोपी को 7 साल की सजा के साथ जुर्माना लगाया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : सोमवार को न्यायालय ने सफदरगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर पट्टी निवासी दिलीप कुमार रावत को आजीवन कठोर कारावास व 20 हजार रुपये का जुर्माना तो टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम इचौली निवासी मोहम्मद मुन्नू उर्फ जावेद को 7 साल का कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। मामला करीब तीन साल पहले का है। अभियुक्त दिलीप कुमार रावत ने ज्योति को जान से मारने की नीयत से ट्रक के आगे धकेल दिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। ज्योति के पिता रामप्रसाद ने सफदरगंज थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, 11 जुलाई 2009 को अभियुक्त मुन्नू उर्फ जावेद के खिलाफ बेटी को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों मामलों में तत्कालीन विवेचकों ने साक्ष्य संकलन कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। सबूतों व गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दिलीप को आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये के जुर्माने जबकि मो. मुन्नू उर्फ जावेद को 7 साल व 10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

बैरिकेडिंग तोड़ कब्जा कर रहे आरोपियों पर केस दर्ज

सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार: क्षेत्र के चौकी इस्लामपुर में दूसरे की जमीन पर लगी बैरिकेडिंग दबंगों ने तोड़ दी और कब्जे का प्रयास किया। विरोध पर पीड़ित को पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तौकीर ने अरबीन से गांव में जमीन खरीदी थी। इस भूमि पर एसडीएम के आदेश पर पुलिस व राजस्व टीम ने तौकीर को जमीन पर कब्जा दिला दिया। नईम समेत आधा दर्जन दबंगों ने कब्जा करने की नीयत से बैरीकेड़िग के लगे खंभों को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया व लाठी - डंडे से तौकीर की पिटाई कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाना सुबेहा में नईम, तौसीर, रईस, सैफीन, नसरीन व तहसीन के विरुद्ध तहरीर दिया है। प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र सिंह ने बताया कि तौकीर को कब्जा दिलाया दिया गया था। छह लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

तोड़ी गई बैरिकेडिंग।

सार-संक्षेप

संतों के दर्शन करने से मिलती है मुक्ति

गायत्री शक्तिपीठ पर यज्ञ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : बिना सत्संग के विवेक जाग्रत नहीं होता और सत्संग तभी संभव है जब राम की कृपा होती है। ये बातें रामसनेहीघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के दौरान शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे टोली नायक रमेश चंद्र डेहरिया ने अपने उद्बोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि सत्संग की महिमा अपार है सत्संग का मतलब सत्य का संग। मनुष्य जब तक सत्य का आश्रय नहीं लेगा तब तक उसे भगवत कृपा नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि संतों के दर्शन से मुक्ति मिलती है इसलिए मनुष्य को सत्संग के साथ-साथ संतों का दर्शन अवश्य करना चाहिए। इससे पूर्व 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का संचालन करते हुए डेहरिया ने कहा कि अच्छे कर्म ही यज्ञ हैं। हवन कुंड में किए जाने वाले यज्ञ में दी जाने वाली आहुतियां जहां हमारे वातावरण को परिष्कृत करती हैं वहीं यज्ञ करने वाले मनुष्य में दान करने की प्रवृत्ति भी बढ़ती है। महायज्ञ से पूर्व ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग शिविर का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में गायत्री परिजन एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

अधनिवास जू महाराज की सुनाई कथा

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बा मसौली के भुलीगज में सतनामी ब्रम्हयज्ञ गुरुग्रंथ श्रीमद् अधनिवास महराज की पावन कथा व्यास पूर्णानन्द शरण दास ने सुनाई। इस कार्यक्रम में जगजीवन राम समेत तमाम भक्त मौजूद रहे।

सदकर्मों और दुष्कर्मों का निर्धारण करते हैं कर्म

हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार : कर्म हमारे सद्कर्मों और दुष्कर्मों के फलों का निर्धारण करते हैं। उक्त उद्गार नरौली गांव में पं.भवानीप्रसाद मिश्र के यहां चल रहे महापुराण श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने व्यक्त किये। भागवत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

चेयरमैन ने किया निरीक्षण

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने सोमवार को कस्बे में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों को देखा। निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री आदि का अवलोकन किया। संबंधित लोगों को मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री इस्तेमाल किए जाने और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य कराए जाने के साथ ही समय अवधि के अंदर कार्य पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यों में गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी। इस मौके पर सभासद इसरार अहमद, रियाज अहमद, दयाशंकर तिवारी, अशोक सिंह, बंटी ओझा आदि उपस्थित थे।

बच्चों का किया जाएगा सर्वांगीण विकास

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र के परिसर में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी, सीडीपीओ रंजना सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। शिक्षण संकुल अध्यापिका समर फातिमा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी ने कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चों का सर्वांगीण विकास चाहती है, उसी प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से विकासखंड के समस्त पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सकेगा।

हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम के दौरान बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। सलाउद्दीन, दिनेश, राजेंद्र त्रिपाठी, राम बदल, रोहित कुमार की देखरेख में विकास खंड के निपुण विद्यालयों के छात्रों को खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी और सीडीपीओ रंजना सिंह द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने किया।

मेराज बने सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव

हैदरगढ़, बाराबंकी : सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल अहमद कादरी ने मेराज अहमद को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है।

मेराज अहमद को समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर शमीम खान, राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा इंतखाब आलम नोमानी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा राजू सिंह गालिब, डब्बू जायसवाल, मुन्ना खान, नदीम, हाफिज फिरोज, अतीक कुरैशी सभासद कमाल अहमद व अन्य कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। सभी पदाधिकारियों ने मनोनयन पर मेराज अहमद को बधाई भी दी है।

दिन में तेज धूप के साथ बढ़ रहा गर्मी का कहर

बदलाव

▸▸ बदलने लगे मौसम के रंग, सज गईं शीतल पेय की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : मौसम के रंग बदलने लगे हैं। आने वाले दिनों में गर्मी का असर दिखने लगेगा। हालांकि, रात और सुबह के समय अभी भी थोड़ी ठंड महसूस की जा रही है। दिन में तेज धूप के साथ गर्मी का असर दिखने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुमान अनुसार, 20 मार्च तक मौसम ड्राई बना रहेगा। बदलते मौसम के बीच शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक सड़क के किनारे व मुख्य चौराहों पर शीतल पेय की दुकानें सज गई हैं।

शीतल पेय की दुकान पर पहुंचे लोग। अमृत विचार

ठंड अब लगभग जा चुकी है। लोगों के शरीर से स्वेटर, जैकेट व इनर की जगह अब हॉफ शर्ट, टी-शर्ट दिखने लगी हैं। इसे देखकर लगने लगा है कि मौसम बदल रहा है। लोगों को दिन में गर्मी महसूस होने लगी है। हालांकि, रात और सुबह के समय अभी भी थोड़ी ठंड महसूस होती है। अभी भी ठंडी हवा के साथ तापमान अनुकूल है। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। दिन में लोग गर्मी वाले कपड़े पहनने लगे हैं। तेज धूप खिलने से दिन गर्म होने लगे हैं। दूसरी ओर शाम होते-होते फिर से ठंड का अहसास होने लगता है। ऐसे में रात के समय अभी भी लोग ठंड महसूस कर रहे हैं। गर्मी को देखते हुए सड़कों के किनारे और चौराहों पर गन्ने की जूस की दुकानों सज गई हैं। इसके साथ ही कोल्ड ड्रिंक्स, लस्सी, ठंडे पानी की दुकानें खुल गई हैं। लोग तेज धूप में आने-जाने के दौरान शीतल पेय का सेवन कर रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, जिले में सोमवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

दुकानों से हटा सर्दी वाले कपड़ों का स्टॉक

गर्मी का मौसम आते ही दुकानों पर रखा सर्दी वाले कपड़ों का स्टॉक अब गोदामों में पहुंच चुका है। उसके स्थान पर गर्मी के कपड़ों का स्टॉक आ गया है। दुकानदार भी होली को देखते हुए गर्मी के दिनों में बिकने वाले कपड़ों की खेप मंगवा रहे हैं। लोग गर्मी के लिए होली पर ही खरीदारी कर रहे हैं।

प्रेमपूर्वक मनाएं होली का त्योहार, न हो कोई विवाद

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार: रंगों का त्योहार होली सभी लोग प्रेम पूर्वक मनाएं। रामनगर क्षेत्र की जो गंगा-जमुना तहजीब बनी है, उसे आगे भी बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उक्त बातें उपजिलाधिकारी रामनगर पवन कुमार ने रामनगर थाने में सोमवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में कहीं।

बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि होली और रमजान के बाद लोकतंत्र का महापर्व है। सभी लोग गांव के नेतृत्वकर्ता हैं, इसलिए लोगों को जागरुक कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करें। सीओ आलोक पाठक ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में परंपरागत तरीके से त्योहार बनाएं। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इसका भी ध्यान रखें। सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्ट न करें और न किसी पोस्ट को शेयर करें। अराजकतत्वों पर नजर रखें। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी, रविकांत पांडेय, चंद्रप्रकाश चौरसिया, तहसील बार के महामंत्री सुरेश शास्त्री, डॉ. सलीम अहमद, दयाशंकर, सभासद इसरार अहमद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिलाइन्स निपान लाइफ एन्श्योरेंश को लि. पालिसी संख्या 19798957 में रफीक अहमद पुत्र कुदरत अली दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली है। अतः मेरा सही नाम शफीक अहमद ही पढ़ा व समझा जाये।
शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली
पता– 438 गुल्लावीर रोड पानी टंकी सलारगंज, बहराइच

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD SHANU था अब मने बदलकर अपना नाम IMRAN HUSAIN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MRAN HUSAIN S/O: LAIQ HUSAIN, R/O: MEHNDI GANJ KARBALA, BAZAR KHALA, LUCKNOW

दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवां मल्लावाँ हरदोई

में आवश्यकता है

स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र –01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान –01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान –01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में–01 पद व परास्नातक हिन्दी –01 पद
योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।
आवेदन –
divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें
प्रबन्धक
श्री राकेश कुमार वर्मा
मो–9919486606

शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी

आवश्यकता है
प्रवक्ता पद हेतु
भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद
वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार
नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।
प्रबन्धक
प्रबीन कुमार सिंह
मो–9793367812

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम BASDEV PRAJAPATI था अब मैने बदलकर अपना नाम BASDEV रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। BASDEV S/O:HARIPAL R/O: CHANDIPUR KHURD, AMBEDKAR NAGAR

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मनोज कुमार यादव पुत्र विजय कुमार, निवासी–549/213/1, बड़ा बरहा, थाना आलमबाग, लखनऊ** मैने अपने पुत्र सुमन यादव जोकि अपराधिक प्रवृत्ति का है एवं मेरे कहने–सुनने में नहीं है वह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अमर्यादित व्यवहार करता रहता है, इसके कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा, मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

अदालती सूचना

जयराम द्वारा अधिकृत लाल सिंह
बनाम
श्री प्रमोद कुमार पांडे
निवासी मकान संख्या 435, नानकारी, कल्याणपुर लगातार मु. सं. 12024 मैथा तहसील कानपुर देहात न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अदालत में
प्रत्येक तारीखों में गैर हाजिर रहे हैं इस बाबत कई बार समन भी कोर्ट की ओर से भेजा गया लेकिन उपरोक्त प्रतिवादी हाजिर नहीं हुए। आपको ज्ञात करा दें मु. सं. 12024 मैथा तहसील कानपुर देहात न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अदालत में दिनांक 19/03/ 2024 दिन मंगलवार को आपकी पत्रावली जयराम बनाम प्रमोद कुमार पांडे विचाराधीन है। नियत तारीख पर आप प्रमोद कुमार पांडे पुत्र ऊदन उर्फ श्यामलाल पांडे समय 12 बजे उपस्थित हों।

साथ बैठकर दूर की जाएंगी तहसील स्तर की समस्याएं

रामनगर, बाराबंकी

लिया निर्णय

▸▸ नवागत तहसीलदार के साथ अधिवक्ताओं ने की बैठक

अमृत विचार : नवागत तहसीलदार महिमा मिश्रा के साथ अधिवक्ताओं का परिचय कार्यक्रम सोमवार को तहसील सभागार में हुआ। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी की अध्यक्षता में महामंत्री सुरेश कुमार त्रिपाठी ने सभी अधिवक्ताओं का उनसे परिचय कराया।

इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने नवागत तहसीलदार को तहसील में विवाद रहित प्रकरण, विरासत, दाखिल- खारिज आदि मूलभूत समस्याओं के बारे में अवगत कराया। नवागत तहसीलदार ने कहा कि हम सब मिल-बैठकर जो भी तहसील स्तर की समस्याएं हैं, उनका समाधान निकालेंगे और आप सभी का मान-सम्मान सदैव बरकरार रहेगा। बार व बेंच के समन्वय से ही कार्य होंगे। इस दौरान राम मोहन शुक्ला, अनिल दीक्षित, राकेश कांत मिश्रा, सतीश चंद्र शुक्ला, अरुण कुमार सिंह, जगदंबा सिंह, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, परमहंस मिश्र, गौरी शंकर तिवारी, मानसिंह, आनंद प्रताप सिंह, प्रदीप शुक्ला, संत कुमार उपाध्याय, बीडी खान, धर्मेंद्र शुक्ला, चेतन नारायण, योगेंद्र अवस्थी आदि मौजूद रहे।

दहेज के लिए महिला की पिटाई कर घर से भगाया

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : शादी के बाद पति व ससुराल वालों ने 5 लाख रुपये दहेज की मांग करते हुए महिला की बुरी तरह पिटाई कर घर से भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पति समेत आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध फतेहपुर कोतवाली में केस दर्ज हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमाबाद निवासी सुभाष चौहान की बेटी सीमा का विवाह 1 जनवरी 2023 को थाना मोहम्मदपुर खाला के ग्राम केसरीपुर निवासी राजेंद्र चौहान के पुत्र मनीष से हुआ था। सीमा ने बताया कि ससुराल वाले दहेज में सोने की चेन व 5 लाख रुपये की मांग कर प्रताड़ित कर रहे थे। 17 मार्च को पति, ससुर राजेंद्र, सास विद्यावती, जेठानी शारदा, नंद ममता व जेठ संजय आदि ने बेल्ट व डंडे से उसकी पिटाई की। जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पति समेत सभी आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भार वाहनों पर धड़ल्ले से ढो रहे सवारियां

दरियाबाद, बाराबंकी

अमृत विचार : माल ढोने वाले वाहनों का प्रयोग सवारियां ढोने में धड़ल्ले से किया जा रहा है। हाल ये है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कुछ अंकुश लगाने के बाद अब पिकअप पर बेहिसाब सवारियां लादकर जहां ट्रैफिक नियमों को तोड़ा जा रहा हैं, वहीं लोगों की जिंदगी भी खतरे में डाली जा रही है। परिवहन विभाग के अधिकारी इससे अंजान बने हुए हैं।

आए दिन हो रहे सड़क हादसों में कमी आए, इसके लिए सरकार निरंतर यातायात व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास कर रही है। जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सरकार के ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवारी ढोने पर रोक लगाए जाने के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है। सवारी वाहनों पर बेतरतीब ढंग से सवारियां ढोई जा रही हैं। क्षेत्र की सड़कों पर धड़ल्ले से भाड़ा ढोने वाले वाहनों पर सवारियां लादकर ले जाते कभी भी देखा जा सकता हैं। पिकअप व हॉफ डाला वाहनों पर दर्जनों लोगों को बैठाकर इनका इस्तेमाल सवारी वाहन की तरह किया जा रहा है। कुछ समय पूर्व ही ट्रैक्टर-ट्रॉली व पिकअप से कई हादसे भी हो चुके हैं जिनमें कई लोगों की मौतें हो चुकी है। पीटीओ उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि माल वाहनों से सवारियां ढोते मिलने पर कार्रवाई होगी।

सवारियां ढोता माल वाहन। अमृत विचार

काव्य गोष्ठी गंगा साहित्य सेवा की ओर से किया गया कार्यक्रम का आयोजन

कवियों ने अपनी रचनाओं से किया मुग्ध

मसौली, बाराबंकी

अमृत विचार : रचनाकार स्वयं अनुभूत सत्य को जितनी उत्कृष्टता के साथ अपनी रचना के रूप में व्यक्त करता है, रचना उतनी ही उत्कृष्ट होती है। उक्त उद्गार शिव गंगा साहित्य सेवा समिति मसौली की मासिक काव्य गोष्ठी में पधारे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ब्रजकिशोर पांडेय ने व्यक्त किए। अध्यक्षता ओजकवि ओपी वर्मा ओम ने की।

काव्य गोष्ठी में मौजूद साहित्यकार। अमृत विचार

इस मौके पर डॉ. अंबरीष अंबर, ब्रजकिशोर पांडेय, ओपी वर्मा ओम, प्रसिद्ध शिव कुमार व्यास, प्रदीप सारंग, अजय प्रधान को सम्मानित किया गया। डॉ.कुमार पुष्पेंद्र की वाणी वंदना से गोष्ठी शुरू हुई। नागेंद्र, सनत कुमार वर्मा, नीरज शुक्ल सकल, रणधीर सिंह, प्रदीप सारंग, अजय प्रधान, कुंदन सिंह, अवधराम, अमरजीत, राम मिलन, अभिनव, प्रशांत, रवींद्र नाथ, सुनील, धर्मेंद्र, डॉ.निरंकार, राजीव आदि ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर रामसरन तथा रमेश चंद्र, डॉ.जयदीप आदि मौजूद रहे। संचालन रवि अवस्थी ने किया।

गुरु, संत और गौ सेवा करने वाला कभी पराजित नहीं होता

गोंडा, अमृत विचार : धानेपुर के गौरीपुरवा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा के 5वें दिन सोमवार को कथा व्यास सुरेंद्र नाथ शास्त्री जी महाराज ने समुद्र मंथन और दानवीर राजा बलि की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि राजा बलि को दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने गुरु, संत और गौ सेवा का जो मंत्र दिया था, उसी पर चलकर राजा बलि ने तीनों लोकों पर विजय पाई। कथा व्यास ने कहा कि गुरु, संत और गौ सेवा करने वाला कभी पराजित नहीं हो सकता। कथा के दौरान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी भी सजाई गई, सोहर गीत गाए गए और महिलाओं ने नेछुर की रस्म पूरी की। इस पूरे मंचन को देख श्रद्धालु भाव-विभोर होकर ताली बजाते हुए निहारते रहे। इस दौरान मुख्य यजमान दंपति के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, रक्षाराम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दीपक यादव, करुणानिधि तिवारी, डॉ. बसंत वर्मा, गोपाल शरण शुक्ला, इंद्रकांत, दद्दन शुक्ला समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

आठवां रोजा

शिया
सहरी : 04.38 बजे
इफ्तार : 06.27 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

सड़क हादसों में दो की मौत, तीन लोग हुए घायल

लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर रात में हुईं दुर्घटनाएं, पुलिस कर रही जांच

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार: रविवार की रात लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर हुए हादसे में कार चालक की मौत हो गई। जबकि कार सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई हैं। उन्हे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा कोतवाली क्षेत्र के सांवापुर गांव के सामने हुआ है।

रविवार रात लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर सांवापुर गांव के सामने एक कार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे कार चालक अरविंद चौधरी पुत्र नन्हेलाल निवासी गांव पनारा गोपालपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी की मौके पर मौत हो गई। कार सवार शिल्पा दिवाकर और खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के काफी देर बाद डायल 112 की जीप पहुंची तब सभी को सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने कार चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल दोनों महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कार सवार प्रयागराज से लखनऊ जा रहे थे तभी किसी वाहन से उनकी आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

दुर्घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार व जांच करते पुलिसकर्मी।

डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार : रविवार की देर शाम राकेश कुमार यादव पुत्र शिवकुमार यादव निवासी जूसी, प्रयागराज बाइक से प्रयागराज जा रहा था। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर रेलवे ओवरब्रिज पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर दाहिनी तरफ डिवाइडर से टकरा गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया घटना का वीडियो हाईवे पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया जो वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल में भर्ती घायल।

महिला को डंपर ने कुचला, गई जान

मौके पर जुटी लोगों की भीड़। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के सेमरपहा गांव के निकट एक महिला की डंपर से कुचलकर मौत हो गई। महिला बख्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की कर्मचारी थी जो पैदल स्कूल जा रही थी। लालूमऊ निवासी महिला नीलम सिंह पत्नी राम लखन सिंह बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल काम पर जा रही थी, सेमरपहा बाजार के पास पीछे से आ रहे डंपर ने उसे ठोकर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पति राम लखन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक मौके से फरार हो गया। मामले की जांच की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

कोटेदार कर रहे घटतौली, हड़प रहे गरीबों का राशन

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार : तहसील के कोटेदार खाद्य सुरक्षा कानून लागू होने के बाद घटतौल करने का नया तरीका निकाल लिया है और गरीबों का राशन हड़प रहे है। खंड सेवा प्रमुख ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। ऊंचाहार के शहजादपुर गांव निवासी खंड सेवा प्रमुख शत्रुघ्न सिंह का आरोप है कि खाद्य सुरक्षा कानून लागू होने के बाद तहसील के कोटेदार इलेक्ट्रिक कांटा से घटतौली का नया तरीका निकाला है। कोटेदार किसी को टीना, किसी को बोरा द्वारा तौल कर सीधे राशन की लूट कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर जांच व कार्रवाई की मांग की है।

एक नजर

खनन में चार-ट्रैक्टर व जेसीबी पुलिस के हवाले

रायबरेली, अमृत विचार : शहर से सटे भदोखर थाना क्षेत्र में इन दिनों बड़े पैमाने पर अवैध खनन का खेल चल रहा है लेकिन स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं करती है। रविवार को सैदनपुर गांव में हो रहे खनन की जानकारी जिला खनन अधिकारी को हुई तो उन्होने गांव पहुंच कर मौके से चार ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक जेसीबी को कब्जे में लिया जबकि काम कर रहे श्रमिक फरार हो गए। देर रात होने वाले इस खेल में अचानक हुई कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। बता दें कि इन दिनों जिले में कई सड़कों व ब्रिज का निर्माण हो रहा है जिसमें मिट्टी भराई का काम होता है। इस संबंध में खनन अधिकारी उमाकांत ने बताया कि जहां भी अवैध खनन की जानकारी होती है कार्रवाई की जाती है।

श्रद्धांजलि दी

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार : क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार दादा चंद्र प्रकाश पांडे उर्फ बचुआ पांडेय के निधन पर पर व्यापार मंडल कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें दो मिनट का मौन रखकर सभी ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, सुशील शुक्ला, सीएमपीएस के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला, डा. ओपी सिंह, डा. एमडी सिंह, डा. विनय भदौरिया, राम प्रताप सिंह, डा. निरंजन राय, प्रो. अरुण कुमार सिंह, संजीव मिश्रा, रवि शंकर त्रिवेदी आदि, अवनेंद्र सिंह, मृत्युंजय बाजपेई, शिव प्रकाश पांडे, कौशलेंद्र सोनी, महेश सोनी, रणविजय सिंह, यतीन सिंह चौहान, अमरपाल सिंह, संतोष सिंह, अप्पू शर्मा, विजय शंकर मिश्रा, राजेश सिंह फौजी आदि मौजूद रहे।

युवक की हालत गंभीर

बछरावां, रायबरेली : थाना क्षेत्र के इचौली गांव का रहने वाला शिवा पुत्र विनोद कुमार ने सोमवार दोपहर किसी बात से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में भर्ती काया। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

भीख मांगकर पेट भरते दंपति देखभाल नहीं करते चार बेटे

दुर्दशा

- ऊंचाहार में भरण-पोषण और कल्याण का पहला मामला
- उपखंड मजिस्ट्रेट न्यायालय में दर्ज हुआ वाद

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार : क्षेत्र में भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम का पहला मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने चार पुत्रों के विरुद्ध उपखंड मजिस्ट्रेट न्यायालय में वाद दर्ज किया है।

मामला जगतपुर थाना क्षेत्र के गांव पूरे सेमान सिंह मजरे रामगढ़ टिकरिया का है। यहां के रहने वाले वृद्ध श्रीराम का कहना है कि वह अपनी वृद्ध पत्नी राजकुमारी के साथ अकेले रहते है। उनके चार पुत्र है। अपनी युवावस्था में उन्होंने अपना निजी व्यापार खड़ा किया था जिसे उनके पुत्रों ने ले लिया है। वह लोग उनकी कोई देखभाल नहीं करते और न ही खाना पानी देते हैं। वह पति-पत्नी भीख मांगकर किसी तरह जीवन यापन कर रहे हैं। बेटे उनकी संपत्ति पर काबिज हैं और उससे अच्छी आय अर्जित कर रहे है। इसके बावजूद वृद्ध दंपति दर-दर की ठोकरें खाने को विवश है। परेशान होकर वृद्ध ने सोमवार को तहसील के उपखंड मजिस्ट्रेट न्यायालय में भरण पोषण व कल्याण अधिनियम 2007 के तहत वाद दायर किया है।

मारपीट के मामले में 4 आरोपियों पर केस दर्ज

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार : घर के सामने पानी बंद करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। क्षेत्र के असनी गांव निवासी मोहम्मद शमी पुत्र मोहम्मद बली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया की पीड़ित अपने घर के सामने पानी डाल रहा था, तभी पानी पड़ोसी के घर पर चला गया। पड़ोसी तमसीद अली पुत्र अहमद अली, शामर बानो पत्नी अहमद अली, साबिर अली पुत्र हुसैन अली व शलीकुन निशा पत्नी साबिर अली ने गाली-गलौज करते हुए उसे पीटा। जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर 4 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

आत्मनिर्भर बनाने को रोटरी क्लब ने बांटी सिलाई मशीनें

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : रोटरी क्लब की ओर से महिलाओं और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीनों का निःशुल्क वितरण किया गया। रोटरी क्लब द्वारा पूरे मंडल में 274 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया।

रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने सिलाई मशीनों के लिए मंडलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महिलाओं और छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोटरी क्लब कृत संकल्पित है और रायबरेली में निरंतर कई दशकों से बहुत ही कम शुल्क पर सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण को संचालित कर रहा है, जिसका लाभ जिले के नागरिकों को लेना चाहिए। पूर्व सचिव संजय श्रीवास्तव ने बताया कि सिलाई मशीन के लिए इस वर्ष चार महिलाओं का चयन किया गया है, आगे और जरूरतमंद महिलाओं को मशीने प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीके वर्मा द्वारा की गई तथा संचालन पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा और रजनीश कपूर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कक्कड़, पूर्व अध्यक्ष राजीव भार्गव, सचिन मेहरोत्रा, वीएन गुप्ता, विकास दीक्षित, गोविंद खन्ना, करुण कंसल सहित अनेकों वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम से पूर्व समागम परिवार और रोटरी क्लब का संयुक्त होली कवि सम्मेलन भी संपन्न हुआ जिसका संचालन जय चक्रवर्ती द्वारा किया गया। इस मौके पर राम जयंती वर्मा, आनंद स्वरूप श्रीवास्तव, दुर्गा शंकर वर्मा, सूर्य प्रसाद शर्मा, किरन शुक्ला, अशोक मिश्रा, ठाकुर सिंह, गुलाब देवी, राका पांडेय, योगेन्द्र नाथ पांडेय ने होली पर आधारित काव्य पाठ भी प्रस्तुत किए।

महिला को सिलाई मशीन देते रोटरी क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

मुर्दे पर छेड़छाड़ की प्राथमिकी आरोपियों पर पुलिस का रहम

लापरवाही

- महिला यौन अपराधों में ऊंचाहार पुलिस के अजब-गजब कारनामे
- एसपी ने दिया सीओ को जांच करने का आदेश

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार : महिला यौन अपराधों में ऊंचाहार पुलिस के बड़े अजब-गजब कारनामे सामने आ रहे हैं। महिला से छेड़छाड़ मामले पुलिस दस साल पहले मर चुके व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कर लेती है, किंतु किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बिना किसी जांच के दो आरोपितों को बरी कर दिया जाता है। इस प्रकरण में एसपी ने सीओ डलमऊ को जांच सौपी है।

क्षेत्र के फूल की बाग गांव निवासी मृतक राजेंद्र के विरुद्ध पुलिस ने महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कर ली। मामले का खुलासा हुआ तो पुलिस अपना दामन बचाने के लिए तरह-तरह के तर्क बताने लगी। यह मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि सोमवार को एसपी के सामने ऊंचाहार पुलिस का एक नया कारनामा सामने आ गया। क्षेत्र के गांव मकवापुर निवासिनी एक किशोरी के साथ तीन लोगों ने शराब पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। इस मामले में पुलिस ने तहरीर बदलकर केवल एक आरोपित छोटू शिल्पकार निवासी ग्राम पिपरहा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पीड़िता की मां ने एसपी को बताया कि उसकी बेटी के साथ पिपरहा गांव के तीन लोगों के सामूहिक दुष्कर्म किया था जिसकी तहरीर उसने कोतवाली में दी थी लेकिन पुलिस ने पूरी तहरीर ही बदलवा दी। महिला की शिकायत पर एसपी ने सीओ डलमऊ को जांच कर रिपोर्ट मांगी है। सीओ अरुण कुमार नौहार का कहना है कि कोतवाली पुलिस चार के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

पानी टंकी निर्माण में घटिया ईंट लगाने से ग्रामीण खफा

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार : जल निगम द्वारा पानी के टंकी के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई है। आरोप है कि जल निगम द्वारा पानी टंकी के निर्माण में पीली ईट का प्रयोग किया जा रहा है। डीएम से जांच की मांग की है।

हर घर नल योजना के अंतर्गत जल निगम द्वारा विकासखंड डलमऊ के रायपुर टप्पा हवेली में पानी टंकी के निर्माण चल रहा है। किसान नेता सुशील यादव के साथ दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्राथमिक विद्यालय के बगल में पानी टंकी निर्माण में मानक के अनुरूप ईट का प्रयोग नहीं हो रहा है। विरोध पर फिलहाल ईंट का प्रयोग रोक दिया गया है। जल निगम के अधिशासी अभियंता शाफिकुर्रहमान ने बताया कि शिकायत पर जांच कराई गई, गलती से घटियां ईंट आ गई थी जिसे वापस करा दिया गया है। आगे भी लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

टंकी निर्माण में प्रयोग की जाने वाली ईंट।

सार-संक्षेप

प्रधान, बीडीसी सहित अन्य भाजपा में शामिल

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह का माला पहनाकर स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार : प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह और जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासवान ने लालगंज में एक समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों सहित अन्य को भाजपा में शामिल कराया। भाजपा मिलन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत करते हुए कहा कि आपका मिलना भाजपा परिवार को ताकत देगा। निश्चित रूप से इससे आपका भी विकास होगा। उन्होंने रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो विनम्रता के साथ क्षेत्र का विकास करेगा, उसी को जनता वोट देने वाली है। सेवा, सम्मान और विकास पर ही अब जनता वोट करेगी। जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासवान ने कहा कि पीएम मोदी की योजना हर घर-हर हाथ तक पहुंची है। योजनाएं समाज के अंतिम गरीब व्यक्ति तक पहुंच रही है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे ने कहा कि मोदी और योगी ही इस देश को विकसित देश बना सकते हैं। संचालन विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने किया। इस दौरान बच्चा पांडेय, आदित्य मिश्रा, राहुल अग्निहोत्री, प्रधान बच्चा सिंह, दुर्गा शरण पांडे, आशीष चौरसिया, रामसरोहन यादव, अनूप शर्मा, बबलू सिंह, पूती मिश्रा, पवन कुशवाहा, हीरालाल, कमलेश, राजकुमार कुशवाहा आदि रहे।

श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार : डीह ब्लॉक के अटावां गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन भारी भीड़ उमड़ी। कथा वाचक बद्री विशाल ओझा ने रुक्मिणी मंगल प्रसंग सुनाते हुए धर्म, गौ सेवा और राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत व्याख्यान सुनाया। कथा वाचक ने नारी के अबला, सबला व बला का विस्तृत वर्णन किया। यजमान रंजीत सिंह, सुशीला सिंह आदि ने आरती की, प्रसाद वितरण हुआ। विजय पांडेय, भीम सिंह, शिव शंकर सिंह, राम बरन, जयकरन सिंह आदि रहे।

दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार : श्री 1008 दिगंबर जैन मंदिर में सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। विधान के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीजी के समक्ष मंडल अर्घ्य चढ़ाए। साथ ही भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन के दूसरे दिन सुबह से बड़ी संख्या में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और विधान करने बड़ी भक्ति भाव से मंदिर पहुंच रहे हैं। इसके बाद शास्त्री के प्रवचन हुए। सिविल लाइन स्थित दिगंबर जैन मंदिर में 25 मार्च तक सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन के तत्वावधान में किया जा रहा है। अर्पिता जैन, प्रिया जैन, पूजा जैन, शारदा जैन, शकुंतला जैन, पूजा जैन, मनीषा जैन, इंदर जैन, सुभाष जैन, प्रदीप शर्मा, अजय, अरिहंत, राकेश, नितेश, अजय, सनी, संदीप जैन, अतुल आदि मौजूद रहे।

वंदेभारत ट्रेन पर पथराव से हड़कंप, अज्ञात पर केस

रायबरेली, अमृत विचार : गोरखपुर से प्रयागराज जा रही वंदेभारत ट्रेन पर सोमवार को अराजक तत्वों ने पत्थराव कर दिया। इससे हड़कंप मच गया। प्रकरण में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लखनऊ रेलखंड के हरचन्दपुर-कुंदनगंज रेल लाइन के पास अज्ञात हमलावरों ने गोरखपुर से प्रयागराज जा रही वंदे भारत ट्रेन पर पत्थराव कर दिया। वंदे भारत ट्रेन पर हमला होने से जिले मे हड़कंप मच गया। ट्रेन पर हमला करके अज्ञात हमलवार मौके से फरार हो गए। फिलहाल ट्रेन में कोई हताहत नही हुआ। सूचना पर पहुंची रेलवे व स्थानीय पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ट्रेन में पत्थरबाजी की सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर आलोक मौर्य पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की है। पुलिस बल के साथ पहुंची स्थानीय पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज देख रही है। वही ट्रेन में मौजूद टेक्निशियन स्टॉफ ने तहरीर दी है। इंस्पेक्टर आलोक ने बताया कि टेक्नीशियन की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घोड़ा दौड़ में मनोज ने मारी बाजी

घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता की शुरुआत कराते प्रधान धर्मराज। अमृत विचार

सरेनी, रायबरेली : क्षेत्र के दूलापुर नहर कोठी के निकट घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दूलापुर प्रधान धर्मराज ने झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कहा कि पुरानी और परंपरागत प्रतियोगिताओं का चलन बना रहना चाहिए। इस दौरान 11 राउंड की प्रतियोगिता हुई। इसमें मनोज लछईखेड़ा प्रथम स्थान प्राप्त किया। संजू सिंह दूलापुर द्वितीय, मुसऊ सिंह दूलापुर तृतीय प्राप्त किया। इस मौके पर संजू सिंह, अवधेश प्रताप सिंह, कमलेश बाजपेई, बबलू सिंह, प्रेम कुमार, राकेश बीडीसी प्रतिनिधि मदाखेड़ा, मुसऊ, कृष्णपाल सिंह, रामसजीवन आदि मौजूद रहे।

बेखौफ चोरों ने एक ही रात दो स्कूलों को बनाया निशाना

नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार : रविवार की रात नसीराबाद थाना क्षेत्र के दो स्कूलों में चोरी हुई। दो लाख से अधिक का सामान पार कर दिया गया। पहली घटना में जेएन पब्लिक स्कूल मऊ रोड में 17 मार्च की रात चोर कार्यालय की खिड़की की ग्रिल उखाड़कर अंदर घुसे और आलमारी में रखे करीब दो लाख रुपये ले गए। इससे पहले चोरों ने जेनरेटर रूम से चौकीदार का मोबाइल और 1500 रुपये पार कर दिए। वहीं से सब्बल, बड़ी कैंची आदि उठा लाए थे जिससे कार्यालय में तोड़फोड़ की। घटना की जानकारी विद्यालय प्रबंधक राम अवध वर्मा ने डायल 112 को सूचना दी। दूसरी घटना में चोरों ने जूनियर हाई स्कूल बरखुरदारपुर के किचेन का दरवाजा तोड़कर मिड-डे-मील का गैस सिलेंडर पार कर दिया। प्रधान अध्यापक फतेह बहादुर और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरविंद ने इसकी सूचना पुलिस के साथ खंड शिक्षा अधिकारी को दी है।

अमन को मिली अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ल के निर्देश पर जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय चक अहमदपुर में आहूत की गई। बैठक में जनपद कोषाध्यक्ष आशुतोष शुक्ला द्वारा अपने पद के दायित्व का निर्वहन करने में असमर्थता पर जिला कार्य समिति द्वारा कोषाध्यक्ष के पद का दायित्व यादवेंद्र प्रताप सिंह ब्लॉक अध्यक्ष डलमऊ को सौपा गया।

ब्लॉक अध्यक्ष बछरावां के पद का दायित्व युवा संघर्षशील, शिक्षक अमन शुक्ला को सौपा गया। इस अवसर पर अमन शुक्ला एवं यादवेद्र प्रताप सिंह दोनों के द्वारा जिला कार्य समिति द्वारा प्रदत्त नवीन जिम्मेदारी को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का आश्वासन अपने संबोधन में व्यक्त किया गया है। इस अवसर पर जिला मांडलिक मंत्री/जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा सभी को बधाई दी गई और अपने पद का दायित्व कार्य और गरिमा पर प्रकाश डालते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। जटाशंकर वाजपेई, वेद शुक्ल, संजय सिंह, नीरज हंस, सुधीर सिंह, सुधीर त्रिवेदी, योगेश सिंह, दुर्गेश मिश्रा, गौरव सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

अध्यक्ष पद पर मनोनीत अमन का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

समारोह विब्योर पब्लिक इंटर कॉलेज में हुआ वार्षिकोत्सव और वार्षिक परीक्षाफल वितरण, बेहतर अंक मिलने पर छात्रों को किया गया सम्मानित

बच्चों ने खेली ब्रज की होली, नृत्य और गायन से मोह लिया मन

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : विब्योर पब्लिक स्कूल इंटर कालेज चंदौली का वार्षिकोत्सव और वार्षिक परीक्षा फल समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं बेहतर अंक पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

इससे पहले वार्षिक उत्सव का शुभारंभ संरक्षक विमला वर्मा, प्रबंधक मुदित वर्मा, प्रधानाचार्य मथुरा प्रसाद वर्मा और पुष्पा श्रीवास्तव ने मां सरस्वती पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों ने ब्रज की होली प्रस्तुत किया, जिसे देखकर हर किसी ने प्रशंसा की। प्रगति पत्र वितरण समारोह में कक्षा नर्सरी के ललित मौर्या, अनिकेत, अंशिका सिंह, कक्षा एलकेजी के यथार्थ, तृषा, अपूर्व व जयश, यूकेजी में ओजस चौधरी, अभि, आकाश, कक्षा एक में वर्तिका, देव भदौरिया, अंशक, कक्षा दो में अंशिका, मान्या, आराध्या, कक्षा तीन में आदित्य पाल, सृष्टि और कृतज्ञ क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 में आराध्या, रशिका, प्रफुल्ल प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 अंग्रेजी माध्यम में प्रतिष्ठा, दिव्यांशी, साक्षी, छात्र वर्ग में अमन, ऋतिक, नमन, , कक्षा 11 हिंदी माध्यम सृष्टि, अंशिका, अक्षत और अंग्रेजी माध्यम में उन्नति, अविरल, आयुषी एवं शैव्यनाथ ओर आरुषि, शिवम प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

वर्तमान और पूर्व प्रधानों का सम्मान

समारोह में पूर्व प्रधान देदौर दिनेश सिंह, प्रधान नरौका जयशंकर, पूर्व प्रधान पुरवा पिंडौर अनिरूद्ध कुमार श्रीवास्तव, प्रधान रसूलपुर गुंडा दीपक, प्रधान रैली कल्यानपुर विद्याकांत त्रिवेदी, प्रधान नगदिलपुर रामूजी, प्रधान रेतीखुर्द दिनेश कुमार को सम्मानित किया गया।

छात्रवृत्ति परिणाम घोषित, मेधावी बच्चों के खिले चेहरे

कार्यक्रम में प्रभात कुमार छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कक्षा छह ओर नौ का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अब उन्हें आर्थिक संकट से नहीं जूझना पड़ेगा। विद्यालय की ओर से उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। इस मौके पर विद्यालय इंचार्ज अतुल श्रीवास्तव, रमेश कुमार पांडेय, सुरेंद्र श्रीवास्तव, अंकुर पटेल, आलोक सक्सेना, जीतेंद्र पांडेय, धर्मेश, रमनेश, राजेश सिंह, मैमूना बानो, दिव्या भदौरिया, दिव्या सिंह, शशि, किरण, राजनंदिनी, कुमुदिनी, ज्योति, अर्चना, रेनू, रोली, पूजा, वंदना, प्रवीण, अशोक, अभिनय, राजेश, अमरेंद्र आदि मौजूद रहे।

एक नजर

वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ऐहार टोल प्लाजा के पास पैदल जा रहे हीरालाल कोरी (70) निवासी पूरे तिवारी मजरे ऐहार को किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

सरकारी सुविधाओं की दी गई जानकारी

रायबरेली, अमृत विचार : दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए विकासखंड अमावां के ब्लॉक कार्यालय में अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक के रूप में मास्टर ट्रेनर अभय श्रीवास्तव ने दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों में एक सार्थक पैदा करने की बात की और दिव्यांग बच्चों को मिलने वाली विभिन्न सरकारी सुविधाओं से अवगत कराया। सारिक अनवर, सुरेश कुमार, आशीष चड्ढा, राम गोपाल आदि ने भी विचार रखे।

रूट डायवर्जन किया

रायबरेली, अमृत विचार : सड़क दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने और जाम से निजात दिलाने को लेकर यातायात प्रभारी ने नई व्यवस्था की है। लालगंज से उन्नाव जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के कारण लालगंज कस्बे में ज्यादा भीड़भाड़ रहती है, जिसकी वजह से जहां जाम की स्थिति आए दिन बनी रहती है। इसे देखते हुए व्यस्त समय सुबह 9 से 12 व शाम 7 से 9 बजे तक तक सभी भारी वाहनों को पानी टंकी से रेलवे क्रॉसिंग होते हुए कोरिहर, ढकिया चौराहा होते हुए डायवर्ट किया गया है। रायबरेली की ओर से आने वाले भारी वाहन मुराई बाग क्रॉसिंग से जगतपुर होते हुए शहर आएंगे।

सर्वर में जूझते रहे कोटेदार, कार्ड धारकों का हंगामा

विभागीय शिथिलता से दुकानों में अनाज वितरण प्रभावित, उदासीन बने बैठे हैं जिम्मेदार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : विभागीय शिथिलता के कारण गरीबों को उनके हिस्से का अनाज समय से नहीं मिल पा रहा है। होली का पर्व नजदीक है। हर कोई तैयारी में लगा हुआ है। वहीं जल्द अनाज मिल जाए इसके लिए सुबह ही लोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान पर पहुंच जाते हैं। लेकिन सर्वर नहीं आने के कारण दिनभर उन्हें इंतजार करना पड़ता है। सोमवार को भी कुछ ऐसा ही रहा। पूरे दिन कोटेदार सर्वर को लेकर जूझते रहे। वहीं कई जगह आक्रोशित राशनकार्डधारकों ने हंगाम भी किया। इसके बावजूद कुछ नहीं हुआ। इससे कार्ड धारक दिनभर परेशान रहे।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान पर लगी राशनकार्ड धारकों की भीड़।

जिले में 1144 राशन की दुकानें हैं। वहीं, नगर क्षेत्र में 54 दुकान कार्यरत हैं। सोमवार को राशन वितरण के लिए लगी ईपास मशीनों में सर्वर नहीं आने के कारण कोटेदार ही नहीं कार्डधारक भी परेशान रहे। कोटेदारों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं हुआ है। अकसर ऐसी समस्या बनी रहती है। कार्डधारक घेरे रहते हैं। सर्वर नहीं होने से उनका दबाव रहता है। जिम्मेदारों को कई बार कहा गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अधिकांश लोग सुबह आठ बजे ही आते हैं, लेकिन दोपहर 12 बज जाते हैं, सर्वर का पता नहीं रहता है। इससे जहां दुकानदार सर्वर नहीं आने के कारण परेशान रहते हैं। वहीं इस तरह की व्यवस्था से राशन की दुकानों पर कार्ड धारक और दुकानदार के बीच तू तू मैं मैं आम बात हो गई है।

कोटेदार संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार पाठक ने बताया कि कई बार इस ओर ध्यान दिलाया गया। आपूर्ति विभाग के कार्यालय में बताया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। सोमवार को अंदरून किला, बड़ा कुआं, बड़ा कुआं, खाली सहाट, राना नगर, बालापुर, रतापुर आदि जगहों पर दिनभर लोग इंतजार करते रहे। कोटेदार फरीदा बेगम, अब्दुल शरीफ राणा, दुर्गेश शुक्ला, श्याम नारायण, शंभू त्रिवेदी, रमेश कुमार आदि ने समस्या समाधान कराए जाने की मांग की है।

फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में संदिग्धावस्था में एक पेड़ पर किशोरी का शव फांसी से लटकता मिलने पर परिवारजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोमवार की सुबह किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रविवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के पूरे छंगा मजरे बारीगोहन्ना गांव निवासी संतलाल की पुत्री प्रीती का शव गांव से करीब 500 मीटर दूर नाले के किनारे आम के पेड़ से लटका मिला। गांव के ही एक युवक ने घटना की जानकारी परिजनो को दी। जिसके बाद आनन-फानन मौके पर पहुंचे परिजनों ने किशोरी को पेड़ से फंदा खोलकर नीचे उतारा लेकिन तब तक किशोरी की मौत हो गई थी। सोमवार की सुबह किशोरी के अंतिम संस्कार की तैयारी हो रही थी तभी पुलिस पहुंच गई। फारेंसिक टीम ने छानबीन शुरू कर दी है।

परिवार का हाथ बांटती थी

परिजनों के मुताबिक, अवसाद ग्रस्त किशोरी प्रीती के पिता संतलाल को गंभीर बीमारी है। दो वर्ष से वह चल नही पाते हैं। चारपाई पर ही लेटे रहते हैं। किशोरी अपनी मां के साथ मिलकर दूसरे के खेतों में मजदूरी करके छोटे भाई व बहन सहित परिवार के भरण पोषण में हाथ बंटाती थी।

जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल,निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण कार्यक्रम बचत भवन सभागार में किया गया। इस दौरान शामिल प्रशिक्षुओं को चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण में चार मजिस्ट्रेट अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में 177-बछरावां,179-हरचंदपुर और 180-रायबरेली के 10 जोनल और 84 सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने हिस्सा लिया। द्वितीय पाली में 181-सलोन, 182-सरेनी और 183-ऊंचाहार के 14 जोनल और 90 सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रथम पाली में एक और द्वितीय पाली में तीन प्रशिक्षु अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण उपाचार्य, क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान रायबरेली रघुराज के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को ईवीएम मशीन की बारीकियों और उसके संचालन की जानकारी दी गई। बताया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान से संबंधित सभी तैयारियां पहले से कर लेंगे। मतदान स्थलों पर मतदाताओं के आने-जाने के रास्तों की साफ सफाई और मरम्मत के साथ मतदान केंद्र पर शौचालय, पानी और शेड पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। उन्हें निर्देशित किया गया कि संबंधित तहसील और थाने से भी लगातार संपर्क में रहेंगे, जिससे कि निर्वाचन के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैलने पाए। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार भी मौजूद रहे।

बचत भवन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट

विस्फोट मामले में घायल की भी मौत

महराजगंज, रायबरेली

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ गांव में रविवार को हुए एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद एक किशोर की मौत हो गई थी। वही दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ था जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

पहरेमऊ गांव में लाल मोहम्मद की पटाखा फैक्ट्री है जिसमें वीरेंद्र कुमार काम करता था। रविवार को अचानक विस्फोट होने से युवक वीरेंद्र के चीथड़े उड़ गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे किशोर शिवम उर्फ छोटू पुत्र देवेंद्र शर्मा के भी दोनों पैर बुरी तरह फट गए। उसे जिला चिकित्सालय लाया गया था जहां से चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया था। वहां देर रात शिवम की मौत हो गई। मौत की सूचना गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी बालेन्दु गौतम ने बताया कि कार्रवाई की जाएगी।

रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

लाइसेंस धारक को भेजा जेल

पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से हुई मौत के मामले में मृतक वीरेंद्र शर्मा के पिता राघवेंद्र शर्मा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर मंगलवार को लाइसेंस धारक लाल मोहम्मद को जेल भेज दिया है।

आचार संहिता के निर्देशों का करें पालन : डीएम

बैठक

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। जिसके तहत कोई भी दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नही होगा जिससे किसी धर्म, जाति, समुदायों के बीच कोई भी मतभेद उत्पन्न हो। उन्होने कहा कि यदि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाये तो यह उनकी नीतियों व कार्यक्रम, गत रिकार्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाये। निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना होगा। मन्दिर-मस्जिद अन्य पूजा स्थलों पर जाति या साम्प्रदाय की भावनाओं पर कोई अपील न की जाये। यदि इस दौरान भ्रष्ट आचरण एवं अपराध जैसे कि मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना आदि के कार्य न किए जाए। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति के अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने आदि की अनुमति नही दी जायेगी। उन्होने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक तथा शांतिपूर्ण तरीक से सम्पन्न कराया जायेगा, सभी राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता का पालन सम्बन्धी चुनाव आयोग के जो निर्देश दिये गये है, उनका पालन करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्रा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, प्रतीक्षा पांडे, अमित सिंह, भारतीय जनता पार्टी के संयोजक विधि प्रकोष्ठ राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, कांग्रेस के जिला सचिव मोहम्मद ताहिर फारुकी, समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष गिरीश यादव, बहुजन समाज पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष विवेक पांडे आदि रहे।

निर्भीक होकर करें मतदान

फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार : सोमवार को एसडीएम तिलोई आशीष सिंह, सीओ डा. अजय कुमार सिंह पैरामिलेट्री फोर्स के अधिकारियों व जवानों के संग बहादुरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत तेंदुवा, पीढ़ी, बसौनी, भदैया महमूदपुर में फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने मतदाताओं से कहा कि आप सभी लोग निर्भीक होकर करें मतदान, किसी भी अफवाह फर भरोसा न करें। अगर कोई अफवाह फैलाता है तो उसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दें। व्हॉट्सएप व फेसबुक पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट या टिप्पणी न करे। इस दौरान थाना प्रभारी प्रवीण सिंह, विनय सिंह, त्रिवेणी, निलेश आदि मौजूद रहे।

न्याय न मिलने पर महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

अमेठी, अमृत विचार: न्याय के लिए दर-दर भटक रही महिला को न्याय नहीं मिला तो महिला ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में खुद के ऊपर तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि कई दिनों से महिला कलेक्ट्रेट के चक्कर लगा रही है।

पूरा मामला शुकुल बाजार थाना क्षेत्र का है, जहां की रहने वाली महिला ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर देखते ही देखते खुद पर तेल डालकर अपने आप को आग के हवाले करने की कोशिश की, लेकिन कर्मचारियों की मुस्तैदी के कारण आनन-फानन में महिला को बचाया लिया गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने कहा कि महिला ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया था। महिला का आरोप था कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया और सुनवाई नहीं हो रही है। उसने 2021 में ही अपने पति के साथ कुछ अन्य पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। महिला के पति ने अपनी जमीन को गांव के कुछ लोगों को बेंच दिया था। जमीन बेचने के बाद खरीदारों ने जमीन का दाखिल खारिज भी अपने नाम कर लिया था। मामला संदिग्ध है, जांच कराई जा रही है।

सार-संक्षेप

राहुल कंट्रक्सां ने जीती वॉलीबॉल प्रतियोगिता

विजेता खिलाड़ी को ट्रॉफी देते पदाधिकारी। अमृत विचार

संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में आयोजित श्री सती महारानी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच राहुल कंट्रक्सन्स ने जीत लिया। सोमवार को तिवारीपुर गांव में श्री सती महारानी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका फाइनल मैच को कमेटी तथा राहुल कंट्रक्सन्स के बीच खेला गया। रोचक संघर्ष के बाद 11-21 और 15-21राहुल कंट्रक्सन्स ने मैच जीत लिया। कमेटी की टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता मैं 16 टीमों ने भाग लिया था, विजेता टीमों को समाजसेवी विनोद मिश्र उर्फ़ पोपट ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। रेफरी की भूमिका में प्रिंस सिंह, राजेंद्र सिंह, हनुमान मिश्र ने निभाई। इस मौके पर कैलाश नाथ, शुक्ला एडवोकेट, ओम प्रकाश, हनुमान, शशि भूषण, सोनू उज्ज्वल, शिवा तिवारी, रामसिद्ध मिश्रा, आनंद तिवारी, सिद्धार्थ शंकर तिवारी, मुन्ना, करुणा शंकर शुक्ल, दुर्गादत्त तिवारी, नितिन शुक्ल, आशुतोष शुक्ला, हर्षित, विष्णु, पंगुल, सचिन तिवारी, आशीष शुक्ला शिव सागर तिवारी सहित सैकड़ो खिलाड़ी मौजूद रहे।

एएसपी ने जनपद के व्यापारी बंधुओं के साथ की गोष्ठी

व्यापारियों के साथ बैठक करते एएसपी हरेंद्र कुमार। अमृत विचार

अमेठी, अमृत विचार : सोमवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा व्यापारी बंधुओं के साथ मीटिंग की जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। मीटिंग में व्यापारी बंधुओं को ऑपरेशन दृष्टि के तहत जागरुक कराते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी लगाने की अपील की।

समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश सचिव बने प्रदीप यादव

शाहगढ़, अमेठी, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने जिले के तेज तर्रार कार्यकर्ता को प्रदेश संगठन में जिम्मेदारी सौंपी हैं। समाजवादी छात्र सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया हैं। जिससे जिले के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर फैल गई हैं। गौरतलब हो कि विकास खंड भादर के दुर्गापुर निवासी प्रदीप यादव को छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर विनीत कुशवाहा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से छात्र सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया हैं। उनके मनोनयन पर जिला महासचिव अरशद अहमद, चंद्रशेखर यादव, जिला उपाध्यक्ष तुफैल खान, राजमोहन यादव, आरके यादव आदि ने हर्ष प्रकट किया।

हिंदू एकता सेवा ट्रस्ट किसान मोर्चा अध्यक्ष बने अमन

मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार : युवा ब्राह्मण समाज सेवी कटेटी आरती दुबे के बड़े पुत्र को किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर उनके शुभचिंतकों ईस्ट मित्रों ने उनको इसकी बधाई दी। इसमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सोशल मीडिया व्हाट्सएप स्टेटस के रूप में फेसबुक पर बधाइयां दी गई। आपको बताते चले कि बधाई देने में परिजन हिंदू एकता सेवा ट्रस्ट पदाधिकारी नेता व पत्रकार मित्र आदि रहे। हिंदू युवा ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी सागर तिवारी ने अमन को बधाइयां दी जिन्होंने अमन त्रिवेदी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी।

सांड़ ने किसान पर किया हमला, अस्पताल ले जाते समय मौत

अमेठी, अमृत विचार : मुंशीगंज थाने के दरपीपुर गांव में रविवार को खेत की रखवाली करने गए एक किसान पर सांड़ ने हमला बोल दिया। घायल को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मुंशीगंज के दरपीपुर गांव निवासी रामपाल (45) रविवार को फसल निगरानी करने गए खेत गए थे। जब वह खेत से लौट रहे थे, उस समय सांड़ ने हमला बोल दिया। जब तक वह कुछ समझ पाते तब तक सांड़ ने उन्हें घायल कर दिया। उनकी चीख पर लोगों ने पहुंचकर सांड़ को भगाया। गंभीर रूप से घायल रामपाल को लेकर परिजन व ग्रामीण मुंशीगंज अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने रामपाल को मृत घोषित कर दिया।

फेरी वाले से असलहा सटाकर 7 हजार रुपये लूटे

अमेठी, अमृत विचार : संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सरैया कनू पूरे घीसा गांव के पास सोमवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे फेरी करने वाले कपड़ा व्यापारी के साथ लूट की वारदात सामने आई है। कपड़े की फेरी करने वाले युवक से बाइक सवार दो बदमाशों ने असलहे के दम पर सात हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। युवक कानपुर देहात जिले का रहने वाला है, जो प्रतापगढ़ जिले के आझारा लालगंज में रहकर फेरी का काम करता था।

पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सरैया कनू और पूरे घीसा गांव के पास का है। जहां कानपुर देहात का रहने वाला युवक नरेंद्र सिंह लालगंज आझारा बाजार में रहकर कपड़ों की फेरी करता है। सोमवार को नरेंद्र कपड़े का गट्ठर लादकर सरैया कनू गांव के पास पहुंचा और पानी पीने के लिए नल पर रुका, तभी बाइक से दो युवक पहुंचे और असलहे के बल पर धमकी देते हुए उसकी जेब से 7 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। नरेंद्र ने लिखित शिकायत थाने में दी। संग्रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीराम ने बताया कि घटना के 4 घंटे के अंदर एसओजी और संग्रामपुर पुलिस के संयुक्त प्रयास से वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैंकर्स के साथ की बैठक

अमेठी, अमृत विचार : जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी बैंकर्स के साथ बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति के बैंक खाते से प्रतिदिन संदेहास्पद निकासी अथवा जमा करने की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान एक लाख से अधिक की राशि उस परिस्थिति में बैंक में जमा करवाना जबकि पिछले दो महीने के दौरान इस प्रकार जमा व निकासी न की गई हो की रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे। जहां भी यह संदेह हो कि नगद राशि का प्रयोग निर्वाचकों के रिश्वत देने के लिए किया जा सकता है तो उसकी सूचना टीम को देंगे और 10 लाख से अधिक निकासी की सूचना आयकर विभाग को देंगे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार आदि रहे।

विजेताओं को किया पुरस्कृत

ताइक्वांडो प्रतियोगिता

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2023-24 में जिला स्तरीय हैंडबॉल व ताइक्वांडो महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में किया गया। मुख्य अतिथि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अमेठी की प्रधानाचार्या डॉ. फूलकली रहीं। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।

उन्होंने बताया कि हैंडबॉल महिला वर्ग में गौरीगंज ने एसपी कॉन्वेंट, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गौरीगंज ने सेपियन कॉन्वेंट स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ने रणवीर इंटर कॉलेज व रणवीर इंटर कॉलेज ने फाइनल में राज गौरव पब्लिक स्कूल को हराया। ताइक्वांडो महिला वर्ग में नेहा राव व अलसिफा बानो प्रथम, उमरा बानो व मनीषा राव द्वितीय तथा अलफिया बानो व कंचन राव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान मंच संचालक उपक्रीड़ाधिकारी अमेठी शमीम अहमद द्वारा किया गया तथा इस दौरान उपक्रीड़ाधिकारी मो. मोसर्रफ खां, जीवन रक्षक राम आसरे यादव, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक, प्रशिक्षिका मो. आरिफ, मो. नदीम, भीम प्रताप सहित अन्य समस्त स्टॉफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे पुरुष व महिला खिलाड़ी। अमृत विचार

आस्था दादरा के देवी हिंगलाज धाम में चल रहे 34वें महायज्ञ महोत्सव व कथा का हुआ समापन

आध्यात्मिक जीवन में नाम जप महत्वपूर्ण

मुसाफिरखाना, अमेठी

अमृत विचार : दादरा के देवी हिंगलाज धाम में चल रहे 34वें महायज्ञ महोत्सव एवं संगीतमयी कथा के अंतिम दिन रविवार को कथा व्यास स्वामी आलोकानंद महराज ने कहा कि कलियुग में केवल प्रभु के नाम का जाप ही मनुष्य को संसार के गहरे समुद्र से पार लगाने के लिए पर्याप्त है। प्रभु के दिव्य नाम का जाप जन्म और मृत्यु के इस चक्र से आनंद, शांति और मुक्ति देगा। इस कलियुग में भगवान किसी अवतार में पृथ्वी पर नहीं आते लेकिन उनका नाम भजन और संकीर्तन सही ढंग से व सम्मानपूर्वक करने से मनुष्य संसार के भवसागर से पार हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि किसी के आध्यात्मिक जीवन में नाम जप बहुत महत्वपूर्ण है। कलियुग में ईश्वर नाम स्मरण बहुत महत्वपूर्ण है। जब हम कीर्तन करते हैं या नाम जपते हैं तो हमारा मन सभी भौतिक अशुद्धियों से शुद्ध हो जाता है। कहा कि इस भवसागर से पार होने का महज राम नाम ही एक आधार है। मानव तन निश्चित रूप से पवित्रता का अनुभव करता है। जब मनुष्य भगवान की कथा का श्रवण करता है तो उनके सारे पाप धुल जाते हैं। इस जीवन के जो क्षण प्रभु संकीर्तन व सत्संग में बीतते हैं, उन क्षणों की विशिष्ट गरिमा होती है। इस मौके पर कृपाशंकर सिंह,अंजनी श्रीवास्तव, डॉ. महेंद्र मिश्रा, अवनीश तिवारी, समर बहादुर सिंह, लक्ष्मीकांत मौर्य, विजय सिंह मिंटू, मुकेश तिवारी, रवींद्र तिवारी, राकेश तिवारी, उमाकांत सिंह, राजमणि सिंह जंगली, कैप्टन जयप्रताप सिंह, राम शिरोमणि तिवारी, कन्हैया सिंह, जय सिंह, राम मिलन मिश्रा, जितेंद्र सिंह,सर्वेश सिंह, प्रशांत, प्रमोद अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

संगीतमयी कथा का आनंद लेते श्रोता। अमृत विचार

क्रय केंद्रों पर सन्नाटा, गेहूं लेकर नहीं पहुंचे किसान

अमेठी, अमृत विचार : जनपद में 1 मार्च से ही गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्र संचालित हो गए हैं। अब तक अधिकांश क्रय केंद्रों पर ताला लगा है। इस कारण गेहूं बेचने के लिए आने वाले किसानों का रजिस्ट्रेशन नहीं होने से मायूसी हाथ लग रही है।

किसानों से गेहूं खरीद करने के लिए जनपद में 85 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। 1 मार्च से जनपद में क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। इसमें सोमवार को 16वें दिन भी अधिकतर क्रय केंद्र खोले ही नहीं गए और यहां पर ताले पड़े रहे। इस कारण किसानों के हाथ मायूसी लगी। खरीद शुरू हुए क्रय केंद्रों पर सोमवार को जाकर पड़ताल की गई तो अधिकतर क्रय केंद्रों पर ताला लटकता मिला। जायस नवीन मंडी समिति में विपणन की तीन शाखाएं हैं, इसके साथ एक मंडी समिति व एक भारतीय खाद्य निगम को क्रय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुबह 9:35 बजे विपणन की तीनों शाखाओं पर ताला लटकता मिला, उसके बाद 9: 40 बजे भारतीय खाद्य निगम पर भी ताला लटक रहा था। 9:45 बजे मंडी समिति के क्रय केन्द्र पर न कोई कर्मचारी मौजूद था और न ही केंद्र प्रभारी। जबकि गेहूं खरीदने के लिए सुबह 9 से शाम 6 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद भी निर्देशों का पालन नहीं हो रहा।

आठवां रोजा

सहरी : 04 .56 बजे, बुधवार
इफ्तार : 06 .20 बजे, मंगलवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

एक नजर

छापेमारी कर खाद्य विभाग की टीम ने लिए नमूने

हरदोई, अमृत विचार। होली पर्व पर लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो, इसके लिए सोमवार को खाद्य विभाग की टीमों ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जिसमें खाद्य सामग्रियों के नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड-2 सतीश कुमार ने शहर के विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर तीन नमूने संग्रहित किए गए। एक नमूना बूंदी लड्डू का नीम करौली स्वीट्स पिहानी चुंगी से, एक नमूना सरसों के तेल का संजय कुमार इंडस्ट्रियल एरिया हरदोई से और एक सरसों के तेल का नमूना रामकिशोर से इंडस्ट्रियल एरिया हरदोई से संग्रहित किया गया, जिन्हें जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

तीन दिनों में जंची एक लाख से अधिक कापियां

हरदोई, अमृत विचार। जिले के तीन मूल्यांकन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। जीआईसी में इंटरमीडिएट तथा आरआर, वेणी माधव विद्या पीठ में हाईस्कूल की पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। तीन दिनों में एक लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। राजकीय इंटर कालेज पर इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। सोमवार को 18,202 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 423 परीक्षकों द्वारा किया गया। इस केंद्र पर अब तक 34,249 कापियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। वहीं आरआर कालेज मूल्यांकन केंद्र पर हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है। सोमवार को 18,788 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। वेणी माधव विद्यापीठ इंटर कालेज में सोमवार को हाईस्कूल की 18,750 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सोमवार को किया गया।

लखनऊ रोड पर धरने पर बैठे सांसद जयप्रकाश व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

लखनऊ चुंगी पर बैरीकेटिंग लगाकर रोका गया ट्रैफिक।

विद्याराम के समर्थन में सड़क जाम कर धरने पर बैठे भाजपा सांसद

सोमवार को घटना की जानकारी होते ही भाजपा में आया उबाल, सांसद जय प्रकाश ने घटना की निंदा की

सिटी मजिस्ट्रेट के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किया प्रदर्शन, अधिकारियों ने दिया कार्रवाई का भरोसा

हरदोई

अमृत विचार। आचार संहिता लागू होने के बाद अधिकारी किस तरह बेखौफ होकर कार्रवाई कर रहे हैं इसका नज़ारा बीच शहर में देखने को मिला। होर्डिंग बैनर हटवा रहे सिटी मजिस्ट्रेट भाजपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा के नाम का बोर्ड भी उखाड़ ले गए। इतना ही नहीं उन्होंने पूर्व ज़िलाध्यक्ष के साथ जो बदसुलूकी की, उसके सदमें में पूर्व ज़िलाध्यक्ष की पत्नी की मौत हो गई। पहले दिन तो जिले की भाजपा में जानकारी के अभाव में खास हलचल नहीं हुई लेकिन सोमवार को मीडिया की सुर्खियों में आते ही पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। सांसद जय प्रकाश के साथ तमाम भाजपाई लखनऊ रोड पर आ गए और वहीं धरने पर बैठ गए। सिटी मजिस्ट्रेट के खिलाफ खूब नारेबाज़ी की गई। उसके करीब दो घंटे बाद एडीएम प्रियंका सिंह और एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह के काफी समझाने के बाद गुस्साए भाजपा नेता व कार्यकर्ता शांत हुए।

बताते चलें आचार संहिता लगने के बाद बोर्ड हटाने के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ने पूर्व भाजपा ज़िलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा के नाम का बोर्ड उखाड़ दिया। विरोध करने पर श्री वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी। इस घटना से आहत होकर पत्नी लता वर्मा को काफी सदमा लगा और उनकी मौत हो गई। उसके बाद बैकफुट पर लौटे प्रशासन ने आनन-फानन में उखाड़ा गया बोर्ड पूर्व ज़िलाध्यक्ष के आवास पर पहुंचा दिया। अपनी ही सरकार के प्रशासनिक अमले से नाराज होकर सोमवार को भाजपाई सांसद जय प्रकाश, पूर्व सांसद अंशुल वर्मा, पालिकाध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर, पूर्व जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह, राजीव रंजन मिश्र, रामकिशोर गुप्ता व गौ रक्षा प्रकोष्ठ के सुनील शुक्ला की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। हरदोई-लखनऊ रोड जामकर नारेबाजी करने लगे। सिटी मजिस्ट्रेट के खिलाफ नारेबाज़ी कर रहे भाजपाइयों का कहना था कि ऐसे अधिकारी को पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसके अलावा प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक हंगामा होता रहा, उसके बाद एडीएम प्रियंका सिंह, एसडीएम सदर सुनील कुमार मिश्रा, एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह वहां पहुंचे और शाम 5 बजे तक कार्रवाई का भरोसा दिलाया, उसके बाद गुस्साए भाजपाई वहां से हटे।

एडीएम से बातचीत करते पूर्व सांसद अंशुल वर्मा। अमृत विचार

अधिकारियों से बात करते भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन। अमृत विचार

सांसद आवास पर भी किया था हंगामा

सांसद जयप्रकाश ने भी अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सिटी मजिस्ट्रेट के उनके आवास पर भी तांडव किया। आचार संहिता लगते ही उनके आवास पर लगे झंडे व उनके नाम का बोर्ड प्रशासनिक अधिकारी उखाड़ ले गए। कहा कि आचार संहिता लगने के 24 घंटे के बाद लोगों को सूचना देने के पश्चात ही आचार संहिता को प्रभावित कर चीजें हटाने का नियम है। कहा कि सिटी मजिस्ट्रेट ने जिस तरह से पूर्व जिलाध्यक्ष को गाली गलौज किया वह वास्तव में शर्मनाक है। ऐसे अधिकारियों को अवश्य दंडित किया जाना चाहिए।

लोकतंत्र सेनानी भी हैं पूर्व ज़िलाध्यक्ष विद्यासागर वर्मा

भाजपा के ज़िलाध्यक्ष और सहकारी बैंक के अध्यक्ष रह चुके विद्याराम वर्मा लोकतंत्र सेनानी भी है। उनके साथ हुए इस तरह के बर्ताव से भले ही भाजपा में कोई खास हरकत न हो रही हो,लेकिन आम लोगों के बीच इसे लेकर काफी बहस छिड़ी हुई है।

जाम से प्रभावित रहा शहर, राहगीर हुए परेशान

आक्रोशित भाजपाइयों द्वारा जाम लगाए जाने से पूरा शहर प्रभावित हो गया। लखनऊ रोड पर आने जाने वालों के लिए मार्ग परिवर्तित कर दिया गया, वहीं शहर की सीमाओं के बाहर बड़े वाहनों का आवागमन रोक दिया गया। लखनऊ रोड पर जाम लगने से मेडिकल कालेज सहित नगर के सिनेमा रोड, नुमाइश चौराहा, सोल्जर बोर्ड सहित तमाम मुख्य स्थान पर घंटों जाम लगा रहा। जाम में तमाम एंबुलेंस व स्कूली बच्चों के वाहन भी फंसे रहे।

धरने से भाजपा के मौजूदा पदाधिकारी रहे अनुपस्थित

उन दिनों की बात है कि जब भाजपा के ऐसे दिन ज्यादा अच्छे नहीं थे, तब विद्याराम वर्मा ने भाजपा की कमान संभाली और संगठन को मज़बूत करने का काम किया। पार्टी ने उनके समर्पण और निष्ठा को देखते हुए उन्हे सहकारी बैंक का अध्यक्ष बना कर उनका सम्मान किया, लेकिन अब उनके साथ उनकी ही सरकार में जो हुआ उसे हर कोई जान गया, लेकिन भाजपा की तरफ से कुछ हरकत नहीं हुई। जब मीडिया ने मामले को उछाल कर भाजपाइयों के मुंह में जुबान दी, सांसद और पूर्व सांसद के सड़क पर आने से पूर्व में पार्टी के लिए जूझने वाले ही आगे दिखे, लेकिन कोई मौजूदा पदाधिकारी नहीं दिखाई दिया। हां इतना तो रहा कि वहां पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने अधिकारियों के सामने कार्रवाई की बात करते हुए नाराज़गी ज़ाहिर की थी।

सरकुलर रोड पर लगा जाम। अमृत विचार

होली महोत्सव में शामिल सर्व वैश्य सभा की महिलाएं। अमृत विचार

सर्व वैश्य सभा ने मनाया होली महोत्सव

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा की महिलाओं ने धूमधाम से होली महोत्सव नगर के श्री भगवान दास शिवाला मंदिर प्रांगण चौक में मनाया। कार्यक्रम की संयोजक एवं नगर अध्यक्ष पल्लवी ओमर ने बताया कि इस तरीके के धार्मिक कार्यक्रम करना एवं पुरानी परंपराओं से समाज के लोगों को अवगत करा कर वैश्य समाज को संगठित करना ही हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर संगठन की विभा गुप्ता एवं मीनू गुप्ता ने अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। अनीता गुप्ता एवं शशि गुप्ता ने सभी को गुलाल लगाकर होलिकोत्सव का आरंभ किया। उपाध्यक्ष रेनू गुप्ता एवं महामंत्री दीपा गुप्ता ने सभी के साथ मिलकर फूलों की होली खेली। कोषाध्यक्ष शशि गुप्ता एवं संगठन मंत्री मौसमी गुप्ता ने सभी को ब्रज की होली का महत्व समझाया। उप मंत्री रुचि गुप्ता, शीतल गुप्ता ने प्रभु की भक्ति रस में आराधना की। इसके बाद संगठन की अन्य महिलाओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राधे कृष्ण की परम भक्त प्यारी सौम्या एवं सेजल की आकर्षक होली गीत प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

मित्र से चोरी पर आती है दरिद्रता

कोथावां, मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। विकास खण्ड कोथावां क्षेत्र की ग्राम पंचायत कल्हेपुर के कालिका देवी मन्दिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की सायंकालीन में श्रीकृष्ण विवाह व सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन किया गया।

कथावाचक पण्डित गोपाल कृष्ण तिवारी ने श्रीकृष्ण की आठ पटरानियों सहित 16 हजार एक सौ आठ विवाहों का वर्णन किया। बताया कि महावृष्टि चलिफूटि किंयारी जिमि सुतंत्र भए बिगरहिं नारी" जिस प्रकार ज्यादा बारिश होने पर खेत की क्यारिया फूट कर बहने लगती हैं, उसी प्रकार अगर किसी नारी को स्वतंत्रता मिल जाती है तो उस नारी को बिगड़ने से कोई नहीं रोक सकता। इसी प्रकार सुदामा चरित्र की कथा के दौरान कहा कि सुदामा जी जीवन पर्यन्त निर्धन क्यों रहे क्योंकि कहावत है कि "गुरु से कपट मित्र से चोरी या होय निर्धन या होय कोढ़ी" अर्थात गुरु से कपट और मित्र से चोरी करने वाला कभी भी सुखी नहीं रह सकता। इस प्रकार का व्यक्ति या तो निर्धन हो जाता हैं और या तो कोढ़ी हो जाता है।

कथा सुनाते गोपाल कृष्ण तिवारी।

वहीं मल्लावां कस्बे के मोहिउद्दीनपुर में श्रीमद्भागवत के समापन दिवस पर सोमवार को भगवताचार्य पं. राजेश मिश्रा ने सुदामा चरित्र और दुरुभाषा ऋषि की सुन्दर कथा का रसपान कराया। हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

एक नजर

घर के अंदर युवक का मिला शव, परिजनों में कोहराम

हरदोई। घर के अंदर 45 वर्षीय युवक का शव फांसी पर लटका मिला। उसकी पत्नी जब दवाई लेकर लौटी तो जानकारी हुई। कोतवाली शहर के खालेपुरवा मजरा मछरेहता निवासी दयाल मेहनत-मज़दूरी कर अपनी पत्नी और दो बेटे और दो बेटियों का पेट पाल रहा था। सोमवार को उसकी पत्नी उसे घर में छोड़ कर दवाई लेने गई हुई थी। जब वह वापस लौटी और कमरें में गई, वहां पति का शव फांसी पर लटका हुआ देखा।

दबंगों ने चार शौचालय तोड़कर बना लिया रास्ता

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। दबंग किस्म के कुछ लोग एक परिवार के चार शौचालय तोड़कर रास्ता बनाने के प्रयास में हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के हूसेपुर गांव निवासी रामजीवन ने बताया कि गांव में ही स्थित पैतृक भूमि पर परिवार के ही चार शौचालय बने हुए थे, जिसे गांव निवासी हरी, आशाराम, शिवराज व मुन्नीलाल आदि ने तोड़कर गिरा दिए और उसपर जबरन रास्ता बना रहे हैं। इससे पहले हुए विवाद का ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में सुलह समझौता हुआ था, परन्तु अब विपक्षीगण किसी भी बात को न मानते हुए जबरन अवैध रुप से रास्ते का निर्माण कर रहे हैं।

युवक ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के रेलवे लाइन पर हर्रई फाटक के निकट एक युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर के प्रशांत उर्फ गोलू त्रिवेदी पुत्र अवधेश त्रिवेदी के रूप में हुई। जनपद शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर निवासी प्रशांत उर्फ गोलू त्रिवेदी नशे का आदी था।

बिना अनुमति कहीं न लगाएं पोस्टर या बैनर

जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक दलों की बैठक

हरदोई

अमृत विचार। भवन स्वामी की अनुमति के बिना किसी की निजी संपत्ति पर कोई झंडा, पोस्टर व बैनर नहीं लगाया जायेगा। कार्यक्रम के 24 घंटे के पूर्व या अनुमति के तत्काल बाद सम्बंधित थाने को सूचित करना है।

यह बात कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को राजनीतिक दलों की बैठक में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि जनपद की सभी विधानसभाओं में युवाओं, दिव्यांगों, नारी शक्ति को समर्पित बूथ बनाए गए हैं। एक से अधिक बूथ वाले प्रत्येक ग्राम में एक आदर्श बूथ बनाया जा रहा है।

राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते डीएम एमपी सिंह साथ में सीडीओ व एसपी।

शहरी क्षेत्र में सभी बूथों को आदर्श बनाया जा रहा है। हरदोई सीट के लिए सीएसएन व मिश्रिख क्षेत्र के लिए आईटीआई को रवानगी स्थल बनाया गया है। उन्होंने राजनीतिक दलों को सभी प्रकार की व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निर्धारित किये जाएंगे। उन्होंने निर्वाचन कार्यालय को निर्देश दिए कि सभी महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर राजनीतिक दलों के साथ साझा किये जाएं। उन्होंने राजनीतिक दलों को बताया कि खर्च को निर्धारित सीमा में ही रखा जाये। खर्च एक ही निर्धारित खाते से किये जाएं। 50 हजार से अधिक कैश ले जाने पर साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। 10 से अधिक कैश मिलने पर मामला आयकर विभाग को हस्तान्तरित किया जायेगा। बाईक पर एक फ़ीट लम्बा व आधा फ़ीट चौड़ा झंडा ही लगाया जायेगा। बाइक या कार रैली में एक साथ 10 वाहन निकलेंगे। उसके बाद अंतर देना पड़ेगा। अस्थाई कार्यालय किसी धार्मिक स्थल के अंदर या मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर स्थापित नहीं किया जायेगा। भवन स्वामी की अनुमति के बिना किसी की निजी संपत्ति पर कोई झंडा, पोस्टर व बैनर नहीं लगाया जायेगा। कार्यक्रम के 24 घंटे के पूर्व या अनुमति के तत्काल बाद सम्बंधित थाने को सूचित करना है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कंट्रोल रूम के नंबरों दे सकते शिकायत एवं सुझाव

अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी किये जाने के उपरान्त लोकवाणी/आईजीआरएस कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने तक संचालित रहेगा। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम में संचालित दूरभाष नं. 05852-234407 पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित शिकायत एवं सुझाव दिये जा सकते हैं।

पैदल मार्च कर एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

संडीला, हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने इमलियाबाग से कोतवाली तक पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यहां सीओ, हरियावां सीओ, तथा सात थानो के प्रभारी निरीक्षकों, चौकी प्रभारियों और पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। दंगा नियंत्रण के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

पत्रकारों से बात करते हुए एसपी ने बताया कि पूर्वाभ्यास में पुलिस कर्मियों को नगर में प्रवेश करने के स्थानो, चौराहो तथा संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहने का निर्देश दिया गया है। यह भी कहा गया कि वह यदि कोई संवेदनशील स्थिति उत्पन्न होती है तो किस प्रकार पुलिसकर्मी तत्काल पूर्व घोषित स्थानो पर अपनी ड्यूटी संभालेंगे, ताकि परिस्थितियां तत्काल नियंत्रण में आ जाए उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार सभी संवेदनशील तथा अति संवेदनशील बूथों को चिन्हित कर उन पर पुलिस कर्मियों की आवश्यकता अनुसार तैनाती का पूरा रोड मैप तैयार कर लिया गया है संबंधित अधिकारी लगातार इन बूथों का दौरा कर रहे हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों के खुराफाती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

चुनाव में पूरी निष्पक्षता के साथ होगी कार्रवाई : डीएम

हरदोई

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एफएसटी टीमों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव के दौरान पूरी निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की जाये। दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। सभी प्रकार के ऐप की जानकारी अवश्य रखें। वलनरेबल क्षेत्रों की पूरी जानकारी रखें। पाली समाप्त होने पर अगली टीम आने तक कार्य का निर्वहन करें। वाट्सअप ग्रुप पर लगातार सक्रिय रहें। चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करें। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सभी अधिकारी व्यवहार में शालीनता रखें। कार्य क्षेत्र में पूरी निष्पक्षता रखी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आवास घोटाले में पूर्व प्रधान व पति गिरफ्तार

हरदोई। फर्ज़ी आवास घोटाले में आठ सालों से फरार चल रहे पूर्व प्रधान और प्रधान पति को पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने दबोच लिया। बताते चलें कि कोर्ट से उसके नाम का वारंट जारी हो चुका था। तभी से वह फरार चल रहा था। हरियावां ब्लाक की ग्राम पंचायत भदेवरा के पूर्व प्रधान व प्रधान पति शरीफ खां के ऊपर फर्ज़ी आवास घोटाले का केस चल रहा था। 2017 से फरार चल रहे दोनों के नाम वारंट जारी किया गया था। सोमवार को हरियावां पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने पूर्व प्रधान व प्रधान पति को गिरफ्तार कर लिया।

साइकिल से जा रहे श्रमिकों पर पलटी डीसीएम, तीन की मौत

हरदोई

अमृत विचार। सारा दिन कोल्ड स्टोरेज में मज़दूरी करने के बाद तीन मज़दूर देर रात में अपनी-अपनी साइकिल से घर लौट रहे थे, उसी बीच रास्ते में तेज़ रफ्तार में आ रही डीसीएम तीनों मज़दूरों के ऊपर पलट गई, जिससे दो की वहीं मौत हो गई, जबकि एक ने ट्रामा सेंटर लखनऊ में दम तोड़ दिया।

बताया गया है कि सण्डीला कोतवाली के बहादुर खेड़ा निवासी 45 वर्षीय राजेंद्र, उसी कोतवाली के मलैय्या गांव निवासी 42 वर्षीय कालिका और उसी गांव निवासी 46 वर्षीय राजेंद्र सण्डीला-उन्नाव रोड पर एक कोल्ड स्टोरेज में मज़दूरी करते थे।

रविवार की सुबह तीनों काम पर गए हुए थे, जहां से वे अपनी-अपनी साइकिल से घर लौट रहे थे, उसी बीच कासिमपुर थाना इलाके में बीच सड़क पर तेज़ रफ्तार डीसीएम उन तीनों के ऊपर पलट गई। इस हादसे में बहादुर खेड़ा के राजेंद्र और मलैय्या के कालिका की वहीं पर मौत हो गई, जबकि मलैय्या के राजेंद्र को सीएचसी से लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर किया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। हादसे की खबर सुनते ही बहादुर खेड़ा और मलैय्या में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी।

पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

सुरसा, हरदोई, अमृत विचार। सोमवार को थाना परिसर में लोकसभा चुनाव व होली और रमजान त्योहार को लेकर सीओ सिटी अंकित मिश्रा, एसआई प्रमोद कुमार पाल के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर उपस्थित क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों को बैठक में बुलाकर उन्हें सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पालन करने का निर्देश दिए गए। होली और रमजान त्योहार को भाईचारे का त्योहार है उसे सब लोगों को आपस में मिलकर मनाने के निर्देश दिए गए। त्योहार पर किसी प्रकार का कोई विवाद न हो।

2025 तक खत्म करना है क्षय रोग : डा. अजय

हरदोई

अमृत विचार। ट्यूबरकुलोसिस या क्षय रोग देश की एक ज्वलन्त समस्या है। इसे 2025 तक खत्म करने का संकल् इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने लिया।

सोमवार को एसोसिएशन ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया। जिसमें अध्यक्ष डा. अजय अस्थाना ने कहा कि पूरी दुनिया के लगभग 27 प्रतिशत ट्यूबरकुलोसिस के मरीज भारत में हैं और भारत के 20 प्रतिशत मरीज़ उत्तर प्रदेश में हैं। इस बीमारी से ग्रस्त होकर बहुत से लोग अस्वस्थ हो जाते हैं और काल कवलित भी हो जाते हैं। यह ऐसी बीमारी है कि समाज में जागरूकता

प्रेसवार्ता करते इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अजय अस्थाना।

बढ़ाने और संपर्क में आने वाले लोगों की जांच करने और बिना रुकावट के उपचार लेने से समाज से पूरी तरह समाप्त की जा सकती है, इसलिए भारत सरकार ने 2025 तक इसको पूरी तरह खत्म करने का प्रण लिया है, लेकिन इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे समाज को जागरूक करना और पूरे समाज का सहयोग लेना बहुत जरूरी है। कहा कि ट्यूबरकुलोसिस या क्षय रोग के प्रति समाज में जागरुकता बढ़ाने के लिए इन्डियन मेडिकल एशोसिएशन की शाखा प्रयास कर रही है। इस प्रयास के क्रम में विश्व ट्यूबरकुलोसिस (क्षय रोग) दिवस के अवसर पर 24 मार्च को क्षय रोग से बचाव के तरीके क्षय रोग की पहचान और इलाज के तरीकों के लिए जागरूक करने के लिए एक पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा क्षय रोगियों और उनकी पहचान करने वालों को आर्थिक प्रोत्साहन के बारे में भी पूरी जानकारी दी जायेगी। 24 मार्च को क्षय रोग की निशुल्क जांचे भी की जाएंगी। साथ ही 24 मार्च को लखनऊ के प्रसिद्ध फेफड़ा रोग फिजिशियन डा राघवेंद्र सिंह एमडी रेस्पिरेटरी मेडिसिन निःशुल्क परामर्श भी जनपद की जनता को देंगे। इस दौरान सचिव डा. संदीप कटियार, डा. सीके गुप्ता, कोषाध्यक्ष अखिलेश पटेल, डा. अमरजीत अजमानी, डा. तिरुपति आनंद व डा. नीरज वर्मा मौजूद रहे।

वार्ड मेंबर व उसके साथी पर वसूली का आरोप

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद के वार्ड अल्लाह पुर इबनेजयी के मोहल्ला जटपुरा निवासी नीरज ने वार्ड के मेंबर ऋषि पाल एवं उसके साथी प्रवीण दीक्षित पर 11000 रुपये मांगने का आरोप लगाया है।

नीरज का कहना है प्रधानमंत्री आवास उसकी मां सावित्री के नाम स्वीकृत हुआ था। जिसकी लिस्ट उसने स्वयं देखी थी, लेकिन बाद में मेंबर रिशिपाल और उसके साथी प्रवीण दीक्षित ने लिस्ट को अपने हाथ से तैयार किया और उससे 11 हजार रुपए की मांग की जा रही है। नीरज ने बताया वह बहुत ही गरीब आदमी है। कॉलोनी के नाम पर इतने पैसे नहीं दे सकता है। नीरज ने बताया मेंबर रिशिपाल का साथी प्रवीण दीक्षित काफी शातिर किस्म का है और गुंडागर्दी करता है। फिलहाल प्रधानमंत्री आवास के नाम पर शाहाबाद नगर पालिका परिषद के सभासद इस योजना को कामधेनु समझ कर दोनों हाथों से पात्रों और अपात्रों से वसूली करने में लगे हैं। अधिकांश सभासदों ने कॉलोनी स्वीकृत के नाम पर 5000 से लेकर 15,000 तक की वसूली प्रारंभ कर दी है। लेकिन कॉलोनियों के स्वीकृत होने का अभी कोई नाम तक नहीं है।

सार-संक्षेप

नशेड़ियों ने मेडिकल कालेज में काटा हंगामा

हरदोई। प्रिंसिपल ने मेडिकल कालेज के अंदर नशे की हालत में हंगामा करने वाले वार्ड ब्वाय और एक स्वास्थ्य कर्मी को वहां से हटाने के लिए चिट्ठी जारी की है। इसे ले कर काफी चक-चक मची हुई है। बताता गया है कि मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा.आर्य देशदीपक तिवारी सोमवार को वहां से निकल रहे थे। इस बीच उन्होंने वहां नशे की हालत में एक वार्ड ब्वाय और दूसरे स्वास्थ्य कर्मी को हंगामा करते हुए देखा और उनका वीडियो बनाया। नशे में हंगामा करने वालों को हकीकत पता चली तो सारा सुरूर हवा हो गया। इस बारे में प्रिंसिपल डा.तिवारी ने बताया है कि एक वार्ड ब्वाय और दूसरे स्वास्थ्य कर्मी को ज़िला महिला अस्पताल से हटाने के लिए उन्होनें चिट्ठी जारी की है।

दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट में प्राथमिक विद्यालय कटेउना खेड़ा के बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ प्रदर्शन किया। जिसमें पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। थाना बेहटा गोकुल के ग्राम कटेउना खेड़ा निवासी पीड़ित शारदा पुत्र श्रीपाल ने कहा वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है। उसके गांव में प्राथमिक विद्यालय है। जिसमें गांव के बच्चे पढ़ने जाते हैं। वहां पर कुछ लोगों द्वारा बच्चों के साथ जातीय दुर्व्यवहार किया गया। इससे आहत ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर आरोपी के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने की मांग की।

पुलिस ने आरोपी बाप-बेटे को दौड़ा कर पकड़ा

हरदोई, अमृत विचार। फरार चल रहे आरोपी बाप-बेटे पुलिस को देखते ही भाग निकले, जिन्हे पुलिस टीम ने दौड़ा कर पकड़ लिया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। बघौली थाने के मढ़िया मजरा गडेउरा निवासी सुंदरलाल और उसका पुत्र रामू उर्फ रमाकांत पुलिस को चकमा दे कर फरार चल रहे थे। सोमवार को पुलिस को मुखबिर से पता चला कि दोनों बाप-बेटे सारीपुर पुल के पास खड़े हुए है। इसका पता होते ही एसआई विनोद कुमआर द्विवेदी अपने हमराही हरे राम और हरेंद्र वर्मा के साथ वहां पहुंचे, पुलिस को देखते ही दोनों भाग गए, इस पर पुलिस टीम ने दोनों को दौड़ा कर पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि दोनों वांछित चल रहे थे। उन्हे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

ग्राम विकास अधिकारी का वेतन रुका

हरदोई, अमृत विचार। ज़िला विकास अधिकारी ने सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 को न मानने पर ग्राम विकास अधिकारी के मार्च के वेतन पर रोक लगा दी है। इस बारे में उन्होंने बीडीओ अहिरोरी को सरकारी चिट्ठी लिखी है। डीडीओ अरविंद कुमार ने जारी की सरकारी चिट्ठी में कहा है कि अहिरोरी ब्लाक की ग्राम पंचायत कराही के मजरा दाऊदपुर निवासी अमित शुक्ला ने 12 मार्च को ग्राम विकास अधिकारी सुश्री मीना सिंह से अधिनियम के तहत ज़रूरी सूचनाएं मांगी थी, जिस पर ग्राम विकास अधिकारी ने सूचना मांगने वाले से ग्राम निधि में दो हज़ार रुपये भी जमा कराए, लेकिन सूचना नहीं दी। डीडीओ ने इसे ग्राम विकास अधिकारी की लापरवाही मानते हुए बीडीओ अहिरोरी को ग्राम विकास अधिकारी सुश्री मीना सिंह का मार्च के वेतन पर रोक लगाने का आदेश दिया है।

दहेज प्रताड़ना से महिला की मौत का आरोप

पैंतेपुर सीतापुर, अमृत विचार। शादी में कन्या पक्ष से दहेज न मिल पाने की वजह से आए दिन ससुरालवालों ने एक विवाहिता को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। जिससे विवाहिता घायल हो गई। ऐसे में मायके पक्ष के लोगों ने उसे लखनऊ स्थित पीजीआई में भर्ती करवाया गया। जहां 24 दिन तक इलाज के बाद विवाहिता की मृत्यु हो गई। मृतका के पिता ने पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कोतवाली महमूदाबाद के अंतर्गत ग्राम सेलुहामऊ निवासी प्रेमचंद्र वर्मा ने कोतवाली महमूदाबाद प्रभारी निरीक्षक को दिए गए प्रार्थनापत्र के आधार पर बताया कि उन्होंने अपने बेटी प्राची वर्मा की शादी 22 दिसंबर 22 को मीरानगर निवासी ज्ञान सिंह के साथ की थी, लेकिन ससुरालवाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन बेटी को मारते पीटते थे। 22 फरवरी 24 की रात पति सहित परिवार के अन्य लोगों ने बेटी प्राची को बहुत पीटा और फटे पुराने कपड़ों में ही उसे मायके छोड़ आए। बेटी की स्थिति और सारी जानकारी मिलने के पश्चात उस 26 फरवरी को लखनऊ स्थित पीजीआई में भर्ती करवाया। 23 दिनों तक इलाज चला और 17-18 मार्च की रात करीब 12.30 प्राची की मौत हो गई।

कृष्ण और सुदामा की मित्रता अनुकरणीय उदाहरण

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला अंबरसंराय में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ श्री राम कथा एवं रासलीला में श्री रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर कन्या भोज एवं एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। श्री रुद्र महायज्ञ पर यज्ञाचार्य पंडित विपुल कृष्ण शास्त्री ने यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यज्ञ सामूहिकता का प्रतीक है, यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है एवं यज्ञ में मंत्रों के उच्चारण से उसका प्रभाव समस्त क्षेत्र पर पड़ता है। यज्ञ के धुएं से प्रदूषित वायु शुद्ध हो जाती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं व बच्चों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर आहुतियां डाली। श्री राम कथा में कथा व्यास पंडितों महिंद्राचार्य पांडे ने श्री हनुमान चरित्र और सुदामा चरित्र का सुंदर वर्णन किया उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता एक अनुकरणीय उदाहरण है। रविवार रात्रि बेला में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का भव्य मंचन किया और भगवान श्री कृष्ण के प्रति भक्त मीरा की भक्ति का मंचन किया। जिसे देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

सोशल मीडिया पर की अभद्र टिप्पणी, केस

हरदोई, अमृत विचार। आचार संहिता के लगते ही एक्शन में आई पुलिस ने पैदल मार्च की, जिसकी फोटो सोशल मीडिया के व्हाट्स अप ग्रुप पर शेयर की गई, जिस पर किए गए भद्दे कमेंट पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मल्लावां कोतवाली के कटरा गंगाराम पुर निवासी रामजीत मिश्रा उर्फ चंदगीराम ने तहरीर में कहा कि शुक्रवार को मल्लावां पुलिस कस्बे में पैदल मार्च कर रही थी, जिस पर उसने व्हाट्स ग्रुप पर पैदल मार्च की फोटो शेयर करते हुए जागरूक पुलिस की तारीफ की, जिस पर राधौपुर रोड निवासी सुबोध कुमार वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा ने एक दूसरे व्हाट्स अप ग्रुप पर उसे दल्ला लिखते हुए भद्दा कमेंट किया, जिससे उसकी समाज में काफी बदनामी हुई। पुलिस ने सुबोध कुमार वर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक में हुई टक्कर, भट्ठा मजदूर की मौत

हरदोई

अमृत विचार। पेप्सिको कंपनी के ट्रक और ईंट ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली में टकवकर मार दी, जिससे दोनों खाईं में जा गिरे, जिससे ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार भट्ठा मज़दूर की मौत हो गई। भट्ठा मालिक के कहने पर मज़दूर डेड बॉडी को ट्राली पर छोड़ कर भाग गए, जिससे नाराज़ ग्रामीणों ने सण्डीला-बांगरमऊ रोड पर जाम लगा दिया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने किसी तरह गुस्साए ग्रामीणों को शांत कराया।

बताया गया है कि कासिमपुर थाने के कुमेदान खेड़ा गांव निवासी 42 वर्षीय मोतीलाल गांव में ही ईट-भट्ठे पर कई सालों से मज़दूरी, करता था। रविवार को वह समोधा गांव निवासी मनोहर के साथ भट्ठे से ट्राली में ईंट लाद कर मल्लावां जा रहा था। बताते है कि उसी दौरान सण्डीला-मल्लावां रोड पर सुब्बाखेड़ा गांव के पेप्सिको कंपनी के ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रॉली खाईं में जा गिरे और ट्रॉली पर बैठे मोतीलाल की वहीं पर मौत हो गई। ट्रैक्टर ड्राइवर के बताने पर डेड बॉडी को भट्ठे से भेजी गए दूसरे ट्रैक्टर-ट्राली से सण्डीला के एक निजी हास्पिटल ले जाया गया, जहां भट्ठा मज़दूर की मौत का पता होते ही साथ गए भट्ठा मज़दूर चुपके से ट्रैक्टर-ट्रॉली डेड बॉडी को उसी ट्राली से लेकर गांव तक पहुंचें और फिर उसे वहीं छोड़ कर फरार हो गए।

हत्या में दोष सिद्ध होने पर तीन भाइयों सहित चार लोगों को उम्रकैद की सजा

हरदोई

अमृत विचार। सत्र न्यायाधीश राजकुमार सिंह ने एक फैसले में हत्या के मामले में आरोपित तीन सगे भाइयों सहित चार लोगों को जुर्म साबित होने पर उम्र कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना बेहटा गोकुल क्षेत्र के नगला खानपुर निवासी पवन कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, धीरू सिंह तीनों सगे भाई व गांव के ही रत्ती सिंह उर्फ रतिराम ने 31 अक्टूबर 2014 को असलाह से फायर करके राम नरेश यादव की हत्या कर दी। इस मामले की रिपोर्ट राम औतार यादव ने दर्ज कराते हुए कहा कि घटना के पूर्व अवध किशोर गुप्ता गांव में ही रहकर मजदूरी करता था। गांव के ही आरोपित पवन कुमार सिंह उसे जबरिया काम कराना चाहते थे, जिससे मना करने पर 31 अक्टूबर 2014 को शाम सात बजे उससे मारपीट कर रहे थे। इससे मना किया गया जिस पर वह लोग नाजायज असलाह लेकर दरवाजे पर आए और असलाह से जान से मारने की नीयत से फायर कर दी, जिससे उसका दामाद राम नरेश यादव निवासी धर्मपुर मडिया थाना हरपालपुर गिर गया और उसकी मौत हो गई।

इसके अलावा उसकी पत्नी रामकली बेटे सोनपाल बेटी रीता व परिवार के सुखराम, बेला सिंह व श्याम कुमारी को भी चोटें आईं। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर चारों आरोपियों पर हत्या का जुर्म साबित पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जज ने हत्या के प्रयास के मामले में आरोपियों को सात साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने इन आरोपियों पर 17-17 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। इसके अलावा आरोपित धीरेंद्र सिंह पर 2000 रुपये का अतिरिक्त जुर्माना व दीपक सिंह उर्फ विनय कुमार पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर आदि आधी राशि मृतक के आश्रितों को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।

बाजार | होली को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, रंग-बिरंगी और आकर्षक पिचकारियों से सजी दुकानें

बच्चों को पसंद आ रही मोदी और योगी वाली पिचकारी

सीतापुर

अमृत विचार। होली का त्यौहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक फिर से बढ़ने लगी है। सुबह से ही महिलाएं दुकानों पर पहुंचकर सामानों की खरीददारी में लग जाती है। रंगों का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में रेडीमेड कचरी पापड़ सहित आकर्षक नाश्तों के डिब्बों से बाजार गुलजार हो चुका है। इसके साथ ही बच्चों के रंग खेलने के लिए आकर्षक प्रकार की पिचकारियों और रंग गुलाल से शहर की बाजार सज चुका है। लोग घरों में आने वाले मेहमानों को खिलाने के लिए कई प्रकार के नाश्ते की खरीदारी करते

दुकानों के बाहर टंगी मोदी और योगी की पिचकारी। अमृत विचार

दिखाई दे रहे हैं।

बाजारों में होली की तैयारियों को लेकर बाजार सजकर तैयार हो चुके है। इस बार होली के त्यौहार को खास बनाने के लिए व्यापारी बाजार में पापड़ की कई वैरायटी लेकर आये है। इसमें आलू पापड़ मूंग दाल पापड़, चावल आटे के पापड़, साबूदाने क पापड़ मसालेदार पापड़, साहित चिप्स भी कई प्रकार के उपलब्ध है। आलू चिप्स, पालक चिप्स, साबूदाना चिप्स, केले के चिप्स, मक्के के चिप्स, रवा के चिप्स सहित अन्य वैरायटी मौजूद है। होली के रंगों को लेकर बाजारों में विभिन्न प्रकार की आकर्षक पिचकरिया भी उपलब्ध है। जिसमें खासकर गदर 2 फेम हथोड़ा पिचकारी, बाहुबली तलवार कैमरा पिचकारी, मोदी कैन डायनासोर मोदी पाइप, डोरेमोन छोटा भीम मोटू पतलू की पिचकरिया से बाजार की दुकानें सज गई है। सबसे आकर्षक लोगों को आकर्षित करने वाली पिचकारी भगवान की छोटी-छोटी पिचकारी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पिचकारी विक्रेता ने बताया कि उसकी दुकान पर 3 माह के बच्चे से लेकर बड़े बच्चों तक की पिचकरिया मौजूद हैं। जिनकी रेंज 30 से लेकर 2000 तक की पिचकरिया मौजूद है। बाजार में कई प्रकार के कार्बनिक हर्बल कलर एवं गुलाल से भी दुकाने गुलजार नजर आने लगी है। दुकान विक्रेता ने बताया गया कि 20 से लेकर 60 रुपए तक के गुलाल के पैकेट उपलब्ध हैं, इसके साथ ही साथ कार्बनिक हर्बल गुलाल की कीमत 400 डिब्बा है। कैप्सूल कलर भी लोगों के द्वारा खरीदे जा रहे हैं।

जलभराव वाले स्थान पर बन रही पानी टंकी

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम सभा सिरकुंडा विकासखंड रामपुर मथुरा में पानी की टंकी के निर्माण का काम किया जा रहा है जो काफी गहराई में किया जा रहा है। जहां जलभराव रहता है। सोलर पैनल लगाए गए हैं, जोकि पूर्ण रूप से बरसात में पानी में डूब जाएंगे और जो रखरखाव आदि के लिए निर्माण किया जा रहा है उसमें भी पानी भर जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि जानकारी देने के बाद भी कि यहां बरसात में पानी सड़क के ऊपर रहता है, पानी की टंकी का निर्माण यहां किया जा रहा है। निर्माण कार्य में पीली ईंट व घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।

रोजा

शिया
सहरी : 4.41 बजे
इफ्तार : 6.30 बजे

सुन्नी
सहरी : 4.48 बजे
इफ्तार : 6.20 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

एक नजर

सेक्टर मजिस्ट्रेट ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

लहरपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सेक्टर मजिस्ट्रेट मायाराम ने न्याय पंचायत जीतामऊ का भ्रमण कर दस मतदान स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया और उनमें उपलब्ध आवश्यक संसाधनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सेक्टर मजिस्ट्रेट माया राम ने प्राथमिक विद्यालय ईरापुर, प्राथमिक विद्यालय खैरूल्लापुर, प्राथमिक विद्यालय जीतामऊ प्रथम एवं द्वितीय, पंचायत घर शेरपुर तथा मतदान स्थल मोहम्मदी पुर, शाहाबाद, कल्याणपुर, बहादुरापुर आदि का निरीक्षण किया और मतदान कक्ष, पेयजल, बिजली, शौचालय, फर्नीचर और रैम्प आदि को भी देख कर सुविधाओं का भौतिक सत्यापन भी किया।

युवक का फंदे पर लटका मिला शव

सीतापुर। गांधीनगर निवासी अरूण कुमार पुत्र शिवरतन मिश्रा (53) वर्ष कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। बीते तीन दिन पहले उसका भाई परिवार सहित अपनी पत्नी का इलाज कराने बाहर गए हुए थे। सोमवार की दोपहर वापस लौटने पर मृतक के भाई केके मिश्रा द्वारा भाई का शव फांसी से लटका मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

बच्चों को बताई गई विज्ञान की उपयोगिता

सांडा। ब्लाक संसाधन केन्द्र सकरन अंतर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रथम उत्तीर्ण परीक्षा के एक सैकड़ा छात्र छात्राओं को सोमवार को लखनऊ के आंचलिक विज्ञान केंद्र का भ्रमण कराकर विज्ञान की आवश्यकता से अवगत कराया गया। शैक्षिक भ्रमण को हरी झंडी दिखाते हुए सकरन के खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने कहा कि ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता कराई गई। प्रथम चरण में 294 बच्चे शामिल हुए।

बांका से मम्मी को काटकर पापा ने कमरे में लगा ली फांसी

खाना बनाने में देरी पर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पति ने रसोई घर में किया हमला, बेटी ने बताई घटना

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। थानगांव थाना इलाके में एक पति ने पत्नी की बांके से काटकर निर्मम हत्या के बाद स्वयं भी कमरे में फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। सनसनीखेज वारदात के पीछे खाने में देरी को लेकर दोनों के बीच हुआ आपसी विवाद बताया जा रहा है। हत्या की इस वारदात से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मां-बाप की मौत के बाद तीन मासूम बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

क्षेत्र के कोतवालनपुरवा मजरा बरा निवासी परसराम पुत्र मिनतीलाल उम्र (35) वर्ष सोमवार दोपहर में मजदूरी करके घर खाना खाने के लिए पहुंचता है। बताया जाता है कि इस दौरान पति ने अपनी पत्नी प्रेमा देवी से खाना लाने की बात कही। इस पर पत्नी द्वारा रसोईघर से ही खाने में देरी होने की बात कहकर खाना बनाने की बात कही। खाने में देरी की बात सुनकर पति आग बबूला हो गया और दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। दोनों की कहासुनी धीरे धीरे तूल पकड़ने लगी और पति ने रसोईघर में ही पत्नी प्रेमा देवी की पिटाई कर दी।

वारदात

- आरोपी ने खुद को ग्रामीणों से घिरता देख बांके से हमले का किया प्रयास, कमरे में बंद कर लगाई फांसी

पति-पत्नी के आपसी विवाद में हुए झगड़े में पति ने पत्नी की बांके से काटकर हत्या करने के बाद स्वयं भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। फील्ड यूनिट टीम ने साक्ष्यों को संकलित कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक दम्पत्ति के तीन बच्चे है जिसमे दो लड़के और एक लड़की शामिल है। मृतक 6 भाइयों में सबसे छोटा था।

-दिनेश शुक्ला, सीओ, महमूदाबाद

पति का जब पिटाई से भी मन नहीं भरा तो उसने घर में रखे बांके से ही रसोईघर में पत्नी पर ताबड़तोड़ प्रहार कर पत्नी को लहूलुहान कर दिया।

बताया जाता है कि जब पति परशुराम पत्नी प्रेम देवी पर बांके से प्रहार कर रहा था, तो शोर शराबा सुनकर आसपास के रहने वाले ग्रामीण भाग कर परशुराम के घर पहुंचे। घर का मंजर देख ग्रामीणों के पैरों तले जमीन खिसक गई। ग्रामीणों ने प्रेमा देवी का शव जमीन पर खून से लथपथ देखा तो ग्रामीणों ने पति परशुराम को पकड़ने का प्रयास किया, तो उसने ग्रामीणों पर भी बांके से हमला करने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों के बढ़ते दबाव के बाद पति परशुराम कमरे में भाग गया और दरवाजा बंद करके परशुराम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब तक ग्रामीणों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो परशुराम का शव फांसी पर लटक रहा था। सनसनीखेज घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पड़े आलाकत्ल को कब्जे में लेकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया। फील्ड यूनिट टीम ने साक्ष्यों को एकत्रित कर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

घर में दो मौतों के बाद रोते-बिलखते परिजन व घटनाथल पर जांच पड़ताल करते एएसपी प्रवीण रंजन। अमृत विचार

तीन बच्चों के सिर से उठा मां-बाप का साया

पत्नी से विवाद के बाद गुस्से में खौफनाक कदम उठाने वाले मृतक पिता परसराम अपने ही परिवार को उजाड़ कर बच्चों को बेसहारा कर दिया। मृतक के तीनों बच्चे वारदात के समय खेतों की तरफ गये हुए थे। तीनों बच्चे वापस जब लौटे तो उनके माता-पिता इस दुनिया को छोड़कर जा चुके थे। बड़े बेटे रवि (9) वर्ष और रनवीर (7) मां और पिता के बारे में कुछ भी बता पाने में असमर्थ थे। बच्चों ने बताया कि उनके पिता खेत और मां गांव में काम से गई है अभी वापस आ रही होगी। जबकि सबसे छोटी बेटी अंजलि (6) वर्ष ने ग्रामीणों की जुबान से सुने घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया।

मां-बाप की मौत के बाद बेसुध अवस्था में घर के बाहर मौजूद मृतकों के तीनों बच्चे।

16 साल पहले हुई थी शादी

घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हर शख्स बच्चों के चेहरों को देखकर अपने आंसुओं को रोककर बच्चों को समझाने का प्रयास करते हुए नजर आ रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक 6 भाई से सबसे छोटा था। सभी बटंवारे के बाद अलग रहते थे। दोनों की शादी करीब 16 वर्ष हो चुके थे। मृतक बंटवारे में मिली पैतृक खेती और गांव के बहार मेहनत मजदूरी करके अपना और परिवार का पालन पोषण करता था। खाने में देरी के बीच हुए विवाद में परसराम ने गुस्से में सब कुछ तबाह कर दिया।

वाहन की टक्कर से मछली व्यवसायी की मौत

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार। मछली बेचकर बाइक से वापस घर आ रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइकसवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घरवालों ने सीएचसी एलिया पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया।

हंसराज (फाइल फोटो)।

थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के जगदीश निवासी हंसराम उम्र 32 वर्ष पुत्र अल्लीपुर-बंडिया बाइक से मढ़िया बाजार मछली बेचने गए थे। देर रात को वहां से घर वापस आ रहे थे। तभी सीतापुर-गोला मार्ग पर थाना मितौली की मढ़िया चैकी क्षेत्र के नगरा तिराहे के निकट शुक्ला ट्रेडर्स के सामने किसी अज्ञान वाहन ने बाइकसवार हंसराज को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। वहीं टक्कर लगने से घायल हसंराज को सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने ऐलिया सीएचसी पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने घायल हंसराम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक हंसराम के चार बच्चे व पत्नी है, सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

पेड न्यूज, फेक न्यूज पर रखें नजर

सीतापुर, अमृत विचार। विकास भवन के कक्ष संख्या 106 में संचालित कंट्रोल रूम में सोमवार को अचानक मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल पहुंचे गईं और उन्होंने निरीक्षण कर रूम की व्यवस्थाएं देखीं। मुख्य विकास अधिकारी ने सी-विजिल, एनजीआरएस, एमसीएमसी आदि से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यों को संपादित कराएं।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि ड्यूटी पर तैनात सभी कार्मिकों को आयोग के निर्देशों के विषय में भली भांति अवगत करा दिया जाये एवं आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाये। कंट्रोल रूम में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें।

कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी से पूछताछ करतीं सीडीओ निधि बंसल। अमृत विचार

कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश देते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को शिकायत के निस्तारण के विषय में अवगत कराते हुए फीडबैक भी प्राप्त किया जाय। सी-विजिल से प्राप्त शिकायतों का तय समय में निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी को निर्देश दिए कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया की नियमित रूप से मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें और पेड न्यूज, फेक न्यूज आदि से संबंधित प्रकरणों पर आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करें।

चौथे व पांचवें चरण में आयोजित होंगे मतदान

सीतापुर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चतुर्थ चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 29-धौरहरा आंशिक के अन्तर्गत पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्र 145-महोली एवं 147-हरगांव (अ.जा.) तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 30-सीतापुर के अन्तर्गत पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्र 146-सीतापुर, 148-लहरपुर, 149-बिसवां, 150-सेवता, 151-महमूदाबाद तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 32- मिश्रिख (अ.जा.) आंशिक के अन्तर्गत पड़ने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 153-मिश्रिख (अ.जा.) एवं पंचम चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 34-मोहनलालगंज (अ.जा.) आंशिक के अन्तर्गत पड़ने वाले विधान सभा क्षेत्र 152-सिधौली (अ.जा.) हेतु कार्यक्रम निर्धारित किये गये हैं। जिनमें 29-धौरहरा, 30-सीतापुर, 32-मिश्रिख (अ.जा.) आंशिक में चतुर्थ चरण में मतदान होगा। जिसमें निर्वाचन की अधिसूचना 18 अप्रैल, नाम निर्देशन के लिए अंतिम 25 अप्रैल, नाम निर्देशन की संवीक्षा 26 अप्रैल, नाम वापसी के लिए अंतिम दिनांक 29 अप्रैल को होगी। जबकि मतदान 13 मई और मतगणना चार जून को होगी। वहीं 34-मोहनलालगंज (अ.जा.) आंशिक में पंचम चरण में मतदान होगा। निर्वाचन की अधिसूचना 26 अप्रैल, नाम निर्देशन हेतु अंतिम दिनांक 03 मई, नाम निर्देशन की संवीक्षा 04 मई, नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 06 मई होगी। 20 मई को मतदान होगा।

सार-संक्षेप

जिलाध्यक्ष ने चुनाव में तैयार की महिला मोर्चा की भूमिका

महिला मोर्चा की पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला।

सीतापुर, अमृत विचार। चुनाव का एलान हो जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रतिदिन संगठन की बैठक कर पार्टी निर्देशों का पालन कर रहे हैं। सोमवार को जिला कार्यालय पर महिला मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने चुनाव के दौरान महिला मोर्चा की भूमिका तैयार की एवं महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को नियमों से अवगत कराया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने महिला मोर्चा द्वारा किए जा रहे संगठनात्मक कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। साथ ही जिला संगठन की तरफ से दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर ने किया। बैठक में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे व भाजपा महिला मोर्चा से जुड़ी कार्यकर्ता उपस्थिति रहीं।

महिलाओं को जागरूक करना ही कार्यक्रम का मकसद

कॉलेज में नारी सशक्तीकरण कार्यक्रम में अधिकारी व अध्यापक। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। स्थानीय आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में सोमवार को नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय की अध्यापिका नीता सिंह ने सेवक सेविकाओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब नारियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं वह हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। अध्यापक रमेश चंद्र मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि नारियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना है। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने इस अवसर पर कहा कि, सरकार के द्वारा महिलाओं की सशक्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं आज महिलाएं सेना, अंतरिक्ष के साथ साथ देश और प्रदेश के विकास के लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। कार्यक्रम में शैल सिंह, अंकित कुमार, विनोद कुमार शुक्ला, दीक्षा शुक्ला, सुधा भारती, क्षमा अवस्थी, संजीत मिश्रा सहित सभी सेवक सेविकाएं उपस्थित थीं।

खाद्य टीम ने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे 5 नमूने

दुकान पर खाद्य पदार्थों के नमूने सील करती टीम अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। अभिहित अधिकारी/सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय, अभय कुमार सिंह ने बताया कि होली के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर रोकथाम के लिए 18 से 24 मार्च तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। सोमवार को उपजिलाधिकारी मिश्रिख के निर्देश पर नायब तहसीलदार अजय कुमार के पर्यवेक्षण में टीम ने तहसील मिश्रिख क्षेत्र में अटवा चौराहे पर एक पनीर, नहर चौराहे पर दो दूध की बर्फी, नीमसार में एक खोया एवं अस्पताल चौराहा मिश्रिख में पापड़ का नमूना संग्रहीत किया। टीम ने कुल पांच नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे।

नपं में भ्रष्टाचार व घालमेल की सभासदों ने की शिकायत

- भाजपा सभासदों ने खोला आरोपों का पिटारा, पहले से बने नालियों पर निकाला गई धनराशि
- बोर्ड बैठक में हुये प्रस्तावों के बाद हुआ खेल, ईओ बोले- सभी आरोप निराधार

हरगांव, अमृत विचार। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के भाजपा सभासद प्रताप जोशी, अशोक कुमार मिश्र, बिन्देश्वरी, गुड्डी देवी, उमा सिंह, उमेश तथा निर्दलीय सभासद सुएब खां, मलका गौसिया तथा ऋषभ गुप्ता ने डीएम को दिए शिकायत पत्र देते हुए आरोप लगाया कि कुछ मोहल्लों में नगर पंचायत की अवर अभियंता समरा सईद द्वारा अच्छी सड़क व नाली को खराब दिखाकर मरम्मत के नाम लाखों रुपयों के सरकारी धन का अपव्यय किया जा रहा है।

ऐसा ही मामला मोहल्ला सरायंपित्थू का भी है। यहां पर भी पहले से बनी हुई नाली पर पुनः आरसीसी नाली निर्माण व इण्टरलाकिंग की मरम्मत के लिए 16 लाख 60 हजार का टेण्डर निकालकर वर्क आर्डर जारी कर दिया गया। आरोप है कि जिस नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है, वह नाली 85 प्रतिशत व इण्टरलाक 95 प्रतिशत तक बिल्कुल अच्छी हालत में है। आरोप है कि सभासदों के संज्ञान में मामला आते और विरोध करते ही काम और तेजी से शुरू कर आनन फानन ठीकठाक नाली को उखाड़ दिया गया। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत में पूरी तरह सरकारी धन का दुरुपयोग लगातार किया जा रहा है। दूसरे शिकायती पत्र में आरोप है कि नगर पंचायत कार्यालय में तैनात लिपिक रवि गुप्ता द्वारा माह जून में बोर्ड की हुई प्रथम बैठक के हुए प्रस्तावों में बाद में कूटरचित तरीके से दो प्रस्ताव और जोड़ दिये। आरोप है कि बैठक के प्रस्ताव रजिस्टर में दो वार्डों में पीपीई माडल दुकानों के निर्माण के दो प्रस्ताव अपने आप बढ़ा लिए। ज्ञात हो कि मुरादनगर के सभासद सुएब खां तथा गंज वार्ड के सभासद अशोक कुमार मिश्र के वार्डों में पीपीई माडल से दुकानों का निर्माण होना है। दोनों सभासदों का कहना है कि उन्होंने ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं दिया था। भाजपा सभासद बिन्देश्वरी का आरोप है कि 13 मार्च को पीपीई माडल आधारित दुकानों का जब भूमि पूजन हुआ तब उनको आशंका हुई कि बगैर प्रस्ताव के करोड़ों की लागत से बनने वाली दुकानों का निर्माण कैसे हो रहा है। सभासदों ने आरोप बताया कि बोर्ड बैठक रजिस्टर का अवलोकन किया तब लिपिक द्वारा खेला गया खेल समझ में आया। उन्होंने कहा कि मुरादनगर वार्ड में नगर पंचायत की एक भूमि का अधिग्रहण माह अगस्त में किया गया था और उस पर बनने वाली दुकान का प्रस्ताव जून में ही दिखा दिया गया। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्र ने बताया सभासदों द्वारा लगाये गये आरोप पूर्णतया निराधार है। मानक के अनुसार ही कार्य कराये जा रहे है।

नगर पंचायत हरगांव प्रमुख द्वार। अमृत विचार

सक्रियता लोकसभा चुनाव के चलते डीएम-एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

पैरामिलिट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च कर दिया शांति का संदेश

खैराबाद कस्बे में एरिया डोमिनेशन के दौरान डीएम-एसपी सहित सीओ सिटी। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। खैराबाद थाना इलाके में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस बल फ्लैग मार्च कर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया। डीएम-एसपी ने क्षेत्र के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों सहित इलाकों में एरिया डोमिनेशन कर अराजकतत्वों को हिदायत देकर सुरक्षा के लिहाज से जनता से बातचीत की।

पैरामिलिट्री फोर्स ने नगर क्षेत्र के पुरानी बाजार, नई बाजार लतीफ मार्केट, ठब्ड अस्पताल रोड व अन्य मार्गों से होकर के फ्लैग मार्च में पूरे कस्बे में भ्रमण किया। फ्लैग मार्ग के दौरान पुलिस फोर्स ने संदेश दिया कि लोकसभा चुनाव में उपद्रव करने वाले किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। फ्लैग मार्च के दौरान डीएम-एसपी ने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर खामियां मिलने पर जिम्मेदार अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, सिटी अमन सिंह, खैराबाद इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ,कस्बा इंचार्ज अवधेश कुमार यादव सहित पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस बल मौजूद रहा।

कोई भी 50 हजार से ज्यादा नकद लेकर न चलेः एसडीएम

लहरपुर। तहसील सभागार में सोमवार को उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई। उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने आचार संहिता के प्रमुख बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि कोई भी व्यक्ति 50 हजार से अधिक नकद लेकर न चले, जो भी मतदाता 18 वर्ष की आयु पर पूरी कर चुके हैं और किन्हीं कारणों से मतदाता बनने में छूट गए हैं वह अभी भी फार्म 6 भर कर मतदाता बन सकते हैं, ऐसे छूटे हुए मतदाताओं की जानकारी कर उन्हें मतदाता बनवाने में सहयोग करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रामे बाजपेई एडवोकेट, अपना दल यस के विधानसभा अध्यक्ष दिनेश पटेल, समाजवादी पार्टी के भगीरथ मौर्य, बहुजन समाज पार्टी से मो. आरिफ, अतिकुर रहमान व मोहम्मद वसीम कांग्रेस पार्टी से उपस्थित थे।

गाड़ियो पर लगे हूटर हटे

सोमवार को पुलिस ने खैराबाद इलाके में गाड़ियों पर लगे हूटर को खुलवाने का काम किया है। कस्बे में चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो वाहन पर लगे हूटर को देखकर रुकवाया और उसे चालक की मदद से मौके पर ही खुलवाकर गाड़ी को रवाना किया। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़ने वाले या सामने प्रिय बोलने वाले मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

संपादकीय

महत्वपूर्ण कदम

निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को छह राज्यों के गृह सचिवों, बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को हटा दिया है। जिन छह राज्यों के गृह सचिव हटाए हैं, उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। चुनाव आयोग आम तौर पर संसदीय और विधानसभा चुनावों के दौरान ऐसी कार्रवाई करता है, जब हितों के टकराव या ऐसे अधिकारियों द्वारा सभी के लिए समान अवसर को बाधित करने की संभावना का मुद्दा सामने आता है। चुनावों से पहले, चुनाव आयोग राज्यों को चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश देता है। यदि राज्यों द्वारा ऐसे अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाता है, तो चुनाव आयोग उन्हें हटाने का आदेश देता है। जानकारों के मुताबिक पश्चिम बंगाल के डीजीपी को स्थानांतरित करने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि अधिकारी को पहले भी राज्य में 2016 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान सक्रिय चुनाव प्रबंधन-संबंधी ड्यूटी से हटा दिया गया था। लोकतंत्र में सभी दलों के लिए समानता की मांग की जाती है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव उन अवसरों को सुनिश्चित करते हैं। दरअसल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार कई मौकों पर चुनाव के दौरान समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने पर जोर दे चुके हैं।

आयोग की इस कार्रवाई को इन्हीं प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा चुनाव प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है जो इसकी 'स्वतंत्र एवं निष्पक्ष' प्रकृति के बारे में संदेह उत्पन्न करती हैं। सोशल मीडिया पर चलने वाले राजनीतिक अभियान कभी-कभी देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक और सामाजिक तनाव पैदा कर देते हैं जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने के लिए वृहद प्रयास करना चाहिए कि चुनाव में सत्तारूढ़ दल को अन्य दलों की तुलना में अनुचित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा हो। निर्वाचन आयोग को तकनीकी नवाचार, वैधानिक सुधार, जन जागरुकता और वैश्विक सहयोग को शामिल करते हुए एक रणनीति के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए चुनावी अखंडता, समावेशिता और जवाबदेहिता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

गोवा पुर्तगाली अतीत से सनातन की ओर

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है।

गोवा की इमेज इस तरह की बनाई जाती रही कि मानो ये भारत में यूरोप का कोई अंग हो। हां, गोवा पर लंबे समय तक पुर्तगाल का नियंत्रण रहा। उसका असर होना लाजिमी है। पर अब गोवा अब अपने सनातन और भारतीय मूल्यों से जुड़ने को बेकरार है। शताब्दियों लंबे विदेशी प्रभाव और हस्तक्षेप के बावजूद गोवा लगातार भारतीय परंपरा के साथ जुड़ा रहा। जिस गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण को लेकर कभी एलेक पद्मसी जैसे दिग्गज लेखक कहते थे कि समुद्र के किनारे भारत का यह हिस्सा वेस्टर्न कल्चर का ईस्टर्न गेटवे है, वह गोवा आज सनातन और अध्यात्म के साथ अपने सांस्कृतिक डीएनए पर नाज कर रहा।

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है। भारतबोध की समझ और रोशनी में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को देखने की ललक आज हर तरफ देखी जा रही है। ललक की इस लाली में जहां स्वाधीनता को लेकर भारतीय मूल्य की गहरी जड़ों की हम शिनाख्त कर पाए हैं, वहीं गोवा मुक्ति संघर्ष जैसे सुनहरे पन्ने भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रमुखता से जुड़ रहे हैं। गोवा को पुर्तगालियों के 450 सालों के राज से 19 दिसंबर 1961 को आजादी मिली थी जब भारतीय सेना ने कार्रवाई करते हुए सिर्फ 36 घंटे में गोवा को आजाद कराया था। तब से हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। समाजवादी चिंतक और राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया की चर्चा किए बगैर गोवा की आजादी की बात अधूरी ही रहेगी। लोहिया जी ने 18 जून, 1946 को मडगांव में पुर्तगाली औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ गोमंतकों में संघर्ष करने का आह्वान किया था। गोवा के लोग अपने को लोहिया जी का ऋणी मानते हैं, जबकि डॉ.लोहिया कहा करते थे-मेरा गोवा पर नहीं,

गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं।

गोवा का मुझ पर ऋण है। गोवा भारतीय आस्था और परंपरा का स्वर्ण कलश बनके जगमगा रहा है, वह अभूतपूर्व है। बड़ी बात यह कि गोवा की इस चमक में विरासत और विकास का वह गुणसूत्र भी हमें दिखता है, जिसकी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों हर मंच से कर रहे हैं।

बेशक, मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत आज जब अपने प्रदेश की परंपरा और संस्कृति के बारे में बात करते हैं तो यह साफ दिखता है कि वे अपने प्रदेश के विकास और समृद्धि के बीज सनातन मूल्य में देखते हैं, भारत की अध्यात्म यात्रा में देखते हैं। राजनीतिक तौर पर देखें तो गोवा वह राज्य है, जहां जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी की जड़ें गहरी रही हैं। पंडित दीनदायाल उपाध्याय अक्सर कहा करते थे कि गोवा ने न सिर्फ पुर्तगालियों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, बल्कि गुलामी के खिलाफ भारतीय मूल्य और संस्कार का शानदार आदर्श भी दुनिया के सामने रखा। गौरतलब है कि अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा।

इतिहास बताता है कि तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद गोवा भारत का वह हिस्सा है, जहां मंदिरों का पुनर्निर्माण हुआ। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी ने बनवाया। आज जब सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया है तो यह निस्संदेह एक बड़ी सांस्कृतिक पहल है। श्रेय देना होगा वहां के मुख्यमंत्री डॉ. सावंत को कि वे यह सब शोर-शराबे के बजाय धीर और प्रशांत चित्त के साथ कर रहे हैं। उनका संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता गोवा के सांस्कृतिक इतिहास का ऐसा आख्यान साबित होने जा रहा है, जिसका मूल्यांकन महज राजनीतिक आधार पर नहीं किया जा सकता।

गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। 1000-1200 साल पहले तक तो स्थिति यह थी कि गोवा की सांस्कृतिक पहचान कोंकण काशी के रूप में थी।

पिछले एक दशक में देश में विकास और समृद्धि के जो आख्यान लिखे गए, आज गोवा उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य है। इतना ही नहीं, यह पहला राज्य है कि जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू की गई। गोवा आज किरोसीन फ्री स्टेट है। यह शत प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं, बल्कि 13 हैं जिनमें गोवा बाकी प्रदेशों के मुकाबले शीर्ष पर है।

गोवा की विकास यात्रा की बात करें तो मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रीसिटी फॉर ऑल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर ऑल, हेल्थ फॉर ऑल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर ऑल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। डॉ. सावंत गोवा को लेकर बातचीत में कहते हैं कि अर्थ और आराधना का नया साझा आज गोवा को लेकर एक साथ न सिर्फ कई दूषित पूर्वाग्रहों को तोड़ रहा है, बल्कि भारतीय बोध और संस्कार के साथ अपने गहरे जुड़ाव को भी रेखांकित कर रहा है।

प्रसंगवश

धूर्तता की व्याप्ति

धूर्तता राजनीति में ही नहीं, हर क्षेत्र में होती है। नौकरी में, व्यवसाय में, धर्म में, ज्ञान में, लेखन में, पारिवारिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंधों में। न कोई पेशा धूर्त होता है, न कोई क्षेत्र। धूर्त सिर्फ और सिर्फ मनुष्य का विशेषण है। आभासी दुनिया भी वस्तुगत दुनिया का ही आभास है न? हम जो महसूस न करें वह लिख दें, कि इससे ज्यादा लाइक मिलेंगे। या, बिना महसूस किए लाइक का बटन दबा दें कि वह भी दबाता है। या, अहो-अहोवादी टिप्पणी लिख दें कि वह भी लिखता है। इस चक्कर में कभी चित भी लाइक, पट भी लाइक।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ज्यादा से ज्यादा लोगों को ख़ुश करने का यह रोग तो बढ़ते-बढ़ते धूर्तों, चोरों, डाकुओं, बलात्कारियों तक को खुश करने तक पहुंच सकता है। कहां से आता है यह रोग? अधिक से अधिक लोग हमें अच्छा समझें। क्यों भाई, लोगों के समझने से क्या होगा? देश का प्रधानमंत्री या किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है क्या? नहीं न? तो लोगों के चक्कर में क्या पड़ना। जो समझते हैं, समझते रहें। असली सवाल है, हम अपने को क्या समझते हैं? अपने बारे में हमारी क्या राय है? अपने बारे में तो कभी सोचा ही नहीं। जो भी होंगे, ठीक ही होंगे। जो भी क्या? अपने बारे में एक स्थिर राय हो तो इतने लोगों का वोट बटोरने की क्या ज़रूरत। हमसे ज्यादा हमको दूसरा कौन समझ सकता है। दिन-रात का, भीतर-बाहर का साथ है, भाई। अपने बारे में आश्वस्ति हो तो दूसरों के कांटे पर क्या चढ़ना। उनकी राय गिनकर अपने बारे में राय क्या बनाना। विचार करें तो यह तो अव्वल दर्जे की धूर्तता होगी। पहले तो राय देने वालों के बारे में हमारी क्या राय है? धूर्तों, पाखंडियों, शेख चिल्लियों, झूठों, मक्कारों, मौकापरस्तों, कठमुल्लों की राय के चक्कर में पड़ गए तो हो गया बंटाधार। हर आदमी अपने बारे में भले कोई राय न बना पाए, अमूमन अपने जैसों को ही पसंद करता है। माने, उन्हें ही अच्छा समझता है। अकारण, अनजाने। प्रकृति का खेल कहें या कोई और व्याख्या है? मनोविज्ञान तथ्य या फ़िनॉमिनन उगल सकता है, तथ्य या फ़िनॉमिनन का कारण कहां से लाएगा? लेकिन एक विचित्र बात यह है कि अपने बारे में राय बना पाना सबके वश का रोग नहीं होता। किसी किसी के ही होता है। जिनके होता है उन्हीं में उचित मात्रा में आत्मविश्वास पाया जाता है।

सीएए के खिलाफ असम और त्रिपुरा में जनाक्रोश क्यों

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नियमों को अधिसूचित करने के कुछ घंटों बाद असम में विरोध प्रदर्शन हुए। सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियमों की हालिया अधिसूचना के साथ- जिसके पारित होने से 2019 में पूर्वोत्तर में हलचल मच गई थी - इसके खिलाफ असंतोष की आवाजें तेज हो गई हैं, लेकिन इस बार केवल असम और त्रिपुरा में। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन दोनों राज्यों के बड़े हिस्से को छोड़कर पूर्वोत्तर के लगभग सभी क्षेत्रों को सीएए के प्रावधानों से प्रभावी रूप से छूट दी गई है, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई प्रवासियों को नागरिकता देना आसान बनाता है, जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश किया था।

अधिनियम में कहा गया है कि यह प्रावधान 'असम, मेघालय, मिजोरम या त्रिपुरा के जनजातीय क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा, जैसा कि संविधान की छठी अनुसूची में शामिल है, और बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के तहत अधिसूचित 'द इनर लाइन' के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र पर लागू नहीं होगा।'

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है। आईएलपी एक विशेष परमिट है जिसके लिए भारत के अन्य हिस्सों के निवासियों को इन राज्यों में प्रवेश करने और किसी भी अवधि के लिए समय बिताने के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। शुरुआत में क्षेत्र के जनजातीय पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के माध्यम से अंग्रेजों द्वारा शुरू की गई यह प्रणाली

दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है।

स्वतंत्रता के बाद के घोषित उद्देश्य के साथ जारी रही, जिसका उद्देश्य था 'स्थानीय जनजातीय लोगों की रक्षा के लिए अन्य भारतीय नागरिकों को बसने से रोकना'। गौरतलब है कि यह प्रणाली केवल तीन राज्यों-अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मिजोरम में लागू थी- सीएए लागू होने के बाद राज्य में विरोध प्रदर्शन के बाद जनवरी 2020 में मणिपुर को इसके दायरे में लाया गया।

पूर्वोत्तर की सात बहनों में से मिजोरम पहले से ही सीएए के दायरे से बाहर है क्योंकि वहां आईएलपी लागू है। शिलांग के आसपास के एक छोटे से हिस्से को छोड़कर पूरा मेघालय तीन अलग-अलग एडीसी के अंतर्गत आता है-खासी, गारो और जैंतिया पहाड़ियों के लिए एक-एक। छठी अनुसूची के तहत असम में तीन एडीसी हैं -बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद जो पांच जिलों को कवर करती है, उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद जो एक जिले को कवर करती है,और कार्बी-आंगलोंग स्वायत्त जिला परिषद जो दो जिलों को कवर करती है। इसी तरह त्रिपुरा में त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद है।

मेघालय का अधिकांश हिस्सा छठी अनुसूची के अंतर्गत आने के बावजूद विपक्षी वॉयस ऑफ पीपुल्स पार्टी जैसे समूहों के बीच अभी भी कुछ असंतोष है, जो छठी अनुसूची के तहत नहीं आने वाले क्षेत्रों में सीएए के कार्यान्वयन के खिलाफ है। मेघालय सरकार पहले से ही राज्य भर में आईएलपी व्यवस्था लागू करने पर जोर दे रही है, जो सीएए को निरर्थक बना देगा।

असम (जो बांग्लादेश के साथ 263 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है) और त्रिपुरा (जिसकी बांग्लादेश के साथ 856 किलोमीटर की सीमा है) का अधिकांश भाग छठी अनुसूची या आईएलपी शासन के अंतर्गत नहीं आता है। और इसीलिए इन इलाकों में सीएए के खिलाफ असंतोष है। दोनों राज्यों में अप्रवासी विरोधी भावना प्रबल है, जो बांग्लादेश के साथ लंबी सीमा साझा करते हैं और उस समय से पहले से ही पड़ोसी देश से शरणार्थियों का आना जारी है, जब इसे पूर्वी पाकिस्तान के रूप में जाना जाता था। इन प्रवासों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सीएए न केवल स्पष्ट रूप से मुस्लिम शरणार्थियों/प्रवासियों को अपने दायरे से बाहर करता है, बल्कि यह हिंदू शरणार्थियों/प्रवासियों को वैध बनाने का भी वादा करता है। इस प्रकार, यह असमिया जातीय-राष्ट्रवादियों और तेजी से त्रिपुरी आदिवासियों के लिए अपमानजनक है, जो बंगाली बोलने वालों की बढ़ती संख्या से खतरा महसूस करते हैं।

केंद्र अब सीएए को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से अलग करने का दावा कर रहा है- अवैध आप्रवासियों को बाहर निकालने के लिए, जिसकी मूल रूप से कल्पना की गई थी और केवल असम में लागू किया गया था, लेकिन काम रुका हुआ है।

सोशल फोरम

औरतें हर मामले में बेहतर

औरतें हर मामले में आदमियों से बेहतर जज होती हैं। इस बात पर मुझे कभी शक नहीं रहा। ऐसे में यदि कोई औरत वाकई में जज रही हो तो उसकी समझदारी पर उंगली उठाना तो कटेम्ट ऑफ कोर्ट से भी बड़ा जुर्म होगा, यह पक्का है।

औरतें जब भी कुछ करती हैं सोच विचार कर करती हैं। एक बार ठान लें कुछ तो फिर किए बिना मानती नहीं। फायदा नुकसान नहीं देखती वो। उनसे रार मोल लेना ख़तरनाक है। वो यदि आपको निपटाने पर उतर आएं तो पहले से ही मान लें कि आपका काम लगना ही लगना है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

औरतें यदि झगड़ बैठे तो फिर आपकी ज़िंदगी में सुकून कब आएगा? आएगा भी कि नहीं ये उनकी मर्ज़ी पर है। झगड़ने के मुद्दे भी वो ही तय करती है और उसूल भी। वो आपसे ऐसे मुद्दों पर भी झगड़ सकती हैं जो आपकी समझ में मुद्दे थे ही नहीं। वो रह-रह कर झगड़ सकती हैं। हो सकता है आप कभी ये गलतफहमी पाल लें कि आप जीत गएं हैं। मामला सुलझ गया है ! आप इत्मीनान से सुस्ताने के मूड में आ जाएं, पर वो अचानक पुरानी बात फिर से दोहराना, तिहराना शुरू कर सकती हैं। आपके खानदान के सारे गड़े मुर्दे उखाड़ कर रहम की अपील करने लगें । आप थक हार कर गिर पड़ें। सफ़ेद झंडा फहरा दें तो वो झंडा फाड़कर उसका डंडा लेकर आपको दौड़ा सकती हैं।

अब फ्रांस की एक समझदार मोहतरमा को ही ले लीजिए। उसने अपने उस पति से जिसने बमुश्किल इससे अपना पीछा छुड़ाया था, फिर घेर लिया। फर्जी कागज बनाए और उससे फिर शादी कर ली। वैसे ऐसा करने के पीछे उसकी जो सोच थी वो बेहद वाजिब सी थी। वो उसे तरक्की करते नहीं देख सकती थी। आदमी को आगे बढ़ने से केवल औरत ही रोक सकती है। इस औरत को अपनी क़ाबिलियत पर पूरा भरोसा था। उसे लगा कोई दूसरी औरत इस काम को उससे बेहतर तरीक़े से अंजाम दे नहीं सकेगी। उसने अपना नज़ला उतारने के लिए एक ही शख्स को दोबारा चुना।

-फेसबुक वॉल से

स्व अथवा बाहरी प्रेरणा - कौन सी प्रभावशाली

मध्यवर्गीय परिवारों में प्राय, मां-बाप या समाज के लोग अपने बच्चों को अड़ोस-पड़ोस के, अपने आफिस के सहचर, निकटवर्ती रिश्तेदारों के बच्चों की सफलता की कहानी सुनाकर, उनके संघर्षों के किस्से (जो कुछ तो वास्तविक तो बहुत कुछ काल्पनिक भी गढ़ दिए जाते है) सुनाकर सोचते हैं कि इनसे उनका बच्चा कुछ सीखेगा और उन कामयाब किस्सों के नायक-नायिका से प्रेरणा लेकर उन जैसा बनने या उनसे कुछ सीख लेकर आगे बढ़ेगा। मध्य वर्ग तो वैसे भी अधिकतर परेशान ही रहता है। उसके कुछ सपने है, जो वह स्वयं पूरा नहीं कर पाया किंतु अपने बच्चों से कराने हैं। वह उच्च वर्ग की चमक दमक से प्रभावित है पर उन जैसा बन नहीं पा रहा। यह अभिलाषा वह अपने बच्चों से पूरा करना चाहता है। ऐसे में उसको कोई निकटवर्ती रिश्तेदार, आफिस सहचर या पड़ोसी का बच्चा कामयाब हो जाए तो उसको अच्छा जरा भी नहीं लगता किंतु उसको अपने बच्चों को सुनाने के लिए मसाला अवश्य मिल जाता है। हमारे देश में वैसे भी नायक पूजन की पंरपरा रही है। ऐसे में किसी की सफलता के किस्से बड़ी सरलता से फैल हो जाते है। और इसमें यदि कोई ऐसा जायका लगा हो कि वह कामयाब व्यक्ति पहले बहुत गरीब था। खाने के भी लाले थे और बड़े संघर्षों के बाद उसको सफलता हासिल हुई है तो ऐसे किस्से मोहल्लों और रिश्तेदारों के घर पर बच्चों को अक्सर सुनाए जाने लगते हैं। बच्चों की शामत आने लगती है। उनकी सुबह शाम इन तथाकथित कामयाब नायक-नायिकाओं के संघर्ष की दास्तान सुनकर बीतती है। मां बाप

अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े।

को लगता है कि ऐसा करके हम बच्चों पर बहुत बड़ा उपकार कर रहे हैं। उसे उस व्यक्ति जैसा बनने की प्रेरणा दे रहे हैं।

लेकिन क्या वास्तव में ऐसा ही है। क्या किसी और की कहानी ने किसी को आज तक इस कदर प्रभावित किया है कि ऐसे किस्सों से किसी ने अपनी जीवन की दशा तय कर ली हो? किसी और के जूते में पैर रखकर क्या कोई दौड़ में जीत पाया है? क्या किसी के बने बनाए खांचे में कोई अपने आप को फिट करके कोई कामयाबी के रास्ते तय कर पाया है? क्या कोई कभी किसी के जैसा हो पाया है? क्या किसी से प्रेरणा लेकर या किसी के किस्से सुनकर आम जनमानस की सोच परिवर्तित हुई है?

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े। जिस प्रकार मोबाइल को चलाने के लिए उसकी अपनी बैटरी ही काम आती है, अलग से पावर बैंक लेकर चलने से मोबाइल फोन संचालन में असुविधा महसूस होती है, उसी प्रकार आंतरिक प्रेरणा के अभाव में बाहरी प्रेरणा बेवजह का बोझ दिखाई देती है। कभी-कभी जो व्यक्ति संघर्ष के रास्तों में बढ़ रहा है और बार-बार असफल हो रहा है, उसे औरों के किस्से प्रेरित नहीं करते बल्कि अखरते है। कोई भी व्यक्ति जब कर्तव्य पथ पर गतिमान होता है तो वह अपने हिस्से की प्रेरणा स्वयं ग्रहण कर लेता है। वह किसी भी व्यक्ति या वस्तु या घटना से ली जा सकती है। कभी-कभी व्यक्ति उन लोगों से भी प्रेरणा लेता है जो कि दूर के हों। जिनके किस्से अखबारों में आए हों। उनका संघर्ष जो किताबों में लिखा जाता है, उन्हें प्रभावित कर सकता है। पर अपने परिवार/करीबियों द्वारा समीप के किसी व्यक्ति का महिमा मंडन स्वयं के रास्ते में अपशकुन सा दिखाई देता है। मां-बाप, अभिभावक यह समझें कि किसी असफल या हीन भावना से ग्रसित बच्चों को किसी से तुलना उसका आत्मविश्वास डिगा सकता है, प्रेरित नहीं कर सकता। व्यक्ति प्रेरित होता है स्वयं के जज्बे से। कोई भी व्यक्ति जब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसके अंदर स्वयं की ललक जाग्रत ना हो। उसके भीतर की ललक उसको सोने नहीं देती। सफलता के लिए किसी खास परिपाटी में जड़ ना होकर खुले आकाश में उन्मुक्तता से विचरण करना पड़ता है। घिसी घिसाई सोच से ना चलकर नवीन विचारधारा से जुड़ना पड़ता है। वो जज्बा बच्चे के भीतर पैदा हो, उसके लिए अभिभावक/परिवार के लोग उपयुक्त वातावरण प्रदान करें।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है।

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत 1950 में हुई थी किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम गहन वैचारिक मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही प्राप्त होगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर से बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचारशक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक है।

तकनीक के सदैव से ही दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक अथवा वरदान एवं अभिशाप। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है क्योंकि यह कदम बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या को बढ़ाने का काम करेगा और बेरोजगारी बढ़ने से देश का विकास पूर्णतया बाधित हो जाएगा। बेहतर रूप में ऐसा किया जा सकता है कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी और एक दिन ऐसा होगा जबकि वे किसी भी विषय पर अपनी स्वतंत्र सोच एवं तर्क प्रस्तुत कर पाने में असमर्थ हो जाएंगे।

एक नजर

ट्रेन में मुफ्त यात्रा के लिए बना फर्जी पुलिसवाला

अयोध्या। अमृत विचार : वर्दी का धौंस दिखा रेलवे में बिना टिकट यात्रा करने की फितरत में एक युवक फर्जी पुलिसवाला बन गया। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस ने सोमवार को उसे बावर्दी पकड़ लिया। मौके से पुलिस ने वर्दी, बिल्ला, नेम प्लेट, टोपी, बेल्ट आदि बरामद किया है। निगरानी और जांच तलाशी में जुटी राजकीय रेलवे पुलिस को प्लेटफार्म नंबर एक के पूर्वी छोर स्थित खंभे के पास बावर्दी एक पुलिसकर्मी दिखा। उसकी हरकतों पर रेलवे पुलिस को शक हुआ तो उससे पूछताछ की। उसने अपना नाम पता रोहित पांडेय (24) निवासी भारीडीहा बेनीपुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अंबेडकरनगर बताया और पुलिस महकमें में तैनात होने की बात कही। रेलवे पुलिस ने तैनाती स्थल, भर्ती के वर्ष व पीएनओ नंबर के बारे में जानकारी मांगी तो वह सकपका गया और आनाकानी करने लगा। कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि उसे इधर-उधर घूमने और धौंस जमाने का शौक है। पुलिस की वर्दी देख ट्रेन में टीटीई टिकट नहीं मांगते हैं और आम यात्रियों पर रौब बना रहता है।

गैराज में खड़ी ट्रक में लगी आग

नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार : नैनी के डभांव में सोमवार सुबह एक गैराज के अंदर खड़ी ट्रक में अचानक आग लग गई। आग की लपटें लोगों ने देखी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर नैनी अग्निशमन केंद्र की गाड़ी मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग को बुझाया। रीवा राजमार्ग पर स्थित डभांव मोहल्ले में आफताब खां का कारखाना है। उसी में अरुण द्विवेदी का ट्रक मरम्मत के लिए आया था। सोमवार सुबह अचानक गाड़ी के इंजन मे आग लग गई। आसपास के लोग मौके पर जुटे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। सूचना पाकर नैनी फायर स्टेशन से दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझाया।

शास्त्र संरक्षण से ही भारत बनेगा विश्व गुरु : श्रीनिवास

अयोध्या में चार दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा की शुरुआत

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : शास्त्र संरक्षण से ही भारत विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो सकता है। स्पर्धाओं से जहां शास्त्र का संरक्षण होता है वही विधार्थी में मेघा का भी विकास होता है। भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में जाग्रति लाने के लिए ऐसी प्रतिस्पर्धाओं की आवश्यकता है।

यह बातें सोमवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नव देहली के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी ने कहीं। वह यहां मणिराम दास छावनी में अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के शुभारंभ समारोह को संबोधित रहे थे। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कुलपति ने कहा कि संस्कृत शास्त्र संरक्षण की दृष्टि से भारत सरकार द्वारा प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे देश भर के संस्कृत के छात्र - छात्राएं शास्त्रों को कंठस्थ करते हैं और शास्त्र परम्परा को संवर्धित करते हैं। यह सौभाग्य की बात है राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 61 वीं स्पर्धा रामनगरी में हो रही है।

अयोध्या में शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन करते प्रमुख अतिथि व कुलपति।

प्रमुख अतिथि प्रो. देवीसहाय पाण्डेय 'दीप' ने संस्कृत व संस्कृति के अन्तःसम्बन्ध को बताते हुए सभी से आह्वान किया कि वे भारतीय ज्ञान परम्परा को सम्वर्धित करने के लिए अपनी महती भूमिका का निर्वाह करें। सारस्वत अतिथि प्रो. दौर्बलप्रभाकर शर्मा ने कहा कि समस्त संस्कृतज्ञों को भगवान् श्री के आदर्शों के अनुरूप उत्प्रेरणा प्राप्त होगी। विशिष्ट अतिथि के सत्यध्यानाचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में संस्कृत का विशिष्ट स्थान है। राम इस संस्कृति के प्राण हैं। इससे पहले अतिथियों का स्वागत प्रो लोकमान्य मिश्र ने किया। प्रो. मधुकेश्वर भट्ट, प्रो. गणेश टी पंडित, प्रो. भारत भूषण त्रिपाठी, प्रो. धनीन्द्र कुमार झा समेत देश भर से आए 100 से अधिक विद्वान मौजूद रहे।

रामनगरी में 28 राज्यों के 600 संस्कृत छात्रों का संगम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनगरी में पहली बार हो रही केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा 2023-24 देश में संस्कृत के संवर्धन का प्रतीक बनेगी। इस अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में देश के कुल 28 राज्यों से करीब 600 संस्कृत के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। संपूर्ण रूप से संस्कृत केंद्रित कार्यक्रम में देश भर से सभी 100 से अधिक संस्कृत के प्रकांड विद्वान भी बतौर निर्णायक के रूप में यहां पहुंचे हैं। मणिराम दास छावनी के श्रीराम सत्संग भवनम् में सोमवार से प्रारम्भ हुई चार दिवसीय इस शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में केरल से लेकर पंजाब और उत्तराखंड से लेकर महाराष्ट्र तक में संचालित संस्कृत महाविद्यालयों, गुरुकुल, और कला शालाओं के छात्र - छात्राएं विभिन्न विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए श्रीराम सत्संग भवनम् को भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनुरूप ही श्रंगारित किया गया है। खास बात यह है संचालन से लेकर विशिष्ट जनों का सम्बोधन और सभी किया कलाप संस्कृत में ही सम्पादित किए जा रहे हैं। उद्घाटन से पूर्व केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नव देहली के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी ने आए हुए प्रतिस्पर्धियों से मुलाकात की और व्यवस्था का जायजा भी लिया। विभिन्न प्रांतों से आए छात्र - छात्राओं और विशिष्ट आगंतुकों के लिए निवास और भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रतिस्पर्धा का समापन 21 मार्च को होगा।

अब केवल राम पथ पर होगा ईवी बसों का संचालन

अयोध्या, अमृत विचार: अब ईवी बसों का संचालन केवल राम पथ पर होगा। अन्य पांच पथों पर बसों का संचालन बंद कर दिया गया। अयोध्या बस स्टेशन पर कैंटीन शुरू कर दी गई। ईवी बसों के ड्राइवर काम पर लौट आए हैं। ड्राइवरों को नाश्ता भोजन न मिलने पर दो दिनों तक अयोध्या में ईवी बसों का संचालन ठप रहा। अयोध्या बस स्टेशन पर सोमवार को नगर निगम की ओर से कैंटीन शुरू की गई। इसके बाद 40 में से 38 बसों के चालक व परिचालक वापस लौटे। उन्होंने बसों का संचालन शुरू कर दिया। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि बसों का संचालन अब केवल राम पथ पर किया जाएगा। 20 बसें अयोध्या से सहादतगंज और 20 बसे सहादतगंज से अयोध्या के बीच चलाई जाएंगी।

संवेदनशील बूथों पर पहुंचे डीएम व एसपी, ग्रामीणों से किया संवाद

संवाददाता, प्रतापगढ़

निरीक्षण

अमृत विचार : डीएम संजीव रंजन एवं एसपी सतपाल अंतिल लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये संवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से मताधिकार को लेकर संवाद किया।

लक्ष्मणपुर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय हण्डौर एवं सुन्दरपुर का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों से बातचीत कर लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। प्राथमिक विद्यालय हण्डौर में भवन जर्जर स्थिति में देख डीएम ने एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि तत्काल विद्यालय की स्थिति को ठीक कराया जाये, जिससे मतदान सकुशल सम्पन्न हो सके। मतदाता सूची में महिलाओं की संख्या कम पायी मिली। जिस पर डीएम ने ग्रामवासियों से कहा कि बेटियों/ महिलाओं का नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वायें। एसपी सतपाल अंतिल ने वहां पर उपस्थित पुलिस अधिकारी से जानकारी ली तो हण्डौर ग्राम में 41 शस्त्र लाइसेन्सधारक पाए गये। प्राथमिक विद्यालय सुन्दरपुर का स्थलीय निरीक्षण कर वहां पर व्यवस्थाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसपी ने जानकारी ली तो शस्त्र 30 शस्त्रधारक मिले। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को सशत्र जमा करवाने का निर्देश दिया। डीएम एवं एसपी ने लीलापुर थाने का निरीक्षण कर वहां पर उपस्थित चौकीदारों से कहा कि निर्वाचन के दौरान सतर्क दृष्टि बनाये रखें और सूचनायें संकलित कर थाना प्रभारियों को सूचनायें उपलब्ध करायें। इसके बाद डीएम एवं एसपी ने पौराणिक स्थल अजगरा का निरीक्षण कर वहां पर बने संग्रहालय में रखी गयी वस्तुओं को देखा और संस्कृति विभाग को म्यूजियम हेतु पत्र भेजने का निर्देश सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस दौरान अतिरिक्त एसडीएम निर्वाचन तनवीर अहमद आदि उपस्थित रहे।

फिल्म अभिनेत्री उर्वशी सोलंकी पहुंचीं अयोध्या

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : फिल्म अभिनेत्री उर्वशी सोलंकी सोमवार को अयोध्या पहुंचीं। वह देशभक्ति एल्बम की शूटिंग करने आई है। साथ ही भगवान राम से जुड़े गीत की भी शूटिंग करेंगी। कहा कि अयोध्या अद्भुत है। चारों ओर विकास हो रहा है। मन में आया कि याददाश्त में बने रहने के लिए अयोध्या पहुंचना चाहिए। अब अयोध्या आ गई हूं। देश पहले सोने की चिड़िया थी, अब बन गई शेर की चिड़िया गीत की शूटिंग करेंगी। गीत की शूटिंग वह सेना की वर्दी पहन करेंगी। यह एल्बम की गीत होगा। उर्वशी ने सरकार की जमकर तारीफ की। कहा कि जब से रामजी अयोध्या वापस आए हैं। क्यों न हम भी एक देशभक्ति गीत रामनगरी में सूट करें। यह हमारे लिए यादगार होगा।

फिल्म अभिनेत्री उर्वशी सोलंकी।

नैनी में पकड़ी गई असलहा फैक्ट्री

संवाददाता, प्रयागराज

चुनाव से पहले हथियारों का जखीरा बरामद, पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले नैनी पुलिस और यमुना नगर टीम ने असला फैक्ट्री और हथियारों का जखीरा पड़कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। नैनी के कांशी राम आवास योजना के एक निष्प्रयोज्य भवन में छापा मारकर असलहा फैक्ट्री पकड़ा गया। मौके से पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में पिस्टल, रिवाल्वर, तमंचे, उपकरण एवं मशीनें बरामद किया गया।

डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने व अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस आयुक्त करछना के पर्यवेक्षण में थाना नैनी पुलिस व एसओजी टीम यमुनानगर की संयुक्त कार्यवाही के दौरान रविवार को विकास गुप्ता पुत्र संतोष गुप्ता निवासी ग्राम धनुहा, मामा भांजा तालाब, थाना नैनी को छिवकी टीएसएल जाने वाली रोड से शाम गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा 312 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त विकास गुप्ता से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर देर रात काशीराम आवास, एडीए कालोनी, सरपतहिया के निष्प्रयोज्य भवन में चलती हुयी अवैध असलहा फैक्ट्री पर छापा मारा गया। यहां से अतुल सोनकर उर्फ रिषु पुत्र स्व. रामनरेश सोनकर निवासी चाका दोसी का बगीया, विजय कुमार सोनकर पुत्र लालचन्द्र सोनकर निवासी लिप्टन कालोनी सब्जी मण्डी, नैनी एवं मोहम्मद फैजान पुत्र मोहम्मद फारूख निवासी चक रघुनाथ नैनी बाजार थाना नैनी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अतुल सोनकर उर्फ रिषु ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि सोमवार को अभियुक्त मोनू भारतीया पुत्र नरेश भारतीया निवासी चाका, बसंत का पुरा थाना नैनी को पुराने यमुना पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक तमंचा 12 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

लखनऊ एसटीएफ की हिरासत में आरोपी की मौत का मामला

दो अज्ञात महिला सिपाहियों समेत कई पर मुकदमा

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : लखनऊ एसटीएफ की हिरासत में एक मामले में आरोपी युवक की मौत के मामले में मृतक की बेटी की तहरीर पर दो अज्ञात महिला सिपाहियों समेत कई पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। शव का पैनल गठित कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई की बात कही।

सांगीपुर के लखहरा निवासी अजय प्रताप सिंह उर्फ शक्ति (45) पुत्र राजनाथ सिंह को लखनऊ एसटीएफ ने हिरासत में लिया था। आरोपी लखनऊ के गोमती नगर कोतवाली में उसके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के आरोप का मुकदमा दर्ज है, जिसमें वह वांछित था। रविवार दोपहर एसटीएफ की लखनऊ यूनिट उसके घर पहुंची और गिरफ्तार करके उसे ले जा रही थी। लालगंज में उसकी तबियत खराब होने पर शाम करीब पांच बजे एसटीएफ उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज ले गई। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख उसे रेफर कर दिया गया। उसे मेडिकल कालेज से सम्बद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने अजय को मृत घोषित कर दिया। एसटीएफ अस्पताल में शव छोड़कर सूचना देकर चली गई। बेटी जान्हवी ने रविवार शाम एसओ सांगीपुर को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुलिस की प्रताड़ना से हत्या हुई है। पुलिस ने दो अज्ञात महिला सिपाहियों समेत कई अज्ञात एसटीएफ कर्मियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया। सोमवार सुबह मृतक की बेटियों के साथ परिवार और गांव के लोग थाने पर पहुंचे। आरोपी एसटीएफ कर्मियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। थाने पर आए लोगों ने सभी के नाम बताये जाने की बात कही। सीओ लालगंज रामसूरत, एसओ मनीष तिवारी के समझाने के बाद लोग किसी तरह माने।

एसटीएफ की हिरासत में मौत मामले में सांगीपुर थाने में जुटे मृतक के परिजन व ग्रामीण।

> मेरे पापा को पूर्व में दो बार हार्ट अटैक आ चुका था, सर्जरी भी हुई थी। उनकी तबियत अक्सर खराब रहती थी। एसटीएफ व दो महिला सिपाहियों द्वारा अचानक पिटाई करने से स्थिति भयावह हुई, जिससे उनकी मौत हो गई।
> - जान्हवी, मृतक की बेटी

> मामले में दो अज्ञात महिला सिपाहियों व एसटीएफ कर्मियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी तथ्य जुटाए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।
> - रामसूरत सोनकर, सीओ लालगंज

इनर व्हील क्लब ने चलाया कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

प्रयागराज, अमृत विचार : इनर व्हील क्लब ऑफ इलाहबाद ईस्ट की ओर से सोमवार को कैंसर चैरिटी प्रोगाम का आयोजन किया गया। विशिष्ठ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर ईश्वर की प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तीन चरणों में अलग अलग विषयों पर आधारित कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से हुई। सुप्रसिद्ध गायिका मेनका मिश्रा की प्रस्तुति को खूब सराहा गया। कैंसर जैसी बीमारी से लोगों के दिल में डर इतना बैठ जाता है कि वह चाहकर भी ठीक होने की दिशा में नही सोच पाता। इसी विषय पर मेडिकल कालेज के डॉ. राजुल अभिषेक ने तमाम जानकारियां दी। रैंपवॉक में विजेता को क्राउन पहनाकर विजयी घोषित किया गया। इस अवसर पर इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 312 की चेयरमैन सुषमा अग्रवाल उपस्थित थीं।

सार-संक्षेप

नौका विहार करने पहुंचे राज्यपाल। अमृत विचार

असम के राज्यपाल ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया सोमवार को परिवार समेत राम लला का दर्शन पूजन किया। इसके बाद सरयू में नौका विहार भी किया। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मैं रामलला का दर्शन पाकर सौभाग्यशाली हूँ। उन्होंने कहा कि मैं 1992 के कारसेवा में भी शामिल रहा। रामलला की मूर्ति की तारीफ भी की। कहा राजनीति में भ्रष्टाचार हर लेवल पर समाप्त होना चाहिए। हम जनता के सेवक हैं। मथुरा- काशी मामले पर बोलते हुए कहा कि कोर्ट के निर्णय को सब लोग मानेंगे।

शिक्षक की हत्या के विरोध में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन ठप

प्रतापगढ़। अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा की कापी लेकर जा रहे शिक्षक की मुजफ्फरनगर में साथ चल रहे आरक्षी द्वारा गोली मारकर हत्या करने के विरोध में सोमवार को दो बजे के बाद जिले के पांचों केंद्रों पर चल रहे मूल्यांकन को स्थगित कर दिया गया। जीआईसी सहित सभी केंद्रों पर शोकसभा कर मृत शिक्षक को श्रद्धांजलि दी गई। वाराणसी से यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा की कापी लेकर आए मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश ने अध्यापक धर्मेंद्र कुमार की रविवार की रात मुजफ्फरनगर में गोली मार कर हत्या कर दी। वाराणसी से कापिया लेकर यह लोग 14 मार्च को निकले थे। रास्ते में जनपद प्रयागराज, शहाजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर में कॉपियां उतारकर रविवार की रात मुजफ्फरनगर पहुंचे थे। एसडी इंटर कालेज का दरवाजा बंद होने के कारण गाड़ी में ही विश्राम कर रहे थे, तभी नशे में धुत आरक्षी ने घटना को अंजाम दिया। इसे लेकर जिले के शिक्षकों में भारी आक्रोश है। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नसरत अली के नेतृत्व में जीआईसी में दो बजे के बाद मूल्यांकन कार्य स्थगित कर शोकसभा की गई।

अरविन्द बने ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष

प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष को बधाई देते ग्राम प्रधान।

मिर्जापुर। पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय ने राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन का जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार द्विवेदी को मनोनीत किया है। इनके मनोनयन पर मार्ल्यापण कर जिले के ग्राम प्रधानो ने बधाई दी है।

युवाओं में कर्तव्य का भाव बोध कराता है एनएसएस

प्रतापगढ़। अमृत विचार : पीबीपीजी कालेज सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना के चार इकाइयों के विशेष शिविर का पांचवा दिन सोमवार साफ सफाई से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि योजना का शुभारंभ ही देश के युवाओं - नौजवानों में राष्ट्र व समाज के प्रति कर्तव्य का भाव-बोध कराने के लिए हुआ था। ताकि युवा पीढ़ी अपनी जिम्मेदारी को समझे और संवेदनशील बनी रहे। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं में यह भाव भरने में सफल भी है और युवाओं ने समय- समय पर अपनी जिम्मेदारी निभाई भी है। राज्य विश्वविद्यालय के एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो . उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व भर में राष्ट्रीय विकास, सेवा, शांति, राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करने वाले छात्रों के सबसे बड़े रचनात्मक संगठन के रूप में हमारे सामने है। इस योजना ने युवा जागरुकता, राष्ट्र निर्माण और विश्व शांति के लिए अनेक कार्यक्रमों के साथ अपनी पहचान बनाई है। एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डा .नीरज त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। डा . कुलदीप सिंह, अजय सिंह, डा .प्रणव ओझा ने भी संबोधित किया। संचालन रवि प्रकाश सिंह ने किया।

भाजपा विधायक विनोद सिंह पर नहीं चलेगा मुकदमा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : कचहरी गैंगवार केस में सुल्तानपुर के भाजपा विधायक विनोद सिंह के खिलाफ अब जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं का मुकदमा नहीं चलेगा। हाई कोर्ट इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ ने निचली अदालत के विधायक को तलब किए जाने के आदेश को निरस्त कर दिया है, जबकि सह अभियुक्त कमला देवीको राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट से उनकी निगरानी खारिज कर दी है। यह आदेश लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति फैज आलम खान की कोर्ट से हुआ है।

सड़क पर रील बनाने वालों को पुलिस ने सिखाया सबक

संवाददाता, जेठवारा प्रतापगढ़

34 लोगों का शांति भंग में चालान कर सीज की 16 बाइक

अमृत विचार : युवक के बर्थडे पार्टी में जुटे उसके दोस्तों ने जमकर हंगामा किया। सड़क पर रील बनाकर राहगीरों को परेशान किया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 34 लोगों का शांति भंग में चालान कर पकड़ी गई 16 बाइकों को सीज कर दिया।

जेठवारा थाना क्षेत्र के सराय महा सिंह गांव के पंचायत भवन मैदान में रविवार रात करीब 10 बजे ऋतिक पुत्र ओम प्रकाश गौतम के बर्थडे पार्टी में शामिल होने उसके दोस्त पहुंचे थे, सभी पार्टी में हंगामा करने लगे। पहले देर शाम को ऋतिक अपने दोस्तों के साथ कटरा गुलाब सिंह - कानूपुर मुख्य मार्ग के रामचन्द्रपुर नहर पुलिया से पंचायत भवन सराय महा सिंह तक बाइक से चलकर रील बनाते समय राहगीरों व ग्रामीणों को तंग किया। बाद में पंचायत भवन में बर्थडे पार्टी शुरू हुई तो युवकों ने जमकर हंगामा किया। युवकों के हंगामे से परेशान ग्रामीणों व राहगीरों ने पुलिस से शिकायत की। सूचना पर एसओ जेठवारा धर्मेंद्र कुमार सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे तो पुलिस को देख वहां भगदड़ मच गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने 48 युवकों के साथ 16 बाइक बरामद कर थाने उठा लाई। 34 लोगों का शांति भंग में चालान किया गया।

होली : बाजार में मोदी - योगी के मुखौटे की धूम

संवाददाता, प्रयागराज

होली पर आचार संहिता की उड़ रहीं धज्जियां

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव - 2024 जून माह में होना है। आचार संहिता भी लागू हो चुकी है। शासन और प्रशासन ने कड़ा निर्देश जारी किया है कि किसी प्रकार का कोई प्रचार-प्रसार न हो। साथ ही अनुशासन बनाये रखे। आदेश और निर्देश को जारी करने वाले ही आचार संहिता का खुला उलंघन करा रहे है।

होली के पर्व को लेकर प्रयागराज के बाजार पूरी सज चुके हैं। बाजार में पीएम नरेंद्र मोदी के मुखौटे की जबरदस्त धूम मचा रहे है। जहां एक तरफ होली की धूम वही दूसरी तरफ चुनाव का प्रचार। बाजारों में किसी अन्य पार्टी का मुखौटा देखने को नहीं मिल रहा है, लेकिन पीएम मोदी और सीएम योगी के मुखौटों से बाजार पटा हुआ है। होली का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे लोग भी काफी उत्साहित हो रहे हैं। प्रयागराज में भी होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। होली के त्योहार के अब करीब है। बड़े और छोटे बाजारों में अब होली का रंग चढ़ने लगा है। गुलाल-अबीर और पकवानों की खुशबू लोगों को अपनी ओर खींच रही है। बाजारों में खान-पान, रंग व कपड़ों, पिचकारियों व मुखौटों की दुकानें सज गई हैं। बच्चों के बीच मोदी पिचकारी और मोदी का मुखौटा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जिसकी डिमांड खूब देखने को मिल रही है। शहर का बाजार पूरी तरीके से रंग बिरंगी साड़ियों, कुर्ते, पिचकारी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुखौटों से सज चुका है। पीएम मोदी की अलग-अलग तस्वीरों में पिचकारियां मिल रही हैं। वहीं मोदी-योगी गुलाल, मोदी-योगी मुखौटा, इनकी फोटो लगी टोपी काफी बिक रही है। होली और लोकसभा चुनाव की नजदीकी में किसी अन्य पार्टियों का प्रचार प्रसार भले न हो रहा हो लेकिन पीएम मोदी और सीएम योगी का मुखौटा हे चेहरे पर नजर आ रहा है।

दुकान पर मुखौटे की खरीदारी करता युवक।

मोदी पिचकारी की कीमत

मोदी पिचकारी की कीमत 200, मोदी की गुजराती टोपियां 50, मोदी के मुखोटे 100 रुपये की है। सबसे सस्ती पिचकारी 20 रुपये की है।

प्रदर्शन | **शौर्य पर्व पर लोकनृत्यों में शस्त्र समन्वय, तुलसी मंच पर शौर्य पर्व ने रचा विश्व कीर्तिमान**

अयोध्या में दिखी परंपराओं में भारतीय शौर्य गाथा

परंपराओं को संरक्षित कर मुख्य धारा में लाना सबका कर्तव्य : मंडलायुक्त

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: तुलसी उद्यान में सोमवार को सूर्यवंशी भगवान रामचन्द्र की अयोध्या में भारतीय शौर्य की एक नई गाथा लिखी गई। सम्पूर्ण भारत के 11 प्रदेशों के 250 से ज्यादा कलाकारों ने अपने उन पारंपरिक लोकनृत्यों का प्रदर्शन करके इतिहास रच दिया। जिसमें नृत्य के साथ शस्त्र का समन्वय होता है।

केरल के कलरिपट्टू से लेकर मणिपुर के थांग टा, गुजरात के तलवार रास से पंजाब का गतका इसी का प्रमाण है। शौर्य पर्व का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंडलायुक्त गौरव दयाल ने दीप प्रज्जवलित करके किया। उन्होंने कहा कि अपनी परंपराओं को संरक्षित करके मुख्यधारा में लाना हम सबका कर्तव्य है। आज के कार्यक्रम से लोगों को अपनी समृद्ध संस्कृति को जानने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर निदेशक लोक जनजाति और संस्कृति संस्थान डॉ. अतुल द्विवेदी, प्रो. ओम प्रकाश भारती, सचिव केंद्रीय ललित कला अकादमी लखनऊ डॉ. देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सुधीर तिवारी आदि मौजूद रहे।

शौर्य पर्व पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

कलारिपट्टू और महाराष्ट्र के लाठी व तलवार की प्रस्तुति हुई

कलारिपट्टू में कलाकारों का हवा में कलाबाज़ियां कहते हुए वार करना, महाराष्ट्र की महिलाओं द्वारा लाठी और तलवार के सहारे एक साथ कई पुरुषों को पराजित करना सभी को हर्षित कर रहा था। पंजाब के जांबाजों का गतका उनकी युद्ध शैली को प्रतिबिंबित कर रहा था तो मणिपुर के कलाकारों का थांग टा अपने कौशल से चकित कर रहा था।तेलंगाना का कर्रा सामू में चपलता से शस्त्रों का प्रहार और बचाव माहौल में शौर्य को दिखा रहा था। गुजरात की महिलाओं का तलवार पर करतब हतप्रभ कर रहा था। रामायण कान्क्लेव के समन्वयक आशुतोष द्विवेदी, डॉ. रानी अवस्थी, संतजन समेत भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

मल्लखंभ व शंखवादन की प्रस्तुति ने छोड़ी छाप

कार्यक्रम का आरम्भ छाऊ नृत्य शैली में बंगाल और शंख वादन से ओडिशा के कलाकारों ने किया। मल्लखंब की प्रस्तुति में कलाकारों ने शीर्षासन और योग कि मुद्राएं दिखाई। वहीं समूह में किए गए आसान और पिरामिड ने अचंभित कर दिया। ओडिशा के सुनील साहू ने शंख वादन से युद्ध के आरंभ और अंत में विराम के लिए किया जाता था, उसका प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने महोबा कि लड़ाई आल्हा सुनाया तो पूरा पांडाल शौर्य से भर गया।

वन विभाग के वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा गाँव से न्यायालय में हाजिर न होने पर न्यायालय द्वारा वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने सोमवार को सुबह घर से वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के पिपरा गाँव निवासी मंगल को सुबह घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इस मामले में 14 लोगों के विरुद्ध वन विभाग ने केस दर्ज कराया था जिसमें न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर वारंट जारी होने के बाद उपनिरीक्षक अजय मिश्रा ने एक वारंटी को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि न्यायालय के वारंट जारी होने के बाद वारंटी को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

चुनाव कमाल का...

- चुनाव आयोग में पहले केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ही होता था। 16 अक्टूबर 1989 से 1 जनवरी 1990 तक इसमें तीन आयुक्त नियुक्त किए गए।
- 1 अक्टूबर 1993 को पहली बार तीन आयुक्तों की नियुक्ति की व्यवस्था को नियमित कर दिया गया यह व्यवस्था आज भी जारी है। इनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त होते हैं।
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद के दोनों सदनों (राज्य सभा और लोकसभा), राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों का चुनाव कराता है।

चुनावी तीर

रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बॉण्ड से उत्पन्न धनबल द्वारा देश की राजनीति एवं चुनाव को भी जनहित एवं जनमत से दूर करने की प्रक्रिया के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय का ताजा फैसला महत्वपूर्ण है, किन्तु संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है। जहां सहारा, वहां इशारा, इससे बचने के लिए बसपा बड़े-बड़े पूंजीपतियों एवं धन्नासेठों के धनबल से दूर है।

मायावती, बसपा सुप्रीमो

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगियों के बीच बिहार के लिए सीटों का बंटवारा अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर लग जाएगी। क्या कारण है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पर्चा लीक जैसी घटनाएं होने लगीं? इसके लिए कौन जिम्मेदार है?...क्या युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी?

-तेजस्वी यादव, राष्ट्रीय जनता दल

मैं सोनिया गांधी से कभी नहीं मिला। यह कहना बेबुनियाद है कि मैंने सोनिया गांधी से मुलाकात की और अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अगर राहुल मेरे बारे में ऐसा कह रहे हैं तो यह अतार्किक और बेबुनियाद है। मैंने विधायक पद से इस्तीफा दिया और फिर पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया।

- अशोक चव्हाण, राज्यसभा सदस्य, भाजपा

अटल की राजनीतिक विरासत संजोये रखने को दमखम भरेंगे राजनाथ

● अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में अपना दमखम दिखाने को तैयार हैं। राजधानी लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की न केवल कर्मभूमि कहा जाता है, बल्कि भाजपा इस संसदीय सीट पर 1991 से काबिज रही है।

अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से लगातार पांच बार सांसद रहे हैं। अटल की इसी राजनीतिक विरासत को संभालते हुए साल 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने इस सीट को रिकार्ड मतों से जीता था। भाजपा इस बार फिर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विश्वास जताते हुए उन्हें जीत की हैट्रिक लगाने और अटल की ही तर्ज पर जीत के अंतर का रिकॉर्ड बनाने को चुनावी मैदान में उतारा है। दरअसल, अटल की तैयार जमीन से आज भी भाजपा यहां राजनीतिक फसल काट रही है। अटल यहां से पांच बार सांसद चुने गए और उनसे से पहले लखनऊ में कभी भाजपा चुनाव नहीं जीती थी। पहले इसे कांग्रेस के गढ़ के रूप में जाना जाता था। हालांकि 1989 के चुनाव में जनता दल के मान्धाता सिंह ने दाऊ जी को हराकर जीत दर्ज की थी। उससे पहले 1984 व 1980 के चुनावों में कांग्रेस की शीला कौल यहां से सांसद रही हैं। उस समय इसे कांग्रेस का गढ़ माना जाता था।

तोड़ते रहे अपने ही बनाए रिकार्ड

सच्चाई तो यह है कि खुद अटल बिहारी बाजपेयी अपने ही बनाए रिकार्ड को तोड़ते रहे। साल 1991 में जहां उन्होंने एक लाख 17 हजार 303 वोटों से जीत दर्ज की वहीं 1996 के चुनाव में अपने इस रिकार्ड को तोड़ दिया। इस चुनाव में उन्होंने राज बब्बर को एक लाख 18 हजार 671 वोटों से पराजित किया। 1998 के चुनाव में भी उन्होंने सपा के मुजफ्फर अली को दो लाख 16 हजार से ज्यादा वोटों से हराकर सीट को और मजबूत किया। हालांकि 1999 के चुनाव में कांग्रेस के डॉ. कर्णसिंह ने उन्हें मजबूत चुनौती दी थी फिर वह जीत न सके। वह चुनाव अटल ने एक लाख 23 हजार से ज्यादा वोटों से जीता। 2004 के लोक सभा चुनाव में अटल बिहारी बाजपेयी ने फिर अपने ही पिछले रिकार्ड तोड़ दिए। इस चुनाव में उन्होंने सपा की मधु गुप्ता को दो लाख 18 हजार से ज्यादा वोटों से परास्त कर दिया।

- राजधानी से जीत की हैट्रिक लगाने को उतरे रक्षामंत्री का इंडिया गठबंधन उम्मीदवार से मुकाबला
- पांच बार सांसद रहे हैं अटल ने अपनी ही जीत के तोड़े थे रिकॉर्ड, इस बार राजनाथ के पास मौका



राजनाथ से पहले लालजी टंडन ने संभाली अटल की राजनीतिक विरासत

अटल के बाद और राजनाथ सिंह से पहले उनकी राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी लालजी टण्डन बने। बाद में लखनऊ सीट से चुनाव लड़ते हुए राजनाथ सिंह ने 2014 में मोदी लहर में 5 लाख 61 हजार से ज्यादा वोट प्राप्त किए थे। उनके खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर लड़ी रीता बहुगुणा जोशी को सिर्फ 2 लाख 88 हजार हजात वोट ही मिले थे। यानि राजनाथ ने लखनऊ से अपने पहले चुनाव में 2 लाख 77 हजार से ज्यादा वोट के अंतर से चुनाव जीता था। ऐसे ही 2019 के लोस. चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह को 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट मिले थे जबकि सपा उम्मीदवार पूनम सिन्हा केवल दो लाख 85 हजार से अधिक वोट मिले थे। इस चुनाव में राजनाथ सिंह 3 लाख 47 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार पार्टी को राजनाथ सिंह से अपना ही पिछला जीत के अंतर का रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद है। राजनाथ के सामने मुख्य मुकाबले में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा हैं।

पांच विधानसभाएं हैं शामिल

लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीट आती है। जिसमें जिनमें लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट विधानसभा सीट शामिल है। इसमें से तीन सीट पर भाजपा ने 2022 चुनाव में जीत दर्ज की थी।

नैनीताल सीट से भाजपा हैट्रिक की तैयारी में

● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

- कांग्रेस अभी प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई, बसपा का भी खिसक रहा जनाधार

तीन चुनावों के आंकड़े (प्रतिशत में)

वर्ष	कांग्रेस	भाजपा	बसपा
2009	42.63	30.90	19.03
2014	31.96	57.81	5.38
2019	34.41	61.35	2.36

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी नैनीताल सीट पर हैट्रिक लगाने को पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर गई है। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट दोबारा से चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। लगातार दो बार हार का स्वाद चख रही कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई है। प्रत्याशी चयन में भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ दिया है। अब देखना है कि कांग्रेस किस प्रत्याशी के दम पर सांगठनिक रूप से सशक्त भाजपा से कैसे निपटेगी।

लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। भाजपा इस सीट से जीत की हैट्रिक लगाने को पूरी दमखम से जुट गई है। रक्षा राज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट पर भाजपा ने दोबारा दांव लगाया है। भाजपा के सभी आनुषांगिक संगठन चुनावी तैयारी में लग गए हैं। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। नैनीताल और ऊधमसिंह नगर दोनों जिलों में चुनावी कार्यालय खुल गए हैं। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। हर वोटर के पास पहुंचने को शक्ति केंद्र स्तर पर बूथ कमेटियों की बैठकें चल रही हैं। हर उस वोटर से जो भाजपा से जुड़ा नहीं है, उससे संपर्क साधा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद उम्मीदवार के लिए चेहरा तक नहीं तलाश सकी है। लगातार विधायकों, विधानसभा चुनाव लड़ चुके उम्मीदवारों, जनप्रतिनिधियों के जाने से लग रहे झटकों से ही कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व नहीं उबर पा रहा है। वहीं स्थानीय नेतृत्व में भी व्यक्तिगत स्तर तक ही सिमटता दिख रहा है। भाजपा की तुलना में कांग्रेस का संगठन काफी कमजोर माना जा रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की सक्रियता कहीं नहीं दिखाई दे रही है।

भले ही कांग्रेस प्रत्याशी अभी घोषित नहीं हुआ हो पर यह तय है कि मुकाबला इस बार भी कांग्रेस व भाजपा के बीच ही होना है। कारण स्पष्ट है कि उत्तराखंड में कांग्रेस व भाजपा ही प्रमुख दल माने जाते हैं जबकि उक्रांद, उपपा, बसपा, सपा सिर्फ वोट कटाने तक ही सीमित रहती हैं। पिछले एक दशक में भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है तो कांग्रेस के सामने अपना वजूद बचाए रखने की चुनौती है। आंकड़ों पर गौर करें तो बसपा का जनाधार तो लगातार खिसक रहा है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 14 विधानसभा सीटें हैं। इसमें नैनीताल जिले में कांग्रेस का एक और ऊधमसिंह नगर जिले में पांच विधायक हैं। 2004 और 2009 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा ने जीत हासिल की थी। लेकिन, 2014 में भाजपा के दिग्गज व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने बाबा को हराकर जीत की हैट्रिक पर विराम लगा दिया। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत को करारी शिकस्त दी।

सियासी नारों की बिसात पर बदल गई चुनावी तस्वीर

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: चुनावी उद्घोषणा हो गई है। सियासी हलचल भी तेज हो गई है। देवीपाटन मंडल में अभी सभी प्रत्याशियों की तश्वीर साफ नहीं हो पाई है, लेकिन जीत की दहलीज तक पहुंचने के लिए हर बार की तरह एक बार फिर नारे गढ़े जाने लगे हैं। 1951 से लेकर चुनाव की प्रक्रिया बदल गई। प्रचार प्रसार के माध्यम बदल गए। बैलेट पेपर की जगह ईवीएम लग गई। लेकिन अगर कुछ नहीं बदला है तो वह आरोप प्रत्यारोप और चुनावी नारे। राजनीतिक दलों की तरफ से गढ़े नारों का असर भी खूब होता रहा और सियासी तस्वीर भी बदलती रही। कभी-कभी इसका उलटा असर भी हुआ लेकिन चुनावी नारे लोगों के जेहन में बैठने वाले भी थे जिनसे वोटर हमेशा प्रभावित होते रहे।

चुनाव में विकसित भारत की बात हो रही है। आम लोगों को न्याय दिलाने की बात हो रही है। लोकतंत्र बचाने की बात हो रही है। तो भारत को और समृद्धशाली बनाने के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। ये कितने कारगर होंगे और इसका असर चुनावों में गढ़े गए नारों से समझते हैं। 1990 से राजनीति में बड़ा बदलाव आया। राजनीति के जानकार और कई बार के प्रधान रहे जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि 1990 के पहले गांव, गरीब, किसान, खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दे होते थे। लेकिन अब ये बदल गए हैं। राजनीतिक दलों के साथ आम नागरिकों की मानसिकता बदल गई है।

1991 की राजनीति में राम मंदिर आंदोलन ने तश्वीर बदल दिया। 1971 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। उधर विपक्ष ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया। इस चुनाव में इंदिरा गांधी सत्ता पाने में कामयाब रहीं लेकिन 1977 में वह सत्ता से बाहर हो गईं और इंदिरा हटाओ का नारा कामयाब हो गया। गोंडा से कांग्रेस के सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह चुनाव हार गए और बीएलडी से सत्यदेव सिंह चुनाव जीत गए। बलरामपुर सीट से नाना जी देशमुख ने कांग्रेस के उम्मीदवार को हराकर जनसंघ को जिता दिया था। इसी तरह बहराइच से जनता पार्टी के ओम प्रकाश त्यागी और कैसरगंज से जनता पार्टी से रुद्रसेन चौधरी जीत गए। नारे ने सियासत की पूरी तश्वीर ही बदल दी।

1989 में अलग हुई समाजवादी पार्टी भले ही क्षेत्रीय दल था लेकिन सपा ने भी रोटी कपड़ा और मकान, मांग रहा है हिंदुस्तान का नारा दिया। 1991 में भाजपा ने नारा दिया कि सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे, इसका फायदा भाजपा को मिला। बसपा ने भी दलित कार्ड खेला और नारा दिया- तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार। ठाकुर, बाभन, बनिया चोर, बाकी सब डीएस फोर। इसका फायदा बीएसपी को मिला लेकिन ठाकुर, बनिया व ब्राह्मण के सहयोग से ही सरकार बनी। भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा ने गठबंधन किया तब नारा गढ़ा गया-मिले मुलायम कांशी राम, हवा हो गए जय श्रीराम। लेकिन 2024 में राम आ गए और अब राम राज्य को लाने की बात हो रही है। 2014 में मोदी के नेतृत्व में चुनाव हुआ। 2019 में सरकार अपनी सफलता पर इतरा रही थी। इसलिए एक बार फिर मोदी सरकार का नारा दिया गया। इसमें भाजपा कामयाब रही। 2024 में भाजपा ने एक बार फिर मोदी सरकार, विकसित भारत का नारा दिया है। वहीं कांग्रेस ने मोदी को हटाएंगे सबको न्याय दिलाएंगे का नारा गढ़ा है।

स्थानीय नारे भी सियासत की बदलते हैं करवट

वर्ष 1998 की बात है। बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से तो सपा से कीर्तिर्धन सिंह आमने सामने चुनाव मैदान में थे। गांधी पार्क में चुनावी रैली में अपनी जीत के प्रति बृजभूषण सिंह इतने उत्साहित थे कि उन्होंने नारा दिया कि तुही जितैहिऔ और हमही जीतब, हमही जीतब। उनका उद्देश्य दूसरा था लेकिन मतदाताओं पर इसका असर उलटा हुआ और इसमें बृजभूषण सिंह को जीत से दूर कर दिया। 2009 में कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव में खड़े थे। दूसरी तरफ भाजपा से राम प्रताप सिंह, सपा से विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह तथा बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव लड़ रहे थे। स्थानीय स्तर पर नारा उछला एक दबाओ तीन गिराओ। इसका असर यह हुआ कि गोंडा के तीनों क्षत्रप चुनाव हार गए और बेनी बाबू चुनाव जीत गए।

दक्षिण के भरोसे भाजपा देख रही 400 पार का सपना

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- 2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में खाता तक नहीं खुल पाई थी भाजपा



भाजपा का रिपोर्ट कार्ड

129 कुल सीटें दक्षिण के राज्यों में

कर्नाटक	तेलंगाना	तमिलनाडु	आंध्र प्रदेश	केरल
25	4	0	0	0

भारतीय जनता पार्टी ने 400 पार का लक्ष्य पूरा करने के लिए दक्षिण भारत के पांच राज्यों (कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल व आंध्र प्रदेश) में विशेष प्रचार अभियान का कार्यक्रम तैयार किया है। जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने कर भी दी है। पिछले 77 दिनों में उन्होंने 23 दिन सिर्फ दक्षिण के राज्यों में व्यतीत किए हैं।

2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में बीजेपी का खाता तक नहीं खुला था जबकि कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में चार सीटें ही मिली थीं। विपक्षी दलों को 100 सीटें मिली थीं। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बार पुनः केरल की वायनाड सीट से उम्मीदवार है। इसकी वजह से पांचो राज्यों में कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को फायदा होने का अनुमान है। कांग्रेस का मानना है कि उसे 2019 के मुकाबले 2024 में कर्नाटक में ज्यादा सीटें मिलेंगी और बीजेपी को नुकसान होगा। इस बार कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। दक्षिण भारत के राज्यों में सर्वाधिक 29 सीटें तमिलनाडु, 28 सीटें कर्नाटक, 25 सीटें आंध्र प्रदेश, 20 सीटें केरल एवं 17 सीटें तेलंगाना में है। प्रथम चरण के चुनाव अभियान के पहले चरण में प्रधानमंत्री 5 दिन में सभी 129 सीटों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर इतिहास रचने जा रहे हैं। दूसरे चरण में उनकी कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्रियों ने इन सभी 129 सीटों में रोड शो, कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क व चुनावी रैलियां आदि कार्यक्रम तय हैं।

बिहार में भाजपा 17 जदयू 16, लोजपा 5 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 16, लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास (लोजपा) 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) एक -एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी में बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और हम के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक साथ ऐलान किया और प्रधानमंत्री के राजग को 400 पार पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर देने का इरादा व्यक्त किया। तावड़े ने कहा कि बिहार में राजग के पांच सदस्य दल- भाजपा, जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के चुनाव चिह्नों पर राजग के रूप में एक साथ चुनाव लड़ेंगे। भाजपा 17 सीटों पर, जदयू 16 सीटों पर, लोजपा पांच सीटों पर तथा हम एवं रालोमो एक एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

चुनाव परिणामों से चौंकाती भी रहती है अयोध्या

● इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

40 से उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति भी अयोध्या में लेती आई है सियासी अंगड़ाई

1957 से 1984 तक फैजाबाद में जीतते चले आए कांग्रेस के प्रत्याशी, 1977 का चुनाव रहा अपवाद

अमृत विचार : वर्ष 1986 में राम जन्मभूमि का ताला खुलने से लेकर अभी कुछ दिन पूर्व हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बीच चार दशक की अवधि में अयोध्या व उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति ने यहीं से सियासी करवटें व अंगड़ाइयां ली हैं। एक तरह से राम मंदिर आंदोलन की ही पृष्ठभूमि में विश्व हिंदू परिषद, भाजपा व आरएसएस ने इसे अपना गढ़ बना लिया, लेकिन इसे अयोध्या की खूबी कहें या कुछ और। इस अवधि में चुनाव चाहे लोकसभा के हुए हो, विधानसभा या निकायों के। अयोध्या ने बीच-बीच में चौंकाने वाले भी परिणाम दिए हैं।

अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट पर इसी अवधि में सर्वाधिक बार भाजपा भले ही जीती है लेकिन 1989 से लेकर अब तक क्रमशः तीन बार इस लोकसभा सीट से 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, 1998 में समाजवादी पार्टी और 2004 में बसपा ने भी अपना परचम लहराया है। बीते विधानसभा के चुनाव और अयोध्या नगर निगम के चुनाव में भी चुनाव परिणामों से भाजपा भौचक रह गई थी।

फैजाबाद जिला व फैजाबाद लोकसभा सीट आजादी के बाद से मूलतः कांग्रेस का गढ़ रही। सन् 1957 से लेकर 1984 तक यहां से कांग्रेस सांसद ही जीतते रहे। बीच में केवल 1977 का चुनाव अपवाद रहा जब यहां जनता पार्टी से अनंतराम जायसवाल ने कांग्रेस का तिलिस्म तोड़ा। अयोध्या का राम मंदिर आंदोलन एक तरह से वर्ष 1985 में परवान चढ़ना शुरू हुआ, जब जेल जैसे लोहे के सींकचों में ताले में कैद रामलला की मुक्ति का विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन शुरू किया। एक फरवरी 1986 को अदालत के आदेश से रामजन्मभूमि का ताला खुला तो पूरे जिले में दिवाली मनाई गई। यहीं से भाजपा ने इसे अपनी सियासत का ऊर्जा केंद्र एक तरह से अयोध्या को बना लिया। राम मंदिर आंदोलन शुरू होने से कांग्रेस की जड़ एक तरह से उखड़ गई। वर्ष 1989 के चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव ने कांग्रेस के निर्मल खत्री को पराजित कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। अगले ही चुनाव 1991 में भाजपा के विनय कटियार जीते और लगातार दो बार यहां से सांसद रहे।

चौंकाने वाला परिणाम फिर 1998 के लोकसभा चुनाव में आया। जब सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने भाजपा को मात दे दी। 1999 में विनय कटियार फिर सांसद चुन लिए गए, लेकिन मित्रसेन यादव ने 2004 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट से लड़कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया गया। वहीं फैजाबाद व अयोध्या नगर पालिका को मिलाकर अयोध्या नगर निगम बना दिया गया। उस समय अयोध्या जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा था।

चौंकाने वाले परिणामों की दृष्टि से देखें तो इतना सबकुछ करने के बाद 2022 में विधानसभा के चुनाव हुए तो अयोध्या जिले की पांच में से दो विधानसभा सीटें क्रमशः गोसाईगंज और मिल्कीपुर समाजवादी पार्टी ने भाजपा से छीन ली। यह तब हुआ जबकि अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की आधार शिला रखी थी। उम्मीद थी कि इसका असर विधानसभा चुनाव में दिखेगा और भाजपा को लाभ होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद मई 2023 में हुए नगर निकाय के चुनाव में भाजपा अपने इतने पार्षद भी नहीं जिता पाई कि बोर्ड में उसका बहुमत हो पाए।

नगर निगम के चुने गए नए मेयर के वार्ड में भी भाजपा को हराकर निर्दल पार्षद जीत गया। वहीं राम मंदिर जिस वार्ड में है, उस वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और वहां से जमीन कारोबारी एक मुसलमान निर्दल पार्षद बन गया। इसी तरह अयोध्या में आरएसएस के बने नए मुख्यालय साकेतपुरी वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और यहां भी एक मुस्लिम महिला निर्दल पार्षद चुन ली गई। यह अलग बात है कि अब कई निर्दल पार्षदों को दल में शामिल कराकर भाजपा का नगर निगम बोर्ड में बहुमत हो गया।

धर्म दर्शन

रंगों का क्या पूछना? तरह-तरह के रंगों की अलग-अलग ही नवाबियत और ख़ासियत है। सादे या ब्लैक एंड ह्वाइट चित्र हों या चलचित्र, इनमें रंग भर क्या दिया कि ये आंखों को ही नहीं दिल तक को छूने लगते हैं। रंगों का यह दमखम हरेक को लुभाता है। रंगों से रिश्ता सिर्फ इंसानों का ही नहीं प्रकृति का भी गहरा नाता है।

अंतर्जगत को रंगों से रंगने का पर्व है रंगभरी एकादशी

प्रकृति के सर्वाधिक प्रतापी अतिथि सूर्य को देखा जाए तो सूर्य के उदित होते आकाश चित्रकारी से भर जाता है। इतना ही नहीं जाते-जाते सूर्यास्त के समय भी आकाश का रंग-ढंग लुभाता ही नहीं बल्कि कला-प्रेमियों को लूट लेता है। प्रथम दृष्टया तो सूर्य में सात रंग होते हैं जिसमें लाल, नारंगी, पीला, हरा, बैंगनी, नीला और आसमानी रंग शामिल है लेकिन इन्हीं सप्तरंगों से अनगिनत रंग बनते हैं। आसमान से नीचे उतर कर किसी वन-उपवन को निहारा जाए तो पेड़ों से लेकर फूलों के रंग बिन बोल खींच लेते हैं संवेदनशील लोगों को। पूरी प्रकृति रंग-विरंग का महाग्रंथ सा है। हर अध्याय और हर पृष्ठ में ये रंग, रंग जमाते दिखाई पड़ते हैं।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्रकृति के साथ रंगों का ताल्लुक़ात देखने पर वसंत का महीना तो चार चांद लगाता है। इसी वसंत ऋतु को आगाज देने आता है होली का त्योहार। चैत्र-वैशाख का महीना वसंत का होता है। होली के पांच दिन पहले रंगभरी एकादशी स्कूल के घण्टे से कम कहां है? घण्टा बजते बच्चे प्रार्थना के लिए मैदान में आ जाते हैं। ऐसा ही कुछ रंगभरी एकादशी के दिन से होली के उल्लास का होता है। इस दिन से 'बुरा न मानो होली है' की गूंज शुरू हो जाती है।

रंगभरी एकादशी सिर्फ वाह्य जगत के लिए ही नहीं बल्कि अंतर्जगत में विराजते मन के उल्लास लिए भी संदेश लेकर आती है। दस इंद्रियों से संचालित जीवन में जब सिर्फ वाह्य जगत पर ही दृष्टि है तो यह दसों दिशाओं की यात्रा है और जब वाह्य से अंतर्जगत की ओर यात्रा करनी होती है तो वह अंतर्जगत में स्थित एकादश शक्ति की ओर उन्मुख होने की यात्रा है। मन का रंग, वाह्य रंगों से जरा हट कर होता है। मन जब लाल रंग से अठखेलियां करता है तब उसमें स्नेह, प्रेम, शौर्य का भाव भर जाता है। इसी तरह हरा रंग खुशहाली और समृद्धि एवं नीला रंग निश्चिन्तता तथा सकारात्मकता का रंग भरता है। नारंगी ऊर्जा और उत्साह, पीला बौद्धिक ज्ञान की वृद्धि का रंग प्रदान करता है और बैंगनी राजसी भाव का प्रतिनिधि रंग है।

मन जब इन विविध रंगों के प्रभाव में डूबता है तब व्यक्तित्व में पूर्णता आती है। रंगभरी एकादशी को कैलाश पर्वत पर समाधि के देवता महादेव भी पार्वती के संग रंग खेलते है। महादेव के रंग खेलने के प्रतीकों पर गहराई से चिंतन मनन किया जाए तो कुंडलिनी शक्ति जागरण के लिए वे सप्तचक्रों में रंग भरते हैं। योग-विज्ञान में मूलाधार चक्र से सहस्रार चक्र के अलग अलग रंग निर्धारित हैं। अलग-अलग चक्र के जागृत होते अलग-अलग तरह के रंगों का प्रभाव पड़ता है।

इस दृष्टि से होलिका दहन के पांच दिन पहले आने वाली रंगभरी एकादशी पांच ज्ञानेन्द्रियों, पांच कर्मेन्द्रियों एवं एकादश अतीन्द्रिय चेतना को ऊर्जान्वित करने की तिथि है। इसके बाद तो वाह्य जगत से पड़ने वाले कुप्रभावों को दहन करने की शक्ति खुद ही मिल जाती है। रंगभरी एकादशी का दूसरा नाम आमलकी एकादशी है। आमलकी धात्री-फल को कहते है। धात्री का अर्थ 'मां' कहा गया है। सनातन संस्कृति में तो मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर रखा गया है। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' श्लोक में जन्म देने वाली मां तथा जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ कहा गया है। जन्मभूमि को अन्तः करण भी मानना चाहिए क्योंकि जीवन में जो भी मनुष्य कार्य करता है, उसका प्रथम भाव मन में ही जन्म लेता है। आमलकी फल में आंवला, श्रीफल तथा अन्य लाभप्रद फलों को शामिल किया गया है। फल प्राप्ति के पहले वृक्ष का रोपण और सिंचन किया जाता है। इसलिए आमलकी एकादशी का आशय यह भी है कि यदि जीवन को स्नेह-प्रेम आदि के अनुकूल रंगों से भरना है तो उसके लिए सदाचार तथा सत्कार्यों का अनुकूल रंग-गुलाल, अबीर का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही सत्कर्म को जीवन पिचकारी बनाना चाहिए। फिर तो नकारात्मकता की होलिका जल जाएगी तथा खुशियों का प्रह्लाद जीवन भर ही नहीं पीढ़ी-दर-पीढ़ी आह्लाद प्रदान करता रहेगा।

सत्य के प्रेरक सवितादेव

हे तेजस्वी सवितादेव! इस यज्ञ को उत्तम विधि से पूर्ण करें। यजमान को धन-धान्य के लाभ के लिए प्रेरित करें। वाचस्पति देव हमारी अन्नरूप आहुति को ग्रहण करें। जल के अंतः स्थल में अमृत तथा पुष्टिकारक औषधियां हैं। हे जलसमूह! आपकी ऊंची तथा वेगवान् तरंगे हमारे लिए अन्न प्रदायक बनें। वायु, मन, गंधर्व, पृथ्वी को धारण करने वाले सत्ताइस नक्षत्र आदि पहले से ही अपने साथ अश्व अर्थात् तीव्र गति को जोड़े हुए हैं। वे इस यज्ञ को गतिशील बनाएं। सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले सविता देव के अनुशासन में रहकर हम याजकगण बृहस्पति देव के श्रेष्ठ तथा इंद्रदेव के उत्कृष्ट स्वर्ग में आरोहण करें। सबको प्रेरणा देने वाले, सबको प्रकाशित करने वाले, सत्य के प्रेरक सवितादेव तथा बृहस्पति देव के अनुशासन में रहकर हम युद्ध मे विजयी हों।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

माता-पिता के रूप में विश्वरूप द्यावापृथिवी हमारी रक्षा के लिए आएं। हमें अन्न उत्पादन का ज्ञान मिले, अमृतभाव के साथ सोम की प्राप्ति हो। देवत्व की प्राप्ति के लिए, सुखों की उत्तम प्राप्ति के लिए, यज्ञ रूप परमात्मा के लिए, प्रजापति के लिए, अविनाशी सुंदर दिन के लिए, भुवन की सीमा व भुवनपति के लिए ये आहुतियां समर्पित की जा रही हैं। सभी देवशक्तियां उन्हें स्वीकारें। यज्ञ से हम दीर्घायु हों, हमारे प्राण की वृद्धि हो, नेत्रों की ज्योति बढ़े, श्रवण इंद्रियां समर्थ हों, हमारी पीठ का बल बढ़े, हमारे यज्ञ का विस्तार हो। हम सभी ईश्वर की संतान बन कर रहें। हम सभी मेधावी बनकर दिव्य सुख को प्राप्त करें और अमृतत्व को प्राप्त करने में समर्थ हों। हे दिशाओं! तुम्हारा संपूर्ण ऐश्वर्य, धन, कार्य करने की सामर्थ्य तथा तेज हमें प्राप्त हो। माता पृथ्वी के लिए आदर सहित हमारा नमस्कार है। हे मातृभूमे! आप संचालन करने वाली हैं तथा आपकी ही शासन शक्ति है। आपको कृषि कार्य के लिए, जगत के कल्याण के लिए, देश में ऐश्वर्य वृद्धि के लिए, प्रजापालन तथा अपने योगक्षेम के लिए हम स्वीकारते हैं। सोम नामक दीप्तिमान पदार्थ को अन्न उत्पादनकर्ता प्रजापति ने सबसे पहले औषधि और जल के मध्य उत्पन्न किया। हमारे लिए यह सोम मधुर रस से युक्त हो। हम पुरोहितगण अपने राष्ट्र में जाग्रत एवं जीवन्त रहें, ताकि हम अपने राष्ट्र को भी प्रगतिशील और जीवन्त रख सकें। इसके लिए यह आहुति समर्पित है।।

वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः स्वाहा।। 9/23 अन्न के उत्पादक प्रजापति ने सब ओर से संपूर्ण भुवनों को उत्पन्न किया और वे सनातन, सर्वज्ञाता प्रजापति हमारे लिए प्रजा, पशुधन तथा समस्त ऐश्वर्य की वृद्धि करते हुए, सबसे ऊपर के स्थान में निवास करते हैं- यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है। हमारे पालन के लिए जिस प्रजापति ने राजा, सोम, अग्नि, बारह आदित्य, विष्णु, सूर्य, ब्रह्मा और बृहस्पति देव को उत्पन्न किया है, उस प्रजापति का हम स्तवन करते हैं। यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है।

अर्यमा, पूषादेवता तथा वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती हमारे लिए अभीष्ट दान प्रदान करें। हमारी यह आहुति आपके लिए समर्पित है। हे पृथिवि! यह भाग आपका है, इसे स्नेहपूर्वक स्वीकार करें। पूर्व दिशा में विराजमान अग्निदेवता के निमित्त, दक्षिण दिशा में विराजमान यम देवता के निमित्त, पश्चिम दिशा में विराजमान विश्वेदेव के निमित्त, उत्तर दिशा में विराजमान मित्रावरुण व मरुत् देवता के निमित्त तथा ऊपरी भाग अंतरिक्ष और द्युलोक मे विराजमान हवि भोजी सोम के निमित्त सभी देवताओं की प्रसन्नता के लिए, ये आहुतियां समर्पित हैं। सभी देव शक्तियां स्नेहपूर्वक इन आहुतियों को स्वीकारें। हे याजक! सवितादेव यज्ञकार्य के लिए तुम्हें प्रेरित करें। अग्निदेव गृहपतियों को प्रेरित करें। सोमदेव तुम्हारे लिए वनस्पति रूपी औषधियां प्रदान करें। मेधा प्राप्ति के लिए बृहस्पतिदेव, बड़प्पन के लिए इंद्रदेव, पशुधन के लिए रुद्रदेव, सत्य व्यवहार के लिए मित्रदेव तथा धर्म मार्ग में चलने के लिए वरुणदेव प्रेरित करें।

दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान असुर

त्रेता युग में एक से बढ़कर एक असुर हुए। वाल्मीकि रामायण में असुर के लिए सर्वाधिक प्रयुक्त संबोधन "राक्षस" था। इनमें भी सर्वाधिक सशक्त लंकापति रावण और उसके पूर्वज एवं वंशज थे। इनमें रावणानुज विभीषण को छोड़कर अधिकांश भगवान शिव के भक्त थे। जैसा कि स्पष्ट किया जा चुका हैं कि प्रारंभ में देव, दानव, दैत्य, नाग, गंधर्व, यातुधान आदि एक ही पिता कश्यप प्रजापति की दक्ष प्रजापति की की तेरह पुत्रियों से उत्पन्न संतानें थीं। अर्थात सभी संतानें परस्पर "मां सी" (मां के समान "मौसी") सौतेले भाई थीं।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

जब तक उनमें परस्पर स्नेह और सौहार्द रहा, सभी दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान "असुर" विशेषण धारी बनी रहीं। बाद में जब माताओं में सौतियाडाह और सौतेले भाईयों में प्रभुत्त्व जनित स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष एवं जीवन शैली को लेकर उत्पन्नद्वन्द्व भयंकर दीर्घकालिक सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। सुरा (वारूणी, सोमरस) और सुन्दरी के प्रति मोह ने देवों को आरामतलब और सुविधा भोगी बना दिया। अप्रसन्न दितिपुत्र दैत्य, दनुपुत्रदानव एवं देवविरोधी तत्व परस्पर एक हो गए। महर्षि भृगु के नीति निपुण, महान शिवभक्त आचार्य शुक्र उशनस या शुक्राचार्य का मार्ग दर्शन पाते हो मानो देवों से अलग हुए समूह के भाग्य में मानो चार चांद लगा दिया। भगवान भोलेनाथ शिव और माता पार्वती के संरक्षण इन तथाकथित नव असुरों को अजेय बना दिया। सुविधा भोगी, सुरा सुन्दरी प्रेमी देवेन्द्र मानो असहाय सा हो गए। इसस्थिति ने लंकापति रावण को त्रैलोक्य विजय को प्रेरित किया। दीन, दलित, निराश्रित के रक्षक के रूप में सुख्यात् रावण आत्मनियंत्रण नहीं रखपाया और शीघ्र ही उसकी कुख्याति तीनो लोकों को रूलाने वाले के रूप में विश्व में हो गई। देवशिल्पी विश्वकर्मा के समान ही श्रेष्ठ वास्तुकार, दानवराज 'मय' की परम सुंदरी पुत्री पतिव्रता मंदोदरी के होते हुए भी ऋषि पुलस्त्य जैसे श्रेष्ठ ब्राह्मण कुलोत्पन्न महापण्डित, महातप स्वी, सुन्दर और सुपुष्ट शरीर धारी, रावण की छवि अंततः एक विकृत, विकराल, दस शिरोंवाले विकराल आकृति आततायी, अपहर्ता, लोकउत्पी डक, कामुक साम्राज्यवादी के रूप में स्थापित हो गई।

जरासंध का आक्रमण और रणछोड़

कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंच कर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिन्तित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था, साम्राज्यलिप्सा थी। इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य-राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिला कर मथुरा जा पहुंचा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्धपितामह भीष्म इस समय सजग थे लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादव गणराज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव-सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था किन्तु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किन्तु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यन्त फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादवप्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादवप्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए।

प्रदेश

हाई कोर्ट ने खारिज की जौहर विश्वविद्यालय की याचिका

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रामपुर जिले में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने 18 दिसंबर 2023 को जौहर विश्वविद्यालय ट्रस्ट की याचिका सूचीबद्ध करने के कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले को सुरक्षित कर लिया था।

फैसले को सुरक्षित रखते हुए पीठ ने राज्य सरकार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंत तक रामपुर पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए हेल्पलाइन खुला रखने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान के नेतृत्व वाले मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को पट्टे की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए 3.24 एकड़ भूमि का पत्ता रद कर दिया। सरकार की ओर से आरोप लगाया गया था कि मूल रूप से एक शोध संस्थान के लिए आवंटित भूमि पर एक स्कूल चलाया जा रहा है।

सुनवाई

▸▸ विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के सरकार के फैसले को दी थी चुनौती

सुनवाई के दौरान बिना कारण बताओं नोटिस के पट्टा रद करने के फैसले का बचाव करते हुए महाधिवक्ता ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की उस रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया कि लीज रद करने से पूर्व याची ट्रस्ट को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया। इसके अलावा उच्च शिक्षा के उद्देश्य से अधिग्रहित की गई भूमि का उपयोग रामपुर पब्लिक स्कूल चलाने के लिए किया जा रहा था। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान द्वारा सरकारी जमीन के खुले आम दुरुपयोग के आधार पर पट्टा रद करने का फैसला लिया गया।

हालांकि ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यूपी सरकार द्वारा लीज डीड को रद्द करने और संपत्ति को सील करने में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है। अनुसंधान संस्थान के खिलाफ कार्यवाही करने से पहले समिति के किसी भी सदस्य ट्रस्ट को कोई भी नोटिस नहीं दिया गया। इसके साथ ही पट्टा रद करने और परिसर को सील करने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया, जिसकी वजह से याची राज्य को जवाब दाखिल नहीं कर सका।

मस्जिद में संदिग्ध युवक के पास मिले 12 सिम कार्ड

सहारनपुर, एजेंसी

▸▸ युवक को हिरासत में लेकर छानबीन में जुटी पुलिस

जिले के सरसावा में एक मस्जिद में लोगों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ा, जिसके पास से 12 सिम कार्ड बरामद हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच की। जांच में सामने आया कि वह बोल नहीं पता है। उसने सिर्फ कागज पर लिखकर बताया कि वह हरियाणा के जनपद अंबाला का रहने वाला है।

सोमवार दोपहर मोहल्ला मिर्धान स्थित मरकज वाली मस्जिद में इबादत कर रहे कारी नईम, अब्दुल अहाद, शमशेर को मस्जिद में एक संदिग्ध युवक को दिखाई दिया। उसकी हरकत देखकर इन लोगों को शक हुआ और युवक को पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर सभासद अय्यूब अंसारी भी पहुंच गए। कारी नईम और अब्दुल अहाद ने बताया कि युवक देखने में मुस्लिम समाज से लग रहा है, लेकिन उसकी हरकतें संदिग्ध थीं। युवक ने मस्जिद में चंदा भी मांगा। उन्होंने पहचान के लिए युवक से आधार कार्ड मांगा तो वो कुछ नहीं दिखा पाया। शक होने पर उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें से 12 सिम और एक कॉपी के पन्ने पर कुछ शहरों के नाम लिखे हुए मिले। इसके अलावा सब्जी काटने के दो चाकू, टॉर्च, कुछ रुपये और कपड़े भी मिले। आरोपी के पास से बरेली निवासी एक बच्चे का आधार कार्ड भी मिला। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि आरोपी शुरुआत में बोल रहा था, लेकिन भीड़ एकत्र होने पर गूंगा होने का नाटक करने लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आई, जिससे पुलिस ने पूछताछ की तो उसने एक कागज लिखकर सिर्फ इतना बताया कि वह अंबाला का रहने वाला है, लेकिन अपना नाम और पता नहीं बताया।एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि जांच में सामने आया है कि युवक बोल नहीं पाता है। उसकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं लग रही है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

वर्ग पहेली-14

बाएं से दाएं

1. रोएंदार, त्वचा पर बालोंवाला।
6. धीरे से खिसक जाना, रफूचक्कर होना, चल देना, चंपत होना।
7. लायक, पात्र, योग्य।
10. नरम होने की अवस्था या भाव, नरमी।
11. 1. अर्चित, जिसकी पूजा की गई हो 2. जिसका सम्मान किया गया हो।
12. 1. समान, तुल्य, सदृश 2. गुण

ऊपर से नीचे

2. 1. अविवाहित युवती या महिला के नाम से पहले प्रयोग किया जाने वाला शब्द, सुश्री 2. कुमारी, युवती, कन्या 3. चूक, गलती, भूल 4. किसी व्यक्ति या वस्तु को देखने
3. लटके दिखाने वाला, नख़रेवाला, जिसकी अदाएं शोख़ हों।
4. 1. रचना करना 2. निर्माण या तैयार करना 3. ठीक दशा या रूप देना 4. सुसज्जित करना, सजाना 5. सुधारना, मरम्मत करना 6. आपस में अच्छा संबंध या मेल-जोल बनाए रखना 7. पैदा करना या कमाना 8. अच्छी या उन्नत दशा में पहुंचाना 9. एक रूप से दूसरे रूप में लाना 10. उपहास करना 11. किसी कार्य को संपन्न करना 12. झूठी बातें कहना 13. स्वीकार करना, मानना 14. लाभ उठाना।
5. 1. आत्मा, जीवात्मा 2. इत्र 3. सत्त, सार।
8. 1. श्रृंगार, सजावट 2. शोभा।
9. 1. मल्लाह, केवट 2. घाट का कर लेने वाला।



वर्ग पहेली -13 का हल

			1 हा		2 गुं	
	3 मु	बा	र	क	बा	दी
	है		मो			
4 जा	या		5 नि	6 ह	त	
ने		7 जि	य	रा		8 छि
जाँ			9 म	र	जि	या
	10 हे	ट		त		सी

सुडोकू-93

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1		2		9				8
	7				1	5		2
8			7				3	
3		9		6				4
			2			7	9	
2		7		5				
7				3		2		
	2		1		9		5	6
		6				3		

सुडोकू -92 का हल

4	8	5	2	7	9	6	1	3
9	6	2	4	1	3	5	8	7
1	7	3	8	5	6	4	2	9
5	1	4	3	2	7	8	9	6
2	3	6	9	4	8	1	7	5
7	9	8	5	6	1	3	4	2
3	5	1	7	8	2	9	6	4
6	2	9	1	3	4	7	5	8
8	4	7	6	9	5	2	3	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-दशमी 20 मार्च 00 .21 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20 .10 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज अनैतिक कार्यों में लिप्त होने से बचें। दोपहर के बाद आपको स्वास्थ्य को लेकर कुछ सावधान रहना चाहिए। जो लोग आपके निर्णयों का विरोध कर रहे थे, वही आज आपका समर्थन करेंगे। पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

वृष — आज दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों का अच्छी तरह निर्वहन करेंगे। विद्यार्थी अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। नई व्यापारिक योजना पर काम कर सकते हैं। घरेलू कार्यों में कुछ विलम्ब हो सकता है।

मिथुन — आज मेहनत से पीछे न हटें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। महत्वपूर्ण कार्यों को शाम से पहले पूरा करना हितकर होगा। अति आत्मविश्वास आपको अच्छे लाभ से वंचित कर सकता है।

कर्क — आज सार्वजनिक क्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। कारोबार में परिस्थितियां आपके प्रतिकूल हो सकती हैं। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी किन्तु विशेष परिणाम नहीं मिलेंगे। शाम को घर के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। रोगियों की सेहत में सुधार होगा।

सिंह — आज यदि विदेश जाना चाहते हैं तो कुछ समय अभी रुकना बेहतर होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अति शीघ्रता में लिए गए निर्णय परेशानी बढ़ाने वाले सिद्ध होंगे। माता-पिता की आज्ञा का पालन करें। शरीर में शक्ति और तेज में कमी की अनुभूति होगी।

कन्या — आज समाज में आपका मान-सम्मान पहले की तुलना में बढ़ने वाला है। सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। सुख-सुविधा पर धन खर्च होगा। सहकर्मियों के व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। बच्चों के व्यवहार में नजर बनाये रखें। अपने घर की मरम्मत या नवीनीकरण कर सकते हैं।

तुला — आज अपना काम पूरी निष्ठा से करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। ऑफिस में पेन्डिंग कार्य आज पूरे करने की कोशिश करेंगे। परिजनों की बात बुरी लग सकती है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें।

वृश्चिक — आज दिन की शुरुआत कुछ खराब रहेगी। निर्णय लेने में असहज महसूस करेंगे। कल्पना लोक से बाहर आकर वास्तविकता को समझने का प्रयास करें। शाम को किसी मित्र के साथ घूमने जा सकते हैं। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी।

धनु — आज नशे की आदत से आपको बचना चाहिए। मन में सन्तोष व्याप्त रहेगा। गृहस्थ जीवन शान्तिपूर्ण ही रहेगा। किन्तु शाम को किसी वजह से कलह हो सकती है। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से दिग्भ्रमित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों और कला में मन लगेगा।

मकर — आज प्रेमी युगल जोड़े समय का अच्छा उपयोग करेंगे। साझेदारी से जुड़े हुए कार्य लाभप्रद सिद्ध होंगे। गृहस्थ जीवन का पर्याप्त आनन्द उठायेंगे। अच्छे अवसरों का लाभ उठा पायेंगे। आपको दूसरों से सलाह लेनी है, लेकिन स्वयं के विचारों के आधार पर निर्णय लेना उचित होगा।

कुंभ — आज पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें। सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। मित्रों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। पित्त विकार के कारण मुख में कड़वापन महसूस हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में कम लगेगा।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में सफलता के कारण आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी के बहकावे में आकर काम न करें। दोपहर के बाद आपको किसी समस्या से मुक्ति मिलेगी। दाम्पत्य संबंधों में तालमेल की कमी रहेगी। मन में कुछ उथल-पुथल सी हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
लोहा — सुबह : 07 .49
मजाल — रात : 07 .00

SONY MAX
सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 10 .39
चेहरे — शाम : 06 .59

SONY PIX
बुलेट ट्रेन — सुबह : 11 .11
द मास्क — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
ट्रैफिक सिग्नल — सुबह : 10 .30
रॉक ऑन टू — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
आ देखें जरा — सुबह : 08 .49
कुंवारा — रात : 06 .59

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर सुबह : 10 .39 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गोलू (एक पड़ोसी से)- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं...

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,748.42	22,055.70
बढ़त	104.99	32.35
प्रतिशत में	0.14	0.15

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, मंगलवार, 19 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11500-12500
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

तत्काल सहायता में क्षतिपूर्ति का फार्मूला फेल

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का कंपनी नहीं कर पाईं आकलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निर्धारित समय बीता, क्लेम बचाने के गुणा-भाग में उलझे

अमृत विचार : प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान बीमित रबी की फसलों का क्लेम तो दूर कंपनियां तय समय पर आकलन नहीं कर पाई हैं। जबकि किसानों ने टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर आठ हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए थे, जो ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' की गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वे कर क्लेम तय करना है। लेकिन, इससे अधिक समय बीतने पर भी कंपनियों ने कृषि विभाग को किसी तरह की रिपोर्ट नहीं दी है।

गौरतलब है कि कंपनी ने कितने दावे आए और कितने निरस्त हुए यह भी नहीं बताया है। नियम में यह है कि आपदा की स्थिति में नुकसान पर 25 फीसद क्षतिपूर्ति राशि फार्मूला लगाकर तत्काल सहायता के रूप में 30 दिन में जाती है और शेष राशि फसल कटाई के दौरान।

तो समय से कॉल करने पर देरी क्यों: एक सीजन की फसल का बीमा कराने पर आपदा के समय व्यक्तिगत दावा और न होने पर अंत में क्रॉप कटिंग यानी कटाई पर क्लेम मिलता है। आपदा की स्थिति में जितना नुकसान उतने किसानों को उतनी क्षतिपूर्ति मिलती है। इसमें कंपनियों को नुकसान होता है। जबकि क्रॉप कटिंग में खेत चिह्नित कर कटाई में निकली उपज की तौल के आधार क्लेम तय होता है। इसी आधार पर आसपास के बीमित किसानों को भुगतान किया जाता है। जबकि इसमें किसानों को घाटा होता है।

> कंपनियों ने सर्वे कर लिया है। लेकिन, रिपोर्ट नहीं दी है। इसके लिए 10 दिन का समय मांगा है। रिपोर्ट का परीक्षण भी करेंगे। यदि नुकसान हुआ है तो किसानों को पारदर्शिता से क्लेम मिलेगा।
>
> **-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

राजस्व की रिपोर्ट का करते रहे इंतजार

आपदा के समय राजस्व विभाग आर्थिक सहायता के लिए पूरे गांव का सर्वे करता है। जबकि बीमा कंपनी सिर्फ बीमित किसानों का। कहा जाता है कि एक-दूसरे में अंतर न आए इसलिए कंपनी राजस्व की रिपोर्ट का इंतजार करतीं हैं और क्लेम बचाती है। इधर, व्यक्तिगत दावों का निस्तारण नहीं हो पाया है और बुंदेलखंड व अन्य क्षेत्र में क्रॉप कटिंग होने लगी है। जहां, लेखपाल अधिक क्लेम के लिए ज्यादा नुकसान दर्शा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि इस मामले में झोल ही झोल है।

आईटी क्षेत्र में अगले वित्त वर्ष में 3 से 5% वृद्धि का अनुमान

मुंबई। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के राजस्व में अगले वित्त वर्ष (2024-25) में तीन से पांच प्रतिशत तक वृद्धि होने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह अनुमान जताया। इसके साथ ही इक्रा रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आईटी क्षेत्र में वृद्धि दर की रफ्तार बढ़ने तक भर्तियां निकट अवधि में 'सुस्त' बनी रहेंगी। हालांकि राजस्व वृद्धि पर चिंताओं के बीच कंपनियों की लाभप्रदता मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई है। इसके मुताबिक, 250 अरब डॉलर के भारतीय आईटी क्षेत्र के लिए परिचालन लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2024-25 में 21-22 प्रतिशत के स्वस्थ स्तर पर आ जाएगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2023-24) के पहले नौ महीनों में उद्योग की राजस्व वृद्धि सिर्फ दो प्रतिशत रही है।

बीमा क्षेत्र में आया 54,000 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश : जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय सेवा सचिव विवेक ने 9 साल के बारे में दी जानकारी

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा है कि विदेशी पूंजी के प्रवाह संबंधी मानदंडों को अधिक उदार बनाने से बीमा क्षेत्र में पिछले नौ साल में करीब 54,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है।

जोशी ने बातचीत में कहा कि सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2015 में 49 प्रतिशत और फिर 2021 में संशोधित कर 74 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीमा मध्यस्थ कंपनियों के लिए स्वीकृत एफडीआई सीमा को वर्ष 2019 में बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार के इन कदमों से दिसंबर, 2014 से जनवरी, 2024 के बीच बीमा कंपनियों में कुल 53,900 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ। जोशी ने कहा कि इस अवधि में जनवरी, 2024 तक बीमा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संख्या 53 से बढ़कर 70 हो गई। उन्होंने कहा कि बीमा उत्पादों की पहुंच वित्त वर्ष 2013-14 में 3.9 प्रतिशत थी, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में चार प्रतिशत हो गई। वहीं बीमा घनत्व 2013-14 के 52 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 92 डॉलर हो गया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,100
गिन्नी (प्रति नग)	50,000-50,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,500
सोना जेवरात गिन्नी	64,500
चांदी पक्की	738 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	75,000।

चीनी का उत्पादन मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध चीनी उत्पादन अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष में 15 मार्च तक मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रह गया है। सोमवार को जारी व्यापार आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने बयान में कहा-मौजूदा 2023-24 सत्र में 15 मार्च, 2024 तक चीनी का उत्पादन 280.79 लाख टन पर पहुंच गया। पिछले साल इसी तारीख में यह आंकड़ा 282.60 लाख टन रहा था। इस साल 15 मार्च को चालू कारखानों की संख्या 371 थी, जबकि पिछले साल इसी दिन 325 मिलें परिचालन में थीं। उत्तर प्रदेश में समीक्षाधीन अवधि में चीनी का उत्पादन पूर्व के 79.63 लाख टन के मुकाबले 88.40 लाख टन हुआ। महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 101.92 लाख टन से मामूली गिरावट के साथ 100.50 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में यह 53.50 लाख टन से घटकर 47.55 लाख टन रह गया है।

अडाणी की कंपनी की एलपीएस मांग को न्यायालय ने नकारा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) से विलंबित भुगतान अधिभार के रूप में 1,300 करोड़ रुपये से अधिक की मांग करने वाली अडाणी पावर राजस्थान लिमिटेड की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। जेवीवीएनएल राजस्थान सरकार के स्वामित्व वाली बिजली वितरण कंपनी है। अडाणी पावर राजस्थान लिमिटेड (एपीआरएल) ने जेवीवीएनएल से देरी से भुगतान पर अधिभार के रूप में 1,300 करोड़ रुपये की मांग रखी थी।

स्टार्टअप नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीपीआईआईटी सचिव राजेश बोले-इसे जल्द लागू किया जाएगा

सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां स्टार्टअप महाकुंभ में कहा कि स्टार्टअप इकाइयों को देश और स्वयं के लाभ के लिए अपने नवोन्मेषण को बौद्धिक संपदा अधिकारों में बदलना चाहिए। व्यापक अनुसंधान एवं विकास के जरिए ऐसा किया जा सकता है।

सिंह ने कहा-भारत सरकार एक अलग सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति बना रही है। नीति का मसौदा अब अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है। हमें उम्मीद है कि इसे जल्द लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम एक बड़ा कोष बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उम्मीद है कि आप सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए अलग व्यवस्था देखेंगे। प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) ने सात जुलाई, 2022 को अपनी 21वीं बैठक में इस संबंध में एक व्यापक नीतिगत ढांचे का प्रस्ताव दिया था और एक कार्यसमूह के गठन की सिफारिश की थी। राजेश सिंह ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) के लिए एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा-हमें उम्मीद है कि डीपीआईआईटी कारोबार क्षेत्र और स्टार्टअप समुदाय के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है।

राष्ट्रीय

शक्ति का हर उपासक देगा विपक्ष को जवाब: मोदी

तेलंगाना की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर किया वार

शिवमोगा (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर हिंदू धर्म में समाहित 'शक्ति' के विनाश का ऐलान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नारी और शक्ति का हर उपासक उसे (विपक्ष को) इसका जवाब देगा। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''कल मुंबई में इंडी गठबंधन की तरफ से एक खुला ऐलान किया गया है। वे लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं। हिंदू समाज जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का उन्होंने ऐलान कर दिया है। अगर शक्ति विनाश का उनका ऐलान है तो शक्ति उपासना का मेरा भी ऐलान है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, ''हिंदू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं... एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है?

शिवमोगा की रैली में मोदी ने कहा-मैं जब सार्वजनिक जीवन में आया... जब मैंने अपने समय का पल-पल और शरीर का कण-कण लोगों की सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया तो मुझे इसी शक्ति ने ऊर्जा दी। आज भी मैं शक्ति की उपासना करता हूं, देश के कोटि-कोटि लोग हिंदू धर्म की इस शक्ति के उपासक हैं। मेरे लिए देश की नारी शक्ति, इसी शक्ति का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरोप लगाया कि 'इंडी अलायंस' के लोग इस 'शक्ति' को 'कुचलना और तबाह' करना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कोयंबटूर में रोड शो किया

कोयंबटूर। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को यहां रोड शो किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगातार 'मोदी, मोदी' के नारे लगाए और पारंपरिक संगीत की धुन बजाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। जैसे ही मोदी ने एक खुले वाहन में अपना रोड शो शुरू किया, सड़क के दोनों ओर जमा हुए लोगों ने उन पर फूल बरसाए और उनके समर्थन में नारे लगाए। रोड शो के दौरान कुछ लोग उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए। यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर में रोड शो किया है।

मेडिकल की छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया

नई दिल्ली। मेडिकल की एक 22 वर्षीय छात्रा ने आरोप लगाया है कि मौखिक परीक्षा के दौरान उसके प्रोफेसर ने उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक वह एक सरकारी अस्पताल में 2021 बैच की एमबीबीएस छात्रा है। प्राथमिकी में कहा गया, औषधि शास्त्र विभाग में 31 जनवरी को हमारी मौखिक परीक्षा आयोजित की गई थी। दोपहर मुझे मौखिक परीक्षा के लिए औषधिशास्त्र के एक सहायक प्रोफेसर के सामने उपस्थित होना था। प्रोफेसर ने कुर्सी अपने नजदीक रखी हुई थी, जबकि विधार्थी शिक्षक के सामने वाली कुर्सी पर बैठते हैं। कहा कि प्रोफेसर ने उन्हें कुछ कागज दिए और वह अनुचित तथा अप्रासंगिक सवाल पूछे थे।

बढ़ेंगी सरकारी विज्ञापनो की दरें

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- सूचना सचिव संतोष जाजू का अखबार मालिकों को आश्वासन
- रेट स्ट्रक्चर समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी

अमृत विचार: प्रिंट मीडिया के सरकारी विज्ञापनों की दरों में वृद्धि के संकेत मिले हैं। सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संतोष जाजू एवं इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा के बीच हुई वार्ता के बाद समाचार पत्र एवं मैगजीन जगत में उक्त आशय की उम्मीद जगी है।

प्रिंट मीडिया की विज्ञापन दरों में वृद्धि करने के लिए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त सचिव जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में रेट स्ट्रक्चर समिति का गठन किया था। सिन्हा समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। समिति ने प्रिंट मीडिया के छोटे-बड़े सभी घरानों के नुमाइंदों से अलग-अलग बात की थी, जिसमें ज्यादातर प्रकाशन समूहों ने आर्थिक तंगी का हवाला दिया था। जिसमें न्यूज़ प्रिंट के दामों में वृद्धि, बिजली की दरों में हो रही वृद्धि एवं वेतन व परिवहन में आने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ की जानकारी दी गई थी।

अखबार एवं मैगजीन के ज्यादातर मालिक आईएनएस के मध्यम से विज्ञापन की वर्तमान दरों में कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि 5 वर्ष में मुद्रण की लागत कई गुना बढ़ गई है। वेतन में भी वृद्धि हुई है और अखबारों के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गई है और न ही विज्ञापन दरों में सरकार ने कोई वृद्धि की है। कोरोना के समय में प्रिंट मीडिया को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जिसकी वजह से प्रिंट मीडिया के समक्ष कई तरह के आर्थिक संकट पैदा हो गए हैं। सरकार ने उक्त मांगों पर अध्ययन करने के लिए जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। जिसकी रिपोर्ट कई माह पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सौंप दी गई थी।

सूत्रों के मुताबिक उक्त रिपोर्ट में सरकारी विज्ञापन की दरें बढ़ाने की सिफारिश की गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आईएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से सिन्हा समिति की रिपोर्ट को लागू करने की मांग की थी। मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव संतोष जाजू एवं आईएनएस अध्यक्ष राकेश शर्मा के बीच एक बैठक हुई। इस वार्ता के दौरान श्री शर्मा ने पांच पेज का एक मांग पत्र भी संतोष जाजू को दिया है।

एक नजर

राजस्थान के सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

जयपुर। दिल्ली-अजमेर राजमार्ग पर सोमवार को सुबह एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सोमवार को सुबह चंदवाजी इलाके में हुआ जब एक कार राजमार्ग पर खड़े ट्रक से जा टकराई। कार में सवार लोग नागौर जिले से शाहपुरा जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस घटना में पवन कुमार, संजना देवी, कपूरी देवी और मोनिका की मौत हो गई।

इनामी नक्सली दंपति ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में इनामी नक्सली दंपति ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी की कृषि शाखा के अध्यक्ष सोड़ी सुक्का उर्फ सोड़ी कोसा (45) और उसकी पत्नी सोड़ी सुक्की (37) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली कोसा के सर पर पांच लाख रुपए और सुक्की के सिर पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित है।

नकली दवाओं के मामले में ईडी ने दिल्ली एनसीआर में 10 स्थानों पर छापे मारे

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कैंसर की नकली दवाओं का उत्पादन और बिक्री करने वाले गिरोह से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कई स्थानों पर सोमवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने कुल 10 स्थानों पर छापे मारे और दो स्थानों से लगभग 65 लाख रुपये नकद बरामद किए। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कैंसर और कीमोथेरेपी दवाओं के उत्पादन और उनकी दिल्ली-एनसीआर के कुछ अस्पतालों में बिक्री में कथित रूप से शामिल एक संगठित आपराधिक गिरोह की जांच के लिए मामला दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इसी मामले का संज्ञान लेते हुए धनशोधन का मामला दर्ज किया।

बिचौलिए मिशेल जेम्स की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामला

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में एक कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की नई जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सीबीआई और ईडी द्वारा 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले के मामलों में जांच की जा रही है। यह तर्क दिया गया कि जेम्स पर प्रत्यर्पण आदेश में उल्लिखित अपराधों के अलावा किसी अन्य अपराध के तहत आरोप नहीं लगाया जा सकता है और उसे विशेषज्ञता के सिद्धांत का लाभ दिया जाना चाहिए।

दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद उसे दिसंबर 2018 में गिरफ्तार किया गया था। पीठ के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पूछा है कि आप इस मामले में अनुच्छेद 32 (संविधान के प्रावधानों में से एक जो मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार देता है) के तहत याचिका कैसे दायर कर सकते हैं?

विदेशी छात्रों पर हमले से संबंधित मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में हुई थी घटना

गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में नमाज पढ़ने को लेकर विदेशी छात्रों पर हुए हमले के सिलसिले में पुलिस ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने और सुरक्षा के लिए पूर्व सैन्यकर्मियों की सेवाएं ली हैं। जांच और सभी हमलावरों की पहचान करने के लिए नौ टीम गठित करने वाली पुलिस ने हितेश मेवाड़ा और भरत पटेल की शुरुआती गिरफ्तारियों के बाद सोमवार को तीन और लोगों क्षितिज पांडे, जितेंद्र पटेल और साहिल दुधातिया को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कहा कि इसके साथ ही गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या पांच हो गई है, शेष आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। शनिवार को हुई इस घटना के बाद विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को एक नए विंग में स्थानांतरित कर दिया है और सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिकों की सेवाएं ली हैं। इसके अलावा एक विदेशी छात्र सलाहकार समिति की स्थापना की गई है। गुजरात विश्वविद्यालय की कुलपति नीरजा गुप्ता ने विदेश अध्ययन कार्यक्रम के समन्वयक और एनआरआई छात्रावास वार्डन को तत्काल हटाने की घोषणा की। पुलिस उपायुक्त तरुण दुग्गल ने कहा कि हमले में शामिल शेष संदिग्धों की पहचान करने के लिए तकनीकी निगरानी और अन्य तरीकों का इस्तेमाल करते हुए गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने दंगा, स्वेच्छा से नुकसान पहुंचाने और आपराधिक कृत्य समेत विभिन्न आरोपों में 20-25 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार ए-ब्लॉक छात्रावास में विदेशी छात्रों के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन घटनाक्रमों के बीच गुजरात उच्च न्यायालय ने मामले में जांच एजेंसी के तौर पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि हर मामला ऐसा नहीं होता कि उसमें जनहित याचिका दायर कर दी जाए।

भाजपा कोर कमेटी में कानपुर से गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

सतीश महाना।

अजय कपूर।

- उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी मांग रहे टिकट
- विधायक रहे अजय कपूर के नाम का भी हुआ है जिक्र

अमृत विचार: कानपुर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी में किसी गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर भी चर्चा की गई है। जिसमें हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए तीन बार के विधायक रहे अजय कपूर के नाम का जिक्र भी हुआ है। कांग्रेस ने यहां से आलोक मिश्रा एवं बसपा ने किसी क्षत्रिय उम्मीदवार को मैदान में उतारा है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी कानपुर से टिकट मांग रहे हैं। वह आठ बार से विधानसभा का चुनाव जीत रहे हैं। महाना को भाजपा ने 2009 में लोकसभा का टिकट दिया था लेकिन वे 17 हजार मतों से हार गए थे। उन्होंने कोर कमेटी के सदस्यों के पास 2009 में प्राप्त मतों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया है। जिसके तहत उन्हें 1,96,000 से ज्यादा मत मिले थे और कांग्रेस के श्री प्रकाश जायसवाल को करीब 2,14, 000 मत मिले थे। जबकि बहुजन समाज पार्टी से सुखदा मिश्रा को करीब 48000 मत मिले थे।

सूत्रों के मुताबिक महाना ने यह लेखा-जोखा इसलिए प्रस्तुत किया है क्योंकि 2009 के मुकाबले 2024 में भाजपा की स्थिति बहुत ज्यादा मजबूत हुई है। ब्राह्मण बाहुल्य कानपुर सीट से कांग्रेस ने आलोक मिश्रा का नाम लगभग तय कर दिया है। उसके बाद से ही महाना ने अपना दावा और मजबूती से पेश किया है। कोर कमेटी को यह भी बताया गया है कि यदि महाना के स्थान पर कांग्रेस से आए अजय कपूर को टिकट मिलता है तो वह भी अच्छा चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि कानपुर में पंजाबियों का ठीक-ठाक वोट बैंक है। वह किदवई नगर जैसे ब्राह्मण बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी चुने जा चुके हैं। महाना और अजय कपूर आपस में रिश्तेदार भी हैं।सूत्रों के मुताबिक कोर कमेटी के समक्ष कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी ने अपनी बेटी एवं बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह के परिवार की बहू नीतू सिंह को टिकट दिए जाने का दावा पेश किया है।

भाजपा की तीसरी सूची आज जारी होने की संभावना

उत्तर प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र के उम्मीदवारों का नाम तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी की बैठक देर रात तक जारी रही। इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी और उसी दिन शाम तक उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी होने की संभावना है।कोर कमेटी ने उत्तर प्रदेश के गैर विवादित संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। लेकिन केंद्रीय चुनाव समिति ही इन नाम पर अंतिम फैसला लेगी। कोर कमेटी से प्राप्त नामों को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक के पूर्व मुख्य मंत्री बीएस येदुरप्पा, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के लक्ष्मण, संसदीय बोर्ड के सदस्य डा. इकबाल सिंह लालपुरा व डा. सत्यनारायण जटिया, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन सहित अन्य सदस्य मंगलवार को विचार विमर्श करेंगे।

इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास पिछले साल दबाव की स्थिति में डगमगा गया था, लेकिन इस सत्र में वह मानसिकता को मजबूत करने में सफल रही, जिससे वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पहला खिताब जीतने में सफल रहीं। आरसीबी ने कम स्कोर वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली को तीन गेंद रहते 8 विकेट से हराकर दूसरे सत्र का खिताब जीता।

मंधाना ने कहा कि वह पिछले सत्र से अब तक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हुई हैं। इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा। पिछले साल मैं पिछड़ रही थी, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। मुझे खुद पर कुछ चीजों को लेकर संदेह था, लेकिन वह मेरे दिमाग की वास्तविक बातचीत थी,

मुझे खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़ी सीख थी। दिल्ली ने शेफाली वर्मा (44) और कप्तान मेग लैनिंग (23) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाए 64 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद टीम ने महज 49 रन में सभी विकेट गंवा दिए। आसीबी ने तीन गेंद शेष रहते 8 विकेट से मैच को अपने नाम किया। मंधाना ने इस दौरान युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल की तारीफ की जिन्होंने फाइनल में 4 विकेट चटकाए। इस कप्तान ने कहा कि श्रेयंका बहुत शानदार रही हैं। पहले तीन चार मैच उनके अनुकूल नहीं रहे। वह क्षेत्रीय टूर्नामेंट खेल कर आई थी, जिसमें उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। मुझे उससे बातचीत याद है जब मैंने कहा था कि चिंता मत करो 17 मार्च को तुम खास करने जा रही हो, मुझे क्या पता था कि ऐसा होगा और उसे पर्पल कैप मिलेगी।

दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं

दूसरे सत्र में मंधाना ने ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि हरमनप्रीत कौर ने लीग के पहले सत्र में मुंबई को खिताब दिलाया था। मंधाना ने कहा कि पिछले साल जब मुंबई और दिल्ली फाइनल में खेल रहे थे, तो कहीं न कहीं मुझे उम्मीद थी कि हरमन इसे जीत लेगी। मैं खुद चाहती थी कि पहला सत्र कोई भारतीय कप्तान जीते। अगर मैं नहीं तो यह हरमनप्रीत को जीतना चाहिए। मैं हरमन और मुंबई की टीम के लिए वास्तव में खुश थी। मंधाना ने कहा कि टूर्नामेंट के दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं। यह वास्तव में दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी प्रतिभा है और यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। आरसीबी पुरुष टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी इस जीत के बाद वीडियो कॉल कर मंधाना और पूरी टीम को बधाई दी। मंधाना ने कहा कि कोहली क्या कह रहे थे, मुझे कुछ सुनाई नहीं दिया क्योंकि वहां बहुत ज्यादा शोर था। उन्होंने 'थम्स अप' किया और मैंने भी 'थम्स अप' के साथ जवाब दिया। वह वास्तव में बहुत खुश लग रहे थे और उनके चेहरे पर बड़ी मुस्कान थी। मंधाना ने कहा कि मुझे याद है कि वह पिछले साल आए थे और उन्होंने हमारी टीम के साथ बातचीत की थी।

कुश्ती की तदर्थ समिति को आईओए ने किया भंग, डब्ल्यूएफआई ने लिया जिम्मा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन हटाने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग कर दिया। आईओए ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के निलंबन रद होने के बाद खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति की 'कोई जरूरत नहीं' है।

आईओए ने कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन किया है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दाव हालांकि उस समय उलटा पड़ गया जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया। आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा था कि माननीय दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है।

डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज करने वाली समिति को राष्ट्रीय महासंघ के संचालन का जिम्मा देने के लिए आईओए का शुक्रिया किया। उन्होंने कहा कि हम डब्ल्यूएफआई का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आईओए को धन्यवाद देते हैं। हम पहलवानों को सुविधाएं देंगे। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं तो हम यह सुविधा देंगे। पूरा ध्यान ओलंपिक पर है। उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे पांच-छह पहलवान क्वालिफाई करेंगे।

खेल डायरी

अल्कराज ने मेदवेदेव को हराकर खिताब का किया बचाव

इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी। गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस के पुरुष एकल फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को 7-6, 6-1 से हराकर पिछले साल विंबलडन चैंपियन बनने के बाद पहला खिताब जीता। अल्कराज यहां दाहिने टखने में चोट के साथ पहुंचे थे। उनके पूरे टूर्नामेंट में खेलने को लेकर संदेह था, लेकिन वह लगातार दूसरे साल चैंपियन बनने में सफल रहे। इगा स्वियातेक ने महिलाओं के फाइनल में मारिया सककारी को 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने इस 12 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान छह मैचों में केवल 21 गेम गंवाए। अल्काराज को फरवरी में रियो ओपन के दौरान चोट लगी थी। उन्होंने कहा कि मैं हर मैच के बाद बेहतर महसूस कर रहा था। मेरा आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा था।

एमबापे की हैट्रिक, पीएसजी ने मोंटपेलियर को रौंदा

पेरिस, एजेंसी। किलियन एमबापे की हैट्रिक की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन फुटबॉल में मोंटपेलियर को 6-2 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पीएसजी ने फ्रांस की शीर्ष लीग की तालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए ब्रेस्ट पर 12 अंक की बढ़त बना ली। एमबापे ने मैच के 22वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किये जिससे पीएसजी के लिए उनके गोल की संख्या 250 हो गई। वह 24 गोल के साथ सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। वितिन्हा ने मैच में पीएसजी का खाता खोला जबकि ली कांग-इन और नूनो मेंडेस ने भी गोल किए।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी। हॉकी इंडिया ने सोमवार को छह अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरु होने वाले पांच मैचों के टूर्नामेंट के लिए 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम की उप कप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। ओलंपिक के लिए टीम का एक लिटमस टेस्ट होगा। पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय, विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा आदि टीम में हैं।

रोहित मेरा मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे: पंड्या

मुंबई को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित की जगह पंड्या को बनाया गया है कप्तान

मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा आईपीएल के इस सत्र में उनके मार्गदर्शक बने रहेंगे। दो सत्र में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने वाले पंड्या 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस की अगुवाई करेंगे।

मुंबई इंडियंस ने पांच खिताब दिलाने रोहित को आश्चर्यजनक रूप से कप्तान पद से हटा कर पंड्या को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पंड्या ने कहा कि इसमें पहले के मुकाबले कुछ अलग नहीं होगा। वह मेरी मदद के लिए मौजूद रहेंगे। वह भारतीय टीम के कप्तान है, यह मेरे लिए मददगार होगा क्योंकि इस टीम ने जो भी हासिल किया है वह उनकी कप्तानी में मिला है और मुझे बस इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह मेरे लिए अलग तरह की स्थिति होगी। यह अच्छा अहसास होगा क्योंकि हम 10 साल से एक साथ खेल रहे हैं। मैंने अपना पूरा करियर उनके नेतृत्व में खेला है। मुझे उम्मीद है कि वह मेरा समर्थन और मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। पंड्या ने इस बात को स्वीकार किया कि गुजरात टाइटन्स का साथ छोड़ने और मुंबई इंडियंस में रोहित की जगह कप्तान बनने पर प्रशंसकों के एक वर्ग ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों का वह विद्रोह..... हम प्रशंसकों का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही हम खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं और जो आवश्यक है उस पर ध्यान देते हैं। मैं उन चीजों पर ध्यान देने की कोशिश करता हूं जो मेरे हाथ में है। प्रशंसकों के पास हर अधिकार है और

- हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में करेंगे वापसी
- गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनाया, अब मुंबई को उनसे होगी ऐसी ही उम्मीद

मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं। पंड्या ने कहा कि टीम का कप्तान नियुक्त होने के बाद वह रोहित से पिछले दो महीने से नहीं मिले है। वह सोमवार से शुरू होने वाले टीम के अभ्यास सत्र में पहली बार रोहित से मिलेंगे। उन्होंने रोहित से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हां और ना। वह यात्रा कर रहे हैं और राष्ट्रीय टीम के लिए खेल रहे हैं। हम पेशेवर हैं। अभी दो महीने ही हुए हैं। आज हम अभ्यास मैच खेलेंगे, जब वह यहां आएंगे तो निश्चित तौर पर उनसे बातचीत होगी। यह अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में वापसी करेगा। वह अक्टूबर में वनडे विश्व कप के दौरान टखने की चोट के कारण लगभग तीन महीने तक खेल से दूर रहे। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर को लेकर कोई समस्या नहीं है, मैं सभी मैचों को खेलने की योजना बना रहा हूं। आईपीएल में मैंने वैसे भी ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं। मैं तकनीकी रूप से तीन महीने के लिए बाहर था। यह एक अजीब चोट थी और इसका मेरी पहले की चोट के साथ कोई लेना-देना नहीं था। मैं गेंद को रोकने की कोशिश में चोटिल हुआ था। इस खिलाड़ी ने पहली बार बड़े मंच पर कप्तानी का दायित्व मिलने के बाद बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनवाया। अब मुंबई को उनसे ऐसी ही उम्मीद होगी।

मुंबई को सूर्या की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से 'अपडेट' का इंतजार

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से 'अपडेट' का इंतजार है। सूर्यकुमार अभी हर्निया के ऑपरेशन से उबर रहे हैं तथा वह आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। हमें सूर्यकुमार की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से अपडेट का इंतजार है। हम हमेशा फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहे हैं, लेकिन हमारे पास विश्वस्तरीय चिकित्सा दल है।

विराट के साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय : फाफ डुप्लेसी

बेंगलुरु, एजेंसी

आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी का कहना है कि विराट कोहली टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं जो मैदान पर उनके प्रदर्शन का राज है। डुप्लेसी इस सुपरस्टार से काफी प्रभावित हैं क्योंकि दोनों की पसंद मिलती जुलती है। कोहली ने 2021 सत्र के अंत में कप्तानी से हटने का फैसला किया था जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

उन्होंने कहा कि कोहली के साथ बल्लेबाजी का अनुभव अविश्वसनीय होता है। मैं जिनके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करता हूं, वह उनमें शामिल है। वह क्रीज पर मुझे काफी ऊर्जा से भर देते हैं। पता नहीं मैदान पर कैच लपकते हुए वह इतनी ऊर्जा कैसे बरकरार रह पाता है। हम दोनों बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हम टीम के लिए अच्छे कैच लपकें।

कोहली भले ही अब कप्तान नहीं हों, लेकिन उनकी सुझाव और क्षेत्ररक्षण की इकाई की ऊर्जा को बढ़ाने में उनकी भूमिका के डुप्लेसी मुरीद हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे लगता है कि वह क्षेत्ररक्षकों का सजाने में मेरे लिए महत्वपूर्ण रहता है।

आरसीबी के अभ्यास शिविर से जुड़े विराट कोहली

विराट कोहली ने आईपीएल से पहले आरसीबी के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण देश से बाहर थे। वह रविवार को भारत पहुंचे थे। कोहली को चिन्नास्वामी स्टेडियम का चक्कर लगाते देखा गया। आरसीबी का पहला मैच शुक्रवार को चेन्नई में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

लीवरपूल को हरा कर मैनचेस्टर यूनाइटेड सेमीफाइनल में



एफए कप

मैनचेस्टर, एजेंसी। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अतिरिक्त समय तक चले एफए कप फुटबॉल क्वार्टर फाइनल के मुकाबले में लीवरपूल को 4-3 से शिकस्त दी। यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। अमद डियालो ने आखिरी क्षणों में गोल कर कोच एरिक टेन हैग की टीम को जीत दिला दी। मैच के 86वें मिनट में टीम 2-1 से पिछड़ रही थी। एंटोनी ने 87वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर किया, जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंचा। हार्वी एलियट ने 105वें मिनट में लीवरपूल को 3-2 की बढ़त दिला दी, लेकिन सात मिनट बाद मार्कस रदरफोर्ड के गोल से स्कोर बराबर हो गया। खेल खत्म होने से ठीक पहले अमद के गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को अंतिम चार में पहुंचा दिया। इससे पहले स्कॉट मैकटोमिने ने 10वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड का खाता खोला था। लीवरपूल ने एलेक्सिस मैक्स एलिस्टर और मोहम्मद सालाह के गोल से मध्यांतर से पहले 2-1 की बढ़त बना ली थी। सेमीफाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के सामने कोवेंट्री की चुनौती होगी। अंतिम आठ के अन्य मैच में चेल्सी ने स्टॉपेज समय में दो गोल के दम पर लिस्टर सिटी को 4-2 से शिकस्त दी।

लक्ष्य सेन, सिंधू भारतीय चुनौतियों की करेंगे अगुवाई

बासेल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से शिखर पर पहुंचने की होगी।

लक्ष्य ने साल के शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है। इस खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर (1.74 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थीं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने से मैच को बीच में छोड़ दिया था। महिला एकल में आकर्षी कश्यप शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की जोड़ी के खिलाफ अभियान शुरू करेंगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना अमेरिका की एनी जू और केरी जू से होगा।

स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट

- लक्ष्य ने मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद की है शानदार वापसी

बॉलीवुड हलचल

वरुण धवन ने फिर शुरू की 'बेबी जॉन' की शूटिंग



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने फिर से अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं। वरुण धवन ने कुछ दिनों पहले फिल्म की शूटिंग से किसी कारण से ब्रेक ले लिया था। अब उन्होंने फिर से 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'बेबी जॉन' के सेट से अपनी मस्कुलर बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए अपने चाहने वालों के लिए एक तस्वीर साझा की। तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, काम पर वापसी, बेबी जॉन। 'बेबी जॉन' का निर्देशन ए कालीस्वरन कर रहे हैं। एटली इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 31 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'काव्या - एक जज्बा एक जुनून' में नौ महीने के लीप के साथ दर्शकों को काव्या का नया रूप देखने को मिलेगा। शो में काव्या के बहनोई, ओमी की मौत के साथ शो में एक हाई पॉइंट देखा गया है। गिरिराज की सौतेली मां बड़ी अम्मा द्वारा संचालित एक साजिश में, एक दुर्घटना में ओमी की मौत हो जाती है जबकि काव्या कोमा में है, लेकिन प्रधान परिवार को लगता है कि काव्या ने अपनी बहन नव्या की मौत का बदला लेने के लिए ओमी को मार डाला। जब काव्या कोमा से बाहर आती है, तो उसे पता चलता है कि ओमी की मौत के लिए उस पर लगे हत्या के आरोप से उसे आईएएस के पद से निलंबित कर दिया गया है और उसका प्रिय आदि अब उससे नफरत करता है क्योंकि उसका मानना है कि उसने ओमी को मार डाला है। काव्या बनी सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अब तक, दर्शकों ने काव्या के जीवन के हर चरण के सफर को देखा है और वो कैसे सूझबूझ से हर स्थिति से निपटती है। 9 महीने के लीप के साथ, दर्शक काव्या का नया रूप देखेंगे जो पहले से ज्यादा बेबाक और ज्यादा साहसी है। जो कुछ भी उसका है उसे वापस पाने का उसका दृढ़ संकल्प उसे अजेय बना देगा! हर स्थिति आपको कुछ न कुछ सिखाती है, काव्या ने यह सब सहा है लेकिन उसने हमेशा सही काम किया है। आगामी एपिसोड में, दर्शक काव्या का सफर देखेंगे जहां वो आईएएस अधिकारी के रूप में बहाल होने के साथ-साथ आदि का प्यार और विश्वास हासिल करने का इरादा रखती है। शो हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7:30 बजे प्रसारित होता है।

सुपरस्टार सिंगर 3 को मिले टॉप 15 प्रतियोगी

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बच्चों का देसी सिंगिंग रियलिटी शो, सुपरस्टार सिंगर 3 को टॉप 15 प्रतियोगी मिल गए हैं। सुपर जज, नेहा कक्कड़ और कप्तान - पवनदीप राजन, अरुणिता कांजीलाल, सायली कांबले, मोहम्मद दानिश और सलमान अली ने 15 बेमिसाल आवाज़ों को चुना है। इस वीकेंड ग्रैंड प्रीमियर में 'टॉप 15' का खुलासा होगा, जिन्हें हर कैप्टन की टीम में 3 प्रतियोगियों के साथ 5 टीमों में बांटा जाएगा। चंडीगढ़ की लाइसेल राय, नई दिल्ली की पीहू शर्मा, बेंगलुरु की देवानासरिया कूमुल्लिल, महाराष्ट्र के अथर्व बख्शी, पंजाब के आर्यन, प. बंगाल के शुभोदीप सूत्रधार, गुरुग्राम के निशांत गुप्ता, यूपी के क्षितिज सक्सेना और खुशी नागर, कोच्चि की वैष्णवी पणिक्कर, कोलकाता के राजदीप घोष, बेंगलुरु के अनिर्भव और दीया हेगड़े, कोच्चि की मिया महक और भुवनेश्वर के शांतनु मोहंती टॉप 15 में हैं। इस वीकेंड, सुपरस्टार सिंगर 3 के ग्रैंड प्रीमियर रात 8 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 को होगी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 मार्च को रिलीज होगी। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फसल के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशक पराग पाटिल हैं। फिल्म के निर्माता प्रेम राय ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी के दर्शकों को होली का उपहार होगी। उन्होंने कहा, फिल्म फसल सिनेमा के साथ-साथ किसानों का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए भारतीय किसानों को समझने के लिए यह फिल्म जरूर देखें। क्योंकि यह हमारे अन्नदाता का सम्मान होगा। निरहुआ ने कहा कि फसल एक ऐसी फिल्म है जिसकी परिकल्पना कभी भोजपुरी में नहीं की गई है। इस फिल्म के किरदार को जीना मेरे बेहतरीन लम्हों में से एक है इसलिए मैं भोजपुरी के दर्शकों से आग्रह करुंगा कि वह जरूर इस फिल्म के देखें और अपना खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दें। आम्रपाली दुबे ने कहा कि यह फिल्म न सिर्फ देश के किसानों के बीच जागरूकता लाएगी, बल्कि सरकारी तंत्र की आखें खोलेगी। वहीं देश की महिलाओं के लिए भी बहुत ही खूबसूरत संदेश देने की कोशिश की गई है कि एक पति के सुख-दुख की सहभागी होने के नाते पत्नी का क्या-क्या कर्त्तव्य हो सकता है। कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखा है। गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान हैं और संगीतकार ओम झा एवं आर्या शर्मा हैं। गायक आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज है। सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है। एक्शन हीरा यादव का है। कोरियोग्राफर संजय कोर्बे एवं कानू मुखर्जी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

लद्दाख में तेजी पकड़ रहा विकास समीक्षा करने पहुंचे सेना के कमांडर

जम्मू, एजेंसी

सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार ने सोमवार को लद्दाख के ऊंचाई वाले हिस्सों का दौरा किया, और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इन परियोजनाओं से लद्दाख में बलों की परिचालन क्षमताओं में वृद्धि होगी।

उत्तरी कमान ने कहा कि कमांडर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अभियानगत प्रभावशीलता के मानकों को बनाए रखने में भारतीय सेना और आईटीबीपी के प्रयासों की सराहना की। उत्तरी कमान ने एक्स पर कहा, उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिन्द्र कुमार ने परिचालन तैयारियों और सीमा के बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। कुमार ने फरवरी में उत्तरी कमान के रूप में कार्यभार संभाला था।

पीटीआई के गोपनीय विदेशी बैंक खातों की जांच की मांग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक सदस्य अकबर एस बाबर ने सोमवार को गृह मंत्री मोहसिन नकवी को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने पार्टी के कथित गोपनीय विदेशी बैंक खातों की जांच करने का आग्रह किया।

पत्र में अकबर ने वर्षों पुराने प्रतिबंधित फंडिंग मामले का जिक्र किया। इस मामले में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने फैसला सुनाया था कि पीटीआई को विदेश से प्रतिबंधित धन मिला। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, पत्र की एक प्रति प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भी भेजी गई है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पीटीआई के विदेशी फंडिंग मामले पर 20 महीने पहले फैसला आने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

भारत में दो साल में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटा

2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

देश में ऑनलाइन गेम्स का बाजार कोरोना महामारी के दौरान तेजी से बढ़ा। साल 2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, लेकिन दो ही साल में इसमें 77 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साल 2023 में गेमिंग सेक्टर में सिर्फ 506 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ है। साफ है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में कोरोना महामारी के दौरान आया उछाल लंबे समय नहीं टिक सका। 2021 के बाद अगले ही साल 2022 में इसमें 52.03 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। 2024 में इंडस्ट्री में करीब 1988 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ। (मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट)

उपभोक्ताओं का खर्च भी घट रहा

गेमिंग इंडस्ट्री का ऐड पर ही नहीं, पिछले 5-6 तिमाही से उपभोक्ताओं का ऑनलाइन गेम्स पर खर्च भी लगातार कम हो रहा है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऑनलाइन गेम्स के उपभोक्ता कम हो रहे हैं, लेकिन उनका खर्च कम हो रहा है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में लागों की पसंद बदली जा रही है।



गेमिंग इंडस्ट्री का एड पर खर्च घटकर आधा

ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटने से ऐड बजट भी कम हुआ है। नतीजा प्रचार पर खर्च आधा रह गया है। जहां 2022 में गेमिंग इंडस्ट्री ने ऐड पर 12 फीसदी खर्च किया था, इस साल यह खर्च सिर्फ 6 फीसदी किया गया। रेडशीर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर लगे 28 फीसदी जीएसटी की वजह से सेक्टर में निवेश और ऐड पर खर्च में कमी हुई है। बता दें ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में ग्रोथ की जबरदस्त संभावनाएं है। यह बढ़ती अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही है, साथ डिजिटल एडॉप्शन के लिए भी लोगों प्रोत्साहित कर रही है।

दुनिया में भी घटा निवेश

मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों का क्रेज ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में नहीं दिख रहा है। 2023 में निवेशकों ने कोई उत्साह नहीं दिखाया और यह हाल सिर्फ भारत में ही नहीं था, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में निवेश 2 साल पहले के मुकाबले घटा है। जबकि भारत में ऑनलाइन गेम्स बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं। बता दें, जीएसटी के रीविजन में यह स्पष्ट नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग कितना और कैसे जीएसटी लगेगा। इस वजह से अंतर्राष्ट्रीय निवेशक गेमिंग सेक्टर में वेट एंड वॉच की रणनीति अपना रहे हैं। इसी वजह से सेक्टर में अभी निवेश करने से बच रहे हैं।

एक नजर

श्रीनगर में डल झील के किनारे पहली बार हुई कारों की रेस

श्रीनगर। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पहली बार फॉर्मूला-4 कार रेस शो आयोजित की गई। डल झील के किनारे हुए इस शो में बार रेसर और बाइकर्स ने ललित घाट से नेहरू पार्क तक 1.5 किमी तक हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में कश्मीरी लोग पहुंचे।

अमेरिका की ट्रैवल कंपनी अंतरिक्ष में डिनर कराएगी

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका की स्पेस ट्रैवल कंपनी स्पेस वीआईपी अगले साल से लोगों को अंतरिक्ष में डिनर का अनुभव कराएगी। 6 घंटे की इस हाई-टेक स्पेस बैलून यात्रा के लिए 6 लोगों का चुनाव होगा, जिन्हें समुद्र तल से 30 किलोमीटर ऊपर ले जाया जाएगा। इसके लिए एक टिकट की कीमत 4.10 करोड़ होगी। कंपनी ने इस यात्रा के लिए एक मिशेलिन स्टार रेस्तरां से नीदरलैंड के शेफ रसमस मंक को हायर भी कर लिया है।

ब्रिटेन में आम चुनाव को लेकर सुनक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

लंदन। ब्रिटेन की मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। वे मई में आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सुनक ने गुरुवार को मई की शुरुआत में आम चुनाव कराने के लिए मना किया था। सुनक के फैसले के लिखाफ लोगों ने सुनका का मुखौटा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

सख्ती देख तस्कर ने विमान में ही छोड़ा 2 किलो सोना, जांच जारी

अमृतसर। अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) टीम ने यात्री विमान में लावारिस दो किलो सोना जब्त किया है। श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मामला उस वक्त सामने आया जब दुबई से आई फ्लाइट में दो किलो सोने की खेप लावारिस हालत में मिली। फिलहाल अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) की टीम ने उसे जब्त करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस महीने में एयरपोर्ट और आईसीपी अटारी से सोने की बरामदगी की यह छठी घटना है। कस्टम प्रवक्ता के मुताबिक रविवार को दुबई से आई फ्लाइट एयर इंडिया एक्सप्रेस आईएक्स-198 आई। उन्होंने कहा-मामले की टीम जांच करेगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर रिकॉर्ड जीत के बाद पुतिन की चेतावनी

पुतिन के 5वें कार्यकाल से चिंतित यूक्रेन, प. देशों ने चुनाव की आलोचना की

मॉस्को, एजेंसी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पश्चिमी शक्तियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रूस-नाटो संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' है। 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस-यूक्रेन युद्ध ने पश्चिम के साथ मॉस्को के संबंधों में सबसे गंभीर तनाव पैदा कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन ने अक्सर परमाणु युद्ध के खतरों के संकेत दिए है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि उन्होंने कभी भी यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं समझा है। राष्ट्रपति चुनाव की जीत के बाद पुतिन ने पहले संबोधन में कहा कि भविष्य में रूस और नाटो के बीच सीधे टकराव से इनकार नहीं किया जा सकता, हालांकि, इसमें किसी की दिलचस्पी नहीं है। पुतिन ने कहा 'मुझे लगता है कि आधुनिक दुनिया में सब कुछ संभव है। लेकिन, यह पूर्ण पैमाने पर तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर होगा। मुझे लगता है कि इसकी संभावना नहीं है। 15-17 मार्च को होने वाले चुनाव से पहले यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए थे। कीव द्वारा सीमा क्षेत्र पर बड़ी संख्या में सैनिक भेजने पर पुतिन ने कहा कि यहां 'कहीं-कहीं 5 हजार तक लोग' मौजूद हैं।

मिलकर काम करने के लिए तत्पर भारत-रूस पीएम मोदी ने जीत पर दी बधाई

व्लादिमीर पुतिन के पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा है व्लादिमीर पुतिन को रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में एक बार फिर निर्वाचित होने के लिए हार्दिक बधाई। आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

चुनाव वोटिंग

1991	74.6%
1996	69%
2000	68.6%
2004	64.3%
2008	69.7%
2012	65.2%
2018	67.5%
2024	73%

दुनिया के देशों ने पुतिन की जीत पर क्या कहा

रूस में संपन्न हुए चुनाव पर दुनियाभर की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। पश्चिमी देशों ने चुनावों की आलोचना की है। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि पुतिन हमेशा के लिए शासन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'चुनाव की कोई वैधता नहीं है और न ही हो सकती है। अमेरिका ने चुनाव को लेकर कहा कि ये स्पष्ट रूप से न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष थे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, 'चुनाव स्पष्ट रूप से स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं हैं क्यों पुतिन ने राजनीतिक विरोधियों को कैसे कैद किया और दूसरों को उनके खिलाफ लड़ने से रोका।

नेपाली संसद के पूर्व अध्यक्ष सोना तस्करी में गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष और सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण बहादुर महरा को सोना तस्करी के मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्हें काठमांडू लाया गया है।

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की अगुआई वाली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी-सेंटर) के उपाध्यक्ष 65 वर्षीय महरा को कपिलवस्तु जिले के पकड़ी से गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने इसी मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दिपेश पुन को 15 मार्च को गिरफ्तार किया। दिपेश भी सत्ताधारी सीपीएन (माओवादी सेंटर) के छात्र संगठन का महासचिव है। जबकि महरा के बेटे राहुल को पिछले वर्ष 30 अगस्त को सोना तस्करी में गिरफ्तार किया गया था। काठमांडू पोस्ट समाचारपत्र के अनुसार, उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने ने रविवार को सोना तस्करी पर जांच आयोग की रिपोर्ट लागू करने का आदेश दिया था।

पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 8 लोगों की मौत

- आतंकी संगठन टीटीपी के ठिकानों को बनाया निशाना, दोनों देशों के बीच बढ़ा तनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की एक सैन्य चौकी में दो दिन पहले हुए बम विस्फोट मामले में अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को जवाब दिया है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों को निशाना बनाया है।

पाकिस्तान के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में स्थित पाकिस्तान तालिबान संगठन के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों की निंदा की है। वहीं, पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की है।

प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि पक्तिका के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में तीन महिलाएं और तीन बच्चे मारे गए, जबकि खोस्त प्रांत में हुए हमले में दो अन्य महिलाएं मारी गई हैं। बता दें कि दो दिन पहले उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में स्थित एक सैन्य चौकी

आतंकी संगठन द्वारा निशाना बनाया गया था। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी में घुसा दिया था। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

विश्लेषकों ने कहा कि तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से पूर्व जनजातीय क्षेत्रों में आतंकवादियों का हौसला बढ़ गया है, टीटीपी सुरक्षा अधिकारियों के खिलाफ बढ़ते अभियान चला रहा है। तालिबान पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने से इनकार करता है। तालिबान अधिकारियों ने कहा कि 2022 में पाकिस्तानी सैन्य हेलीकॉप्टरों ने सीमा के अफगान क्षेत्र में हमले किए जिसमें कम से कम 47 लोग मारे गए।

भूमि के नीचे लैब...



बीजिंग : चीन गुआंग्डोंग प्रांत के काईपिंग शहर में जियांगमैन अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो लैब (जूनो) बना रहा है। यह न्यूट्रिनो यानी एटम (परमाणु) के आकार से भी छोटे कणों का निरीक्षण करेगी। लैब जमीन से 700 मीटर नीचे 35 मीटर व्यास के गोल आकार वाले डिटेक्टर के रूप में बनाई जा रही है। यह इस साल के अंत तक बना जाएगी। यह दुनिया की पहली न्यूट्रिनो डेटा जुटाने वाली लैब भी होगी। वहीं जापान 2027 और अमेरिका की लैब 2031 में डेटा जुटाना शुरू करेगी। एजेंसी

भारत की रसमलाई दुनियाभर में दूसरा सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट

जागरेब, एजेंसी। दुनिया के सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट में भारत की रसमलाई ने अपनी जगह बनाई है। फूड एंड ट्रैवल गाइड प्लेटफॉर्म टेस्ट एटलस ने दुनिया के टॉप 10 चीज डेजर्ट की लिस्ट जारी की है। इसमें रसमलाई ने दूसरा स्थान हासिल किया।

वहीं इसमें सबसे ऊपर पोलैंड की सेर्निक मिठाई है, जो खास तरह के पनीर, अंडे और चीनी से बनती है। इसके अलावा तीसरे स्थान पर ग्रीस की सफाकियानोपिटा है, जो मलाईदार स्थानीय पनीर से भरी एक पाई डिश है। टॉप 10 में अन्य मिठाइयां: 1-सेर्निक, पोलैंड, 2- रस मलाई, भारत, 3- सफाकियानोपिटा, ग्रीस, 4- न्यूयॉर्क स्टाइल चीजकेक, यूएसए, 5- जापानी चीजकेक, जापान, 6- बास्क चीजकेक, स्पेन, 7-राकोस्जी टुरोस, हंगरी, 8- मेलोपिटा, ग्रीस, 9- कासेकुचेन, जर्मनी, 10-मीसा रेज़ी, चेक रिपब्लिक शामिल हैं।

विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

- हिमाचल प्रदेश विस के अध्यक्ष ने छह विधायकों को किया था अयोग्य घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बागी विधायकों को वोट देने और विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने की इजाजत भी नहीं दी है।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दल-बदल विरोधी कानून के तहत कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। अयोग्य घोषित किए गए विधायकों ने पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया। जिन विधायकों को अयोग्य घोषित किया

गया, उनमें सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, देवेंद्र भुट्टो, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा का नाम शामिल है। बागी विधायकों की क्रॉस वोटिंग के चलते 40 विधायकों वाली कांग्रेस को 25 सीटों वाली भाजपा के सामने राज्यसभा सीट गंवानी पड़ी थी। बागी विधायकों के खिलाफ विधायी मामलों के मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बागी विधायकों के खिलाफ याचिका दायर कर उन्हें अयोग्य घोषित करने की मांग की थी क्योंकि उन्होंने पार्टी के व्हिप का उल्लंघन किया। फैसले के के खिलाफ विधायक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, जहां से भी उन्हें निराशा हाथ लगी है।

इजराइली सेना का अल शिफा अस्पताल पर हमला, इमारत ढही

- आतंकियों के छिपे होने का दावा आईडीएफ ने आत्मसमर्पण करने का किया आह्वान

गाजा, एजेंसी

इजराइल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में सैन्य अभियान शुरू किया है। इजराइल ने दावा किया कि हमास के कुछ आतंकी अल शिफा अस्पातल में छिपे हुए हैं। इजराइली रक्षा बल(आईडीएफ) के प्रवक्ता ने सोमवार तड़के कहा कि यह ऑपरेशन एक ठोस खुफिया जानकारी के बाद किया गया।

हमारा मकसद नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के बजाए हमास के आतंकवादियों से मुकाबला करना है। आरएडीएम हगारी ने कहा कि हम जानते हैं कि हमास के वरिष्ठ आतंकवादी अल शिफा अस्पताल के अंदर फिर इकट्ठा हो गए, जिनकी मंशा इजराइल के खिलाफ एक ओर हमला करना था। आतंकवादियों के खात्में के तहत हमने यह कार्रवाई की। हम नागरिक के हितों को ध्यान में रखकर कार्रवाई करते हैं। आईडीएफ ने अस्पताल परिसर में मरीजों की सहायता के लिए अरबी बोलने वालों और चिकित्सा कर्मियों को तैनात किया है। लगातार क्षेत्र में नागरिकों की सहायता के लिए भी हम प्रतिबद्ध है। इजराइली सेना ने हमास के आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया। साथ ही इजराइल ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं का कभी भी उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। हमास नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हम अल शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के अंदर मेडिकल स्टाफ, मरीजों और विस्थापित लोगों के जीवन के लिए इस्राइली कब्जे को जिम्मेदार मानते हैं।

विज्ञान कल से शुरू होगा वसंत विषुव का आगाज, पृथ्वी का धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है

उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : कंही दिन बड़े तो कंही की रातें। बुधवार से उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने जा रहे हैं और दक्षिणी गोलार्ध मे रातें। उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव का आगाज 20 मार्च को होगा यानी दिन व रात की अवधि लगभग बराबर हो जाएगी।

पृथ्वी का अपनी धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है। अब सूर्य उत्तरी गोलार्ध में आसमान के ऊपर से अपना सफर तय करेगा।

इस वजह से उत्तरी गोलार्ध में वसंत के साथ गर्मी की शुरुआत होने जा रही है। वही दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ के साथ शरद ऋतु की शुरुआत होने जा रही है। भारतीय समय के अनुसार वसंत विषुव 20 मार्च को 8.36 बजे होगा यानी इस समय से सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में अधिक पड़ने लगेंगी। इसका अर्थ उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने लगेंगे। इसके विपरित दक्षिणी गोलार्ध में राते लंबी होनी शुरू हो जाएंगी। यह दिन भले ही दक्षिण के लिए शरद व उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव कहलाता हो, लेकिन वास्तव में यह मार्च विषुव है। यह एक ऐसा समय है, जब पृथ्वी के दोनो गोलार्द्धों में रात व दिन का समय लगभग बराबर हो जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम पृथ्वी पर कहां हैं, विषुव हमारे लिए मौसमी प्रभाव लाता है, जो दुनिया भर के प्रकृति प्रेमियों पर विशेष प्रभाव डालता है। अक्सर कहा जाता है कि आज वसंत विषुव को दिन और रात की लंबाई बराबर होती है। दरअसल इक्विनॉक्स शब्द लैटिन के एक्वस (बराबर) और नॉक्स (रात) से आया है। प्राचीनकाल में टाइम कीपिंग आज की तुलना में अधिक सटीक नही थी। जिस कारण कहा जाता था कि वसंत विषुव पर दिन और रात बराबर होते हैं। मगर वास्तविकता यह है कि ऐसा नहीं है, बल्कि दिन व रात की अवधि में क्षणिक मात्र का अंतर होता है।



दिन - रात समय चक्र का चित्र।

दक्षिणी गोलार्ध पर सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है सूर्य की रोशनी

पृथ्वी सीधी परिक्रमा नहीं करती है और यह अपनी धुरी (अक्ष) पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। इसलिए पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध मे सूर्य की रोशनी कभी सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है। जिस क्षेत्र में सीधी किरणे पड़ेंगी, वहां गर्मी होगी और इसके विपरीत दिशा में ठंड का मौसम होगा। वर्ष में दो बार विषुव होता है, जो मार्च व सितंबर में होता है।

असम में तीन से पांच लाख लोग सीएए के तहत करेंगे आवेदन

- मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब तीन-पांच लाख लोग सीएए के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे।

सीएम सरमा ने कहा कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत 7 लाख मुसलमानों और 5 लाख हिंदू-बंगालियों को बाहर रखा गया है, जो सीएए के तहत देश में नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे। सीएम ने कहा कि कई हिंदू-बंगाली अलग-अलग समय पर भारत आए थे और शरणार्थी शिविरों में रुके थे। उन्होंने कहा कि एनआरसी सूची को जब तैयार किया गया था तो 'प्रतीक हजेला' नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स के असम राज्य समन्वयक ने उनके शिविरों में रहने के प्रमाण के रूप में एक स्टाम्प पेपर को स्वीकार नहीं किया था, जिसके कारण कई हिंदू-बंगालियों के नाम एनआरसी में शामिल नहीं किए गए। सीएम सरमा ने दावा किया कि सीएए के तहत राज्य में आवेदन तीन से पांच लाख होंगे, जिसमें 10 प्रतिशत त्रुटि की संभावना होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद नहीं है। सीएम ने कहा कि इतने लंबे समय तक राजनीति में रहने के बाद राज्य पर मेरी पकड़ काफी मजबूत हो गई है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एनआरसी 31 अगस्त, 2019 को प्रकाशित हुआ। 3.4 करोड़ आवेदकों में से 19 लाख को बाहर कर दिया गया।